


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, वैलेंटाइन डे और मानसिक स्वास्थ्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष, द्वितीया विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 85, पृष्ठ 14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 22.8° अधिकतम तापमान | 11.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में साफ रहेगा धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 :46 सूर्यास्त 5 : 55

बरेली, रविवार, 11 फरवरी 2024




रणवीर की रामायण में सूर्पणखा बनेंगी रकुल...13

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

7 DAYS OPEN
MONTE CARLO
Sale Start
20% to 50%
वास्तविक छूट
वैवाहिक साड़ियाँ, सिल्क साड़ियाँ, लहंगा चुन्नी, डिजाईनर लेडीज सूट, पशमीना शाल, रेडीमेड गारमेन्ट्स, वूलन्स, लेडीज कोट, जैकिट एण्ड ट्रैक सूट, फुटवियर, जेन्ट्स एण्ड किड्स
SELECTION POINT
The Complete Family Store
दाम इतने कम कि कभी शॉपिंग खत्म ही न हो।
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

### लोकसभा चुनाव से पहले सदन में अपने आखिरी भाषण में बोले प्रधानमंत्री

# पांच साल रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के रहे, दुनिया ने देखी ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 17वीं लोकसभा के पांच वर्ष 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' वाले रहे और आज देश का यह संकल्प बन चुका है कि आने वाले 25 साल में वह विकसित भारत बनाने के इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देशवासियों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जज्बा पैदा हुआ है।

बजट सत्र और मौजूदा लोकसभा की आखिरी बैठक के अंतिम दिन सदन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आने वाले 25 वर्ष देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। राजनीतिक गहमागहमी अपनी जगह है। राजनीतिक आकांक्षा और अपेक्षा अपनी जगह हैं, लेकिन देश का संकल्प बन चुका है कि अगले 25 साल में वह इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा।' मोदी ने कहा कि ये पांच वर्ष देश में 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के थे। उन्होंने कहा कि अपनी आंखों के सामने ही 'ट्रांसफॉर्म' होते देखना दुर्लभ होता है।

प्रधानमंत्री ने 17वीं लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, महिला आरक्षण कानून बनाने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने, दंड संहिता की जगह नई न्याय संहिता लाने समेत कई विधेयकों के पारित होने का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, 'सदन ने अनुच्छेद 370 हटाया, जिससे संविधान का पूर्ण रूप से प्रकटीकरण हुआ। संविधान निर्माताओं की आत्मा हमें जरूर आशीर्वाद दे रही होगी।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'इस कार्यकाल में परिवर्तनकारी सुधार हुए, इनमें 21वीं सदी के भारत की मजबूत नींव नजर आती है।'

**आजादी के पहले पल को जीवंत रखने के लिए सेंगोल रखने का काम:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'संसद का नया भवन होना चाहिए, इसकी सभी ने चर्चा की। लेकिन ये आपका नेतृत्व है, जिसने इस काम को आगे बढ़ाया। उसी का परिणाम है कि आज देश को नया संसद भवन प्राप्त हुआ है। संसद के नए भवन में विरासत का अंश और आजादी के पहले पल को जीवंत रखने के लिए सेंगोल रखने का काम हुआ।'



#### सांसदों का आभार, पहले सत्र में 30 विधेयक पास

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का आभार जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'आपने स्थाई व्यवस्थाओं का निर्माण किया है। आपकी पहल और सभी के संयुक्त प्रयास की वजह से 17वीं लोकसभा में 97 प्रतिशत कामकाज हुआ है। यह अपने आप में प्रसन्नता का विषय है। सात सत्र तो सौ फीसदी से ज्यादा प्रोडक्टिविटी वाले रहे। आपने रात-रात भर बैठकर हर सांसद की बात को सरकार के ध्यान में रखने का प्रयास किया। मैं इस सफलता के लिए सभी सांसदों का आभार व्यक्त करता हूं। पहले सत्र में दोनों सदन में 30 विधेयक पारित किए गए। यह अपने आप में रिकॉर्ड है। नए-नए मानदंड स्थापित हुए। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का उत्सव आया। हम सभी को कितना बड़ा सौभाग्य मिला कि हमें यह अवसर प्राप्त हुआ।

▸▸ बतौर प्रधानमंत्री अपने दूसरे कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

#### सांसदों की बात में 'सबका साथ...' का मंत्र: मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, आज राम मंदिर को लेकर सदन ने जो प्रस्ताव पारित किया, वह आने वाली पीढ़ी को इस देश के मूल्यों पर गर्व करने की संवैधानिक शक्ति दे रहा है। यह सही है हर किसी में ऐसा सामर्थ्य नहीं होता है कि इन चीजों पर गर्वान्वित महसूस करे, लेकिन फिर भी इस सदन में भविष्य को लेकर जो बातें हुई हैं, उसमें संवेदना, संकल्प और सहानुभूति तीनों का समावेश है। सांसदों ने जो बातें कहीं, उनमें सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को आगे बढ़ाने का तत्व भी है।

## कश्मीर में 10 जगहों पर एनआईए का छापा

**जम्मू।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादी गतिविधियों के वित्त पोषण और युवाओं को कट्टरपंथी बनाने में कथित रूप से शामिल तत्वों के खिलाफ अपनी कार्रवाई के तहत शनिवार को यहां छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि जम्मू शहर के गुज्जर नगर और शहीदी चौक समेत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि एक निजी स्कूल और उसके अध्यक्ष समेत तीन अधिकारियों से जुड़े परिसरों पर एनआईए के अधिकारियों ने छापा मारा। 28 फरवरी, 2019 को यूएपी अधिनियम के तहत एक गैरकानूनी संघ घोषित होने के बाद भी जमात-ए-इस्लामी को जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग गतिविधियों को अंजाम देते हुए पाया गया है।

### एक नजर

#### मशहूर चित्रकार ए रामचंद्रन का 89 वर्ष की उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** चित्रकार ए. रामचंद्रन का शनिवार को यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। उनके बेटे राहुल ने को बताया कि वह पिछले कुछ समय से बीमार थे और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण आज सुबह 9 बजे उनका निधन हो गया। केरल के अतिंगल में 1935 में जन्मे रामचंद्रन अपनी शानदार चित्रकारी के लिए जाने जाते थे। उन्हें 2002 में ललित कला अकादमी का फेलो चुना गया और 2005 में उन्हें पद्म भूषण से नवाजा गया।

#### तमिलनाडु: कार ब्लास्ट में 27 जगहों पर तलाशी

**चेन्नई।** एनआईए ने कोयंबटूर में आईएसआईएस से प्रेरित होकर किए गए कार बम धमाके से जुड़े मामले में शनिवार को तमिलनाडु में कम से कम 27 स्थानों पर छापे मारे। विस्फोट के संबंध में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी ने बताया कि इस मामले का मुख्य संदिग्ध एवं आत्मघाती हमलावर जमेशा मुबीन अक्टूबर 2022 में आईईडी ले जा रहे वाहन में हुए धमाके में मारा गया था।

# लोकसभा चुनाव से पहले ही पूरे देश में लागू होगा सीएए: शाह


### गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान, कहा- इस कानून से किसी की नागरिकता नहीं छिनेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लाभार्थियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी।

सीएए के तहत केंद्र की मोदी सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित उन गैर-मुस्लिम प्रवासियों हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता प्रदान करना चाहती है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए थे। शाह ने 'ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट' में कहा, 'सीएए देश का कानून है और इसकी अधिसूचना जरूर जारी होगी। इसे चुनाव से पहले जारी किया जाएगा। इसे लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देना कांग्रेस नेतृत्व का भी वादा था।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि वह यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, जो बांग्लादेश-पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न का सामना करके आए हैं। इस कानून का किसी को विरोध नहीं करना चाहिए।'



#### लोस में शाह: राम मंदिर विरोधी हवन में हड्डी न डालें

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का विरोध करने वालों को नसीहत दी कि वे 'हवन में हड्डी' न डालें। शाह ने लोकसभा में नियम 193 के तहत श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारत में पहली बार एक संन्यासी शासक ने 11 दिन की कठोर तपश्चर्या करके श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की और आध्यात्मिक, भक्ति की चेतना जागृत करके भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा, "22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन गया है, जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वह अपने अस्तित्व को खो देते हैं। 22 जनवरी का दिन 1528 में शुरू हुए एक संघर्ष और एक आंदोलन के अंत का दिन है।"

#### सीएए के विरोध में शाहीन बाग में हुआ था धरना-प्रदर्शन

दिसंबर, 2019 में संसद द्वारा सीएए पारित किये जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में तो इसके खिलाफ महीनों धरना-प्रदर्शन चला था। अब चार साल से अधिक की देरी के बाद सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियम बनाए जाने जरूरी हैं। इसबीच अधिकारियों ने कहा कि नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है, क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। आवेदकों को वह वर्ष बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था। आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। विवादास्पद सीएए को लागू करने का वादा पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था।

# हल्द्वानी हिंसा : अधिकांश हिस्सों से कर्फ्यू हटा, मजिस्ट्रेट जांच का फैसला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में गुरुवार को हुए दंगे के बाद शनिवार को शांति बनी रही। शांति बहाल होने पर शहर के अधिकांश हिस्सों से कर्फ्यू हटा लिया गया। इसके साथ ही इंटरनेट सेवाएं भी बहाल कर दी गई हैं। शासन ने बलवे की मजिस्ट्रेटी जांच का निर्णय लेते हुए कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत को जांच सौंपी है। इस बीच पुलिस ने आज हिंसाग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया। बलवे के सिलसिले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

हल्द्वानी में शांति व्यवस्था बहाल होने के बाद शनिवार को जिला प्रशासन ने हिंसाग्रस्त बनभूलपुरा थाना क्षेत्र इलाकों और हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर शेष शहर से कर्फ्यू हटा लिया। डीएम वंदना सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह 10 बजे से नगर निगम के अंतर्गत बनभूलपुरा, वर्कशॉप लाइन, तिकोनिया-तीनपानी-गौलापार बाइपास की परिधि के अंतर्गत समूचे क्षेत्र में पूरी तरह बंद रहेगा। शेष इलाकों से कर्फ्यू नहीं रहेगा। कर्फ्यू हटने के साथ ही अधिकांश इंटरनेट सेवा प्रदाताओं ने कर्फ्यू मुक्त क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी हैं। इस बीच शासन ने इस हिंसा की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि बनभूलपुरा में हुई हिंसात्मक घटना की मजिस्ट्रेट जांच के लिए मंडलायुक्त दीपक रावत को जांच अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मंडलायुक्त रावत 15 दिनों के भीतर घटना की निष्पक्ष जांच कर आख्या शासन को सौंपेंगे। उधर, पुलिस ने शनिवार को हिंसाग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में पीएसी और पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ पुलिस ने घर-घर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान दंगे की साजिश रचने वाले पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों में दो निर्वतमान पार्षद और एक समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी का भाई है। पुलिस ने सभी को न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।



#### दंगाइयों को हिंसा भारी पड़ेगी: मुख्यमंत्री धामी



**अल्मोड़ा।** हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में हुई हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सख्त दिखे। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में दंगाइयों ने बेवजह आग से खेलने का काम किया, जो उन्हें काफी भारी पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि प्रदेश में भय और अराजकता का माहौल किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शनिवार को अल्मोड़ा पहुंचे धामी ने कहा कि सरकार न्यायालय के आदेश के बाद पूरे प्रदेश में अतिक्रमण को लेकर सघन अभियान चला रही है।

## सर्राफा कारोबारी और पुत्री की धारदार हथियार से हत्या

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में सर्राफा व्यापारी योगेश चंद्र अग्रवाल और उनकी बेटी सृष्टि के शव कमरे में फर्श पर खून से लथपथ मिले। योगेश चंद्र के सिर व गर्दन पर चोट के गहरे निशान मिले हैं।

मुहल्ला कटरा गुलाम अली में शनिवार सुबह सर्राफ योगेश चंद्र अग्रवाल (67) वर्ष और बेटी सृष्टि (27 वर्ष) के शव घर के अंदर कमरे में पड़े मिले। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार की रात किसी समय योगेश चंद्र अग्रवाल और पुत्री सृष्टि की हत्या की गई। जिस कमरे में शव मिले, उसमें सामान बिखरा हुआ था। लूट के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। एसपी ने बताया कि योगेश चंद्र के बेटे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना के खुलासे के लिए चार टीमें लगाई हैं।



योगेश चंद्र



सृष्टि

▸▸ कमरे में फर्श पर पड़े मिले योगेश चंद्र व बेटी सृष्टि के शव

## ईपीएफओ ने बढ़ाई ब्याज दरें 8.25 फीसदी की

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर शनिवार को 8.25 प्रतिशत तय की, जो पिछले तीन साल में सर्वाधिक है। ईपीएफओ के देश में 6 करोड़ से भी ज्यादा पीएफ खाताधारक हैं, जिन्हें इस फैसले का लाभ मिलेगा। वर्ष 2021-22 में ईपीएफ ब्याज दर 8.10 प्रतिशत थी। श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की 235वीं बैठक में यह फैसला लिया गया।

## एसपी आवास के बाहर युवक ने खाया जहर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

▸▸ पत्नी के ब्लैकमेल करने से उठाया आत्मघाती कदम, मौत

▸▸ डेढ़ माह पूर्व कोर्ट मैरिज करने वाली पत्नी ने भी जहर खाया

**अमृत विचार:** ससुरालियों के उत्पीड़न से परेशान युवक की पुलिस ने नहीं सुनीं तो शनिवार को युवक ने एसपी आवास के बाहर जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक की बरेली ले जाते समय मौत हो गई। परिजनों ने पत्नी व उसके मायके वालों की प्रताड़ना और पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर आत्मघाती कदम उठाने की बात कही है। इधर, शाम को पति की मौत के बाद पत्नी ने भी जहर खा लिया। उसकी हालत गंभीर है। उसे बरेली रेफर किया गया है।

घटना शनिवार दोपहर करीब 12 बजे के बाद की है। सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम नौगवां पकड़िया निवासी ओमवती ने बताया कि उसका पुत्र प्रदीप (27) पुत्र गुलाबी राम ड्राइवर था। डेढ़ माह पहले उसने जहानाबाद क्षेत्र की एक युवती से कोर्ट मैरिज की थी। कुछ दिन साथ रहकर पत्नी अलग रहने लगी। आरोप है कि परिवार की पुलिस से झूठी शिकायतें की जा रही थीं। ब्लैकमेल किया जा रहा था कि पांच लाख दे दो और तलाक ले लो। पुत्रवधू और उसके मायके वाले कई बार मारपीट भी कर चुके थे। शुक्रवार को भी कचहरी के पास बेटे प्रदीप की पुत्रवधू और उसके पिता व अन्य ने पिटाई की थी। कई दिन से बेटा प्रदीप पुलिस के चक्कर लगा रहा था, लेकिन पुलिस में नहीं सुनी।

शनिवार सुबह रोज की तरह करीब 9.30 बजे घर से निकला और दोपहर में एसपी आवास के बाहर जहर खा लिया। युवक के बेसुध हालत में मिलने पर पुलिसकर्मी आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजन प्रदीप को रेफर कराकर निजी अस्पताल ले गए। फिर बरेली ले जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गई। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी संजीव शुक्ला ने परिवार से वार्ता कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के लिए तहरीर मांगी है। इधर, एसपी अतुल शर्मा ने आवास या आवास के बाहर जहर खाने की बात को गलत बताया है।



मृतक प्रदीप कुमार।

## आचार्य प्रमोद कृष्णम छह साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को अपने वरिष्ठ नेता और कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम को अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस के टिकट पर लखनऊ सीट से 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ने वाले कृष्णम को लेकर पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे कि वह निकट भविष्य में कांग्रेस से अपनी राह अलग कर सकते हैं। इससे पहले कि वह निर्णय लेते, पार्टी ने ही उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक बयान में कहा, "अनुशासनहीनता की शिकायत और पार्टी के खिलाफ बार-बार बयानबाजी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रमोद कृष्णम को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित करने के उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।"



▸▸ कल्कि पीठाधीश्वर पर लगाया अनुशासनहीनता का आरोप

## काशीपुर में पति ने शिक्षिका को निर्वस्त्र कर दोस्तों संग कार में घुमाया, मामला दर्ज

संवाददाता, काशीपुर

▸▸ आखिर में रामपुर के चौखंडी में छोड़कर हो गए फरार

**अमृत विचार :** एक शिक्षिका को उसके ही पति और दोस्तों ने अपहरण कर निर्वस्त्र कार में घुमाया और बाद में उसे रामपुर जिले के चौखंडी में उसके एक रिश्तेदार के यहां छोड़कर भाग गए। पीड़िता ने इसकी तहरीर पुलिस में दी तो पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना आईटीआई निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बाजपुर रोड स्थित एक पॉश कॉलोनी में अपनी मां के साथ रहती है और रामनगर रोड स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षिका है। उसकी पति के साथ अनबन चल रही है। 8 फरवरी को वह रोजाना की भांति स्कूटी से स्कूल जा रही थी। तभी कार में सवार उसके पति और पति के कनकपुर, दढ़ियाल रोड के दो दोस्तों ने उसकी स्कूटी रोक दी और रिवाल्वर के दम पर उसे घसीटकर कार में बैठा लिया।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस दौरान तीनों ने उसके कपड़े फाड़ उसे निर्वस्त्र कर दिया। विरोध करने पर उस पर रिवाल्वर के बट से प्रहार किया। वे लोग उसे पहले बाजपुर, फिर स्वार ले गए। रास्ते में शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में कार को चौखंडी, रामपुर ले गए और उसके एक रिश्तेदार के यहां छोड़कर भाग गए। घटना की सूचना मिलने पर उसके परिजन उसे घर लेकर आए।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने दलजीत सिंह, गोपी व मंडा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

# आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे ट्रिलियन: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ विधानसभा में योगी और अखिलेश के बीच जमकर चला शब्दों का घमासान

▸▸ योगी ने कहा, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा, आप फटे दूध की तरह

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच शनिवार को विधानसभा में बजट सत्र के आखिरी दिन जमकर शब्दों का घमासान देखने को मिला। योगी ने शायराना अंदाज में निशाने पर लेते हुए कहा, 'आपने दिया फेल्योर स्टेट, हमने बनाया सेक्योर स्टेट, आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे वन ट्रिलियन।'

भारत रत्न से सम्मानित चौ.चरण सिंह का नाम अखिलेश द्वारा न लेने पर इसे किसानों के अपमान से जोड़ा। योगी कहा कि आप फटे दूध की तरह हैं, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा। मुख्यमंत्री ने बजट को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने वाला बताते हुए कहा कि राज्य सरकार टैलेंट, ट्रेडिशन, ट्रेड, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी के मंत्र को अपनाकर मिशन मोड में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। सकल पदारथ एहि जग माही... तुलसीदास की चौपाई सुनाते हुए कहा कि पहले की सरकारों में कर्महीनता थी, अब प्रदेश सर प्लस स्टेट बन गया है। 2017 से पहले राज्य के नेतृत्व में कुछ भी करने की जिजीविषा नहीं थी। हमारी सरकार ने प्रदेश के बजट को 7 वर्षों के अंदर दोगुना तक बढ़ा दिया।

योगी ने कहा कि 2017 में पहला बजट भी प्रभु श्रीराम को साक्षी मानकर प्रस्तुत किया था, अब आठवां बजट भी भगवान राम के श्री चरणों में समर्पित है। रहीमदास का दोहा सुनाते हुए कहा, 'रहिमन फाटे दूध को मथे न माखन होय... नेता प्रतिपक्ष की आज यह स्थिति हो चुकी है कि कोई साथ में आने को तैयार नहीं है। सबको मालूम है कि पता नहीं किसको धोखा दे दें।' किसी ने शिवपाल का नाम लिया तो, योगी ने कहा कि चाचा तो जानते ही थे कि असल में क्या होने जा रहा है। योगी ने अपने भाषण में चरण सिंह का नाम न लेने पर अखिलेश पर हमला करते हुए कहा कि चौधरी साहब का सम्मान किसानों का सम्मान है।

#### काशी-मथुरा में सपा ने बंद किया था ताला

पहले की सपा सरकार पर आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि काशी में भी उसी ने ताला बंद करवाया था और कृष्ण जन्मभूमि में भी पीछे जो पार्क है, उसका भी ताला बंद कर दिया था। दोनों ताले हमारी सरकार ने खुलवा दिए हैं।

#### पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लें: योगी

योगी ने अखिलेश पर चुटकी लेते हुए कहा कि सीएम रहते न नोएडा गए होंगे, न बिजनौर। उनको डर लगता था कि पता नहीं कब हट जाएंगे, पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लें। हम तो नोएडा गए और रात्रि में बिजनौर में भी रुकते थे।

## एक नजर

### बैठक में की संगठन विस्तार को लेकर चर्चा



**पुवायां।** सहकार भारती के जिला उपाध्यक्ष अतुल सिंह के आवास पर शनिवार को संगठन विस्तार को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष सर्वेश त्रिवेदी ने की। बैठक के मुख्य अतिथि सामाजिक सद्भावना प्रमुख डॉ. राकेश मिश्रा व विहिप जिलाध्यक्ष केके गुप्ता रहे। बैठक में संगठन विस्तार के साथ कुछ नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई और उनका स्वागत किया गया। इस दौरान सहकार भारती विभाग संयोजक दिग्विजय सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में श्रीकांत मिश्र, सुमित सिंह, नवनीत मिश्र, विजय सिंह, अंकित सिंह, रघुवीर समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।


### सब्जी बाजार में अधिक कर वसूली का आरोप

**खुदागंज।** नगर के सब्जी बाजार में दुकानदारों ने अवैध रूप से कर वसूली किए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। दुकानदारों ने बताया कि बाजार में वह लंबे समय से अपनी सब्जी की दुकान लगाते हैं जहां कोई फिक्स रेट लिस्ट नहीं है परंतु उनसे अवैध रूप से100 से डेढ़ सौ रुपये प्रतिदिन कर के रूप में वसूली की जा रही है। उन्होंने मामले में जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत करने वालों में राजकुमार, राम बहादुर, रामविलास, रामदीन, रहमदुल्ला, फकीरे, साबिर, मेबाराम, हरिराम, रामलाल, श्रीपाल, शिवकुमार, राम बहादुर, जगवीर, शिवराम आदि हैं।

# आजादी तो मिली...पर नहीं मिली फर्रुखाबाद-मैलानी रेल लाइन

## 150 किमी लंबी रेल लाइन का सर्वे पूरा होने के बाद भी परियोजना पर नहीं हुआ कार्य, राज्यसभा सांसद व कई मंत्रियों ने संसद में उठाया मुद्दा

पारुल मिश्रा, खुटार





आजादी से पहले अंग्रेजी हुकूमत के दौरान इन्ही पुलियों से होकर गुजरती थी फर्रुखाबाद-मैलानी ट्रेन। ● अमृत विचार



खुटार में बना रेलवे का टिकट घर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अंग्रेजी हुकूमत के समय फर्रुखाबाद-मैलानी रेल लाइन हुआ करती थी। 1918 में पाकिस्तान के बसरा में अंग्रेजों की लड़ाई में रेल लाइन और रेलगाड़ी की जरूरत पड़ने पर लाइन को उखड़वा कर बसरा भेज दिया गया था। आजादी के बाद से साल दर साल हुए चुनावों में रेल लाइन निकलवाने का दावा सरकारें करती रही। इंतजार में कई दशक गुजर गए और लोगों की उम्मीदों पर पानी फिरता चला गया। अब तक कई सरकारें बदली लेकिन खुटार वासियों को निराशा ही हाथ लगी है।

रेल लाइन फर्रुखाबाद से शाहजहांपुर, पुवायां, खुटार, मैलानी तक होने से लोगों को व्यापार आदि मिलता था। आजादी के बाद लोगों ने रेल लाइन की मांग की। वर्ष 1955 में रेल लाइन का सर्वे कराया गया। लेकिन जनप्रतिनिधियों ने इस ओर कोई खास ध्यान नही दिया। सन 1988 में केंद्र में विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व वाली सरकार में क्षेत्रीय सांसद मेनका गांधी को मंत्रिमंडल में शामिल कर महत्वपूर्ण मंत्रालय सौंपा गया था, तो क्षेत्र की जनता में उम्मीद जगी थी। मेनका गांधी ने रेल लाइन के लिए काफी प्रयास कर रेल लाइन के लिए सर्वे भी कराया। लेकिन सरकार बदलने के बाद फिर से निराशा ही हाथ लगी। तकरीबन वर्ष 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार बनी थी। उस समय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री कृष्णाराज ने सर्वे कराया था। इसके बाद पूर्व सांसद मिथिलेश कुमार और विधायक चेतराम ने भी आश्वासन दिया था। लेकिन हर किसी के दावे फेल होते नजर आ रहे है। अब वर्तमान में पूर्व सांसद मिथिलेश कुमार राज्यसभा सांसद है। उनके राज्यसभा सांसद बनने पर मिथिलेश कुमार ने प्रथम आगमन पर खुटार के एक पैलेस में बैठक कर रेल लाइन का प्रस्ताव पास कराने की बात कही थी और जल्द ही रेल लाइन को बिछवाने का आश्वासन दिया था। जिससे लोगों में आशा की किरण बंधी हुई है। बता दें वर्ष 1918 में पाकिस्तान के बसरा में अंग्रेजों की लड़ाई में रेल लाइन और रेलगाड़ी की जरूरत पड़ने पर लाइन को उखड़वा कर बसरा भेज दिया गया था।

**▸▸ अंग्रेजी हुकूमत के समय उखड़वा दी गई थी रेल लाइन, अभी भी उम्मीद में हैं क्षेत्रवासी**

### जब दौड़ेगी रेलगाड़ी तो किसानों को मिलेगी राहत

फर्रुखाबाद-मैलानी रेल लाइन निकलने से लोगों को काम और आने-जाने की सुविधा का पूरा लाभ मिलेगा। किसानों को भी राहत मिलेगी। किसान बीज लेने, छोटे मोटे कामों को पूरा करने के लिए कम खर्च के सहारे रेल लाइन से जा सकेंगे। अगर जनप्रतिनिधि रेल लाइन के लिए प्रयास करें तो बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा।

### अंग्रेजी हुकूमत में बना खुटार में टिकट घर अब हो गया जर्जर

फर्रुखाबाद से शाहजहांपुर, पुवायां, खुटार, मैलानी तक रेल लाइन निकली थी। अंग्रेजी हुकूमत के समय का टिकट घर अभी भी खुटार में बना हुआ है। हालांकि अब वह काफी जर्जर अवस्था में पहुंच गया है। खुटार पुवायां मार्ग पर गोमती नदी के पास रेल लाइन का जर्जर पुल भी बना है। खुटार के ब्लॉक संसाधन केंद्र के पास टिकट घर बना है। जो कई दशकों से खाली पड़ा है।

### जिले की हर सीट पर सत्ताधारी पार्टी काबिज फिर भी रेल लाइन को तरस रहे लोग

जिले में कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जितिन प्रसाद, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, राज्यमंत्री जेपीएस राठौर, सांसद अरुण सागर, दर्जा राज्यमंत्री सुरेंद्र वाल्मीकि, इफको के बलवीर सिंह, विधायक चेतराम, स्नातक विधायक जयपाल व्यस्त, विधान परिषद एमएलसी सुधीर गुप्ता, स्नातक एमएलसी डॉ हरि सिंह ढिल्लो, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव और आदि सदस्य, महापौर शामिल है। अगर जिम्मेदार रेल लाइन का प्रयास करें, तो शायद कई दशकों से देखा गया सपना पूरा हो पाए।

### रेल लाइन पर कई स्थानों पर लोगों ने किया अवैध कब्जा, अधिकारियों ने नहीं दिया ध्यान

रेल लाइन उखड़ने के बाद कई स्थानों पर लोगों ने कब्जा जमा लिया है। जबकि जिम्मेदार अधिकारियों ने खाली पड़ी जमीन पर ध्यान नही दिया। मैलानी से रेल लाइन निकलती हुई तिकुनियां गोला हाइवे पर स्थित जंगल किनारे भुईहार बाबा स्थान के पास से होकर खुटार, पुवायां, शाहजहांपुर और फर्रुखाबाद तक रेल लाइन निकलती थी। भुईहार बाबा के पास रेल लाइन की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। इसके अलावा जिम्मेदार अधिकारियों ने रेल लाइन की जमीन पर कब्जा करने वालो के खिलाफ कोई खास शिकंजा नही कसा। जिस कारण कब्जा होता चला गया।

### क्या कहते हैं लोग



अंग्रेजी शासन काल में इस रूट पर रेल पथ के अवशेष आज भी मौजूद हैं। रेलमार्ग के अभाव में क्षेत्र विकास के मामले में पिछड़ा है। बसों के अनियमित आवागमन एवं सड़क यातायात पर जाम के झाम के कारण जिला मुख्यालय पहुंचने में कई-कई घंटे लग जाते हैं।

**-विकास मिश्र,** शिक्षक एवं पूर्व सभासद



क्षेत्र की जनता द्वारा रेलवे लाइन के लिए लम्बे समय से मांग की जा रही है। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिले के तीन मंत्री व विधायक सत्ताधारी दल के होने के बावजूद क्षेत्र में रेलवे लाइन का न होना दुर्भाग्य पूर्ण है। रेलवे लाइन का निर्माण होने से लोगों का सफर आसान हो जाएगा।

**-गुरुसेवक सिंह,** खुटार

### बोले राज्यसभा सांसद प्रयासों को लगेंगे पंख



राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने बताया कि उन्होंने 2 अगस्त, 2022 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और इस संबंध में पत्र सौंप कर रेल लाइन के कार्य को प्रारंभ करने का अनुरोध किया। 22 दिसंबर, 2022 को राज्यसभा के सदन में इस मुद्दे को उठाया था। इसके बाद 28 जुलाई, 2023 को रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से मिलकर रेलवे लाइन से संबंधित पत्र सौंप कर कार्य को जल्द से जल्द करने हेतु मुलाकात की। तो वहीं, डीआरएम मुरादाबाद ने पत्र द्वारा अवगत कराया की सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है और शेष कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। जिससे रेल लाइन का सपना पूरा हो सके।

# जनपद में खिलाई गई फाइलेरिया की दवा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाते जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह।

**अमृत विचार:** जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह ने शनिवार को आइडीए अभियान के तहत भावलखेड़ा ब्लॉक के जमुका गांव में कंपोजिट विद्यालय में फाइलेरिया रोधी दवा बच्चों को खिलाकर बूथ का उद्घाटन किया। इस दौरान कंपोजिट विद्यालय में 86 बच्चों और जमुही गांव में प्राइमरी विद्यालय में 109 बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई। डीएमओ ने कहा कि आशा कार्यकत्री घर-घर जाकर बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलवाए।

यह दवा दो साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं व मरीजों को नहीं खिलाई जाएगी। फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है और इसे दवा खाकर रोका जा सकता है। दवा खिलाने के लिए 934 टीमें बनाई गई है। इस अवसर पर देवेंद्र कुमार, अभय नारायण, रोली राजवंशी, शैफाली, कुसुम, कुंती देवी, सुनीता पांडे आदि मौजूद रहे। इधर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आवास एवं विकास परिषद कॉलोनी बरेली मोड़ की टीम ने शनिवार को क्षेत्र के करीब 10 विद्यालयों में 170 विद्यार्थियों को दवा वितरित की गई। शनिवार को पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शुएब अली के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्राथमिक विद्यालय नवादा इंदेपुर, सागर पब्लिक स्कूल, प्राथमिक विद्यालय बाला तिराही, प्राथमिक विद्यालय मेहमान शाह समेत इलाके के 10 विद्यालयों में फाइलेरिया की दवा का सेवन कराया।

**▸▸ विभाग ने दवा खिलाने के लिए बनाई 934 टीमें**

### क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है फाइलेरिया

डॉ. शुएब अली ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है। जिसे हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। इसके लक्षणों में बुखार, हाथ पैर में दर्द, सूजन तथा पुरुषों के जननांग में उसके आसपास दर्द आदि शामिल हैं। फाइलेरिया की दवा परजीवियों को मार देती है। मरते हुए परजीवियों की प्रतिक्रिया स्वरूप कभी-कभी शरीर में दर्द, सर दर्द, बुखार उल्टी तथा बदन में चकते पड़ने जैसी मामूली प्रतिक्रिया देखने को मिलती हैं। इससे घबराना नहीं चाहिए। यह लक्षण स्वत: ही ठीक हो जाएंगे।

इस मौके पर तैय्यब अली, आशा संगीता, उर्मिला आदि मौजूद रहीं।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की सीएमओ ने दवा खिलाकर की शुरुआत

**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन ददरौल ब्लॉक के अकर्रा रसूलपुर गांव के कंपोजिट विद्यालय में सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने किया। उन्होंने बच्चों को अपने सामने दवा खिलाकर अभियान की शुरुआत की। कहा कि दवा बच्चों को खाली पेट नहीं खिलानी चाहिए। साथ ही बीमार बच्चों को दवा न खिलाए। बताया कि पेट में कीड़े बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते है। पेट में कीड़े रहने से बच्चों का स्वास्थ्य सही नहीं रहता है। बच्चे कई तरह की बीमारियों का शिकार हो जाते है। बच्चों को एनीमिक और कुपोषित होने का एक बड़ा कारण पेट के कीड़े ही है। यह कीड़े मनुष्य की आंत में रहते है। नोडल अधिकारी डॉ. गोविंद ने बताया कि जिले में दोसे 19 वर्ष तक के साढ़े 11 लाख बच्चों किशोर, किशोरियों को दवा खिलाई जाएगी। इस अवसर पर कोआर्डिनेटर रुचिका वर्मा, प्रेमपाल गंगवार, मुदित सेठ आदि मौजूद रहे।

# वोट डालने के लिए किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**▸▸ जीएफ कॉलेज में प्राचार्य ने जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना**

**▸▸ बोले वक्ता- स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी, जरूर निकलें वोट डालने**

**अमृत विचार:** जीएफ कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों ने शनिवार को एक दिवसीय शिविर लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के लक्ष्य गीत से की गई। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक ने कहा कि मतदान स्वस्थ लोकतंत्र के लिए बहुत ज़रूरी है इसलिए चुनाव में सभी मतदाताओं को वोट अवश्य डालना चाहिए।

प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक वर्ष देश में लाखों युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाता है। ऐसे में युवाओं की जिम्मेदारी बनती है कि वह राष्ट्रहित में वोट डालने जरूर जाएं और घर के अन्य सदस्यों को भी प्रेरित करें। महाविद्यालय इलेक्टोरल क्लब के प्रभारी डॉ. खलील अहमद ने स्वयंसेवियों को एनवीएसपी, वोटर पोर्टल और वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐप पर निर्वाचन से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध हैं, साथ ही वोट बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। डॉ. रईस अहमद ने कहा कि मतदान प्रत्येक व्यस्क नागरिक का अधिकार है। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने जागरुकता रैली भी निकाली।

प्राचार्य ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से मलिन बस्ती में लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद शोएब, डॉ. कौसर जमाल, डॉ. समन जहरा जैदी समेत सनी, जाहिद आलम, पूजा यादव, ऐनुल हुदा, वीनीश, फरमान चिश्ती, श्रृष्टि, शिखा आदि का सहयोग रहा।



जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक।

### छात्राओं ने रैली निकाल दिया मतदान का संदेश

**तिलहर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय के एक दिवसीय एनएसएस शिविर के अंतर्गत छात्राओं ने ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। शनिवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंकिता कनौजिया व नरेश पाल के निर्देशन में महाविद्यालय से लक्ष्य गीत के साथ मतदाता जागरूकता अभियान में छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। उन्होंने बिलहरी गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान करने के महत्व की ग्रामीणों को जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने नारे के बीच आधी रोटी खाएंगे वोट डालने जाएंगे के साथ जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि सारे काम छोड़कर मतदान अवश्य करें। इसके बाद प्रभारी प्राचार्य डॉ. सरन पाल सिंह के निर्देशन में नए मतदाताओं को युवाओं ने जागरूक किया। इस दौरान रेनू गंगवार, सोनम, अर्पिता, रचना यादव, रेनू वर्मा, डोली देवी, शशि देवी, सुषमा, रजनी, डॉ. शशी भूषण, विशाल, दिनेश आदि मौजूद रहे।




जागरुकता रैली निकालतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# आठ हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**▸▸ लखनऊ में 19 को होने वाली जीबीसी के लिए तैयारियां तेज**

**अमृत विचार:** लखनऊ में 19 को होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला उद्योग केंद्र की ओर से जीबीसी में 6700 करोड़ का निवेश होने का अनुमान बताया जा रहा है। निजी औद्योगिक पार्क के लिए जिगनेरा में जमीन का चयन हो गया है।

कांट- जलालाबाद रोड पर जिगनेरा गांव के पास निजी औद्योगिक पार्क, सीएनजी व बायो सीएनजी प्लांट जैसे बड़े प्रोजेक्ट की सौगात मिलेगी। औद्योगिक इकाइयों में करीब आठ हजार लोगों को रोजगार देने का दावा किया जा रहा है। उद्योग केंद्र की मानें तो अभी तक 95 निवेशक 6700 करोड़ रुपये का निवेश करने को तैयार हैं। फरवरी 2023 में आयोजित इंवेस्टर्स समिट में 78 हजार करोड़ रुपये के निवेश के लिए ओएमयू साइन किए गए थे। निवेश सारथी पोर्टल पर आवेदन के बाद निवेशकों की संख्या लगातार घटती-बढ़ती रही। जिले में पांच हजार करोड़ रुपये का निवेश कर लखनऊ की लेटेस्ट अप्रैल प्लस कंपनी अजीजपुर जिगनेरा गांव में एमएसएनई पार्क बनाने जा रही है।

# दलदल वाले रास्ते से गुजरने को लोग मजबूर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**▸▸ लोक बिहार कॉलोनी के लोगों ने सड़क को लेकर किया प्रदर्शन**

**अमृत विचार:** लोक बिहार कॉलोनी के लोगों ने शनिवार को पक्की सड़क के लिए प्रदर्शन किया और डूडा के अधिकारियों से जल्द से जल्द सड़क बनवाने की मांग की। नगर क्षेत्र के अहमदपुर नियाजपुर मोहल्ले में शराब ठेका बाली गली में पिछले कई सालों से कच्ची रास्ता पड़ी है।

कॉलोनी के दर्जनों लोगों ने समस्या को कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कुछ नहीं हुआ। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना से शिकायत की, तो कुछ दिनों बाद डूडा के तत्कालीन परियोजना अधिकारी अतुल पाठक ने मंत्री से शिलान्यास कराकर सड़क बनवाने का कार्य शुरू करा दिया, लेकिन कुछ दिनों बाद केवल नाली की ईंट लगाकर कार्य बंद कर दिया गया।

करीब दो साल बीतने के बाद भी कार्य शुरू नहीं किया जा सका, जिससे लोगों को कई तरह की परेशानियों से सामना करना पड़ता है। जरा सी बारिश में कच्ची रास्ता दलदली हो जाती है, जिस कारण लोग किसी तरह निकलते हैं।

मोहल्ले के लोगों ने फिर से मंत्री सुरेश खन्ना से गुहार लगाई है। उसके बाद मोहल्ले के लोगों ने सड़क निर्माण के लिए धरना प्रदर्शन किया। समस्या को लेकर शनिवार को स्थानीय लोगों ने सड़क पर निकल कर डूडा विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। कॉलोनी का मुख्य रोड जाम करने का प्रयास किया तो कॉलोनी के बुजुर्गों ने ही प्रदर्शन कर रहे लोगों को किसी तरह समझाया।

सड़क बनाने के लिए कई स्थानों से संबंधित प्रस्ताव भेजे गए हैं। बहुत जल्द सड़क बना दी जाएगी।

**-एसके सिंह,** कार्यवाहक परियोजना अधिकारी डूडा

# सटीक जवाब, चित्र बना हासिल करें अच्छे अंक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**▸▸ भौतिक विज्ञान विशेषज्ञ प्रतीक्षा पांडेय ने परीक्षार्थियों को दिए सफलता के टिप्स**

**▸▸ विषय विशेषज्ञ ने कहा- टाइम टेबिल बनाकर सभी विषयों को समय देना जरूरी**

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा में अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं। यह समय परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को पूरी एकाग्रता के साथ तैयारी करने का है। परीक्षार्थियों को एक-एक अंक के लिए प्रयास करना चाहिए। प्रत्येक अंक उनके जीवन के लिए महत्वपूर्ण होगा। परीक्षा में किस प्रकार तैयारी करें और क्या-क्या तैयार करें, इसके लिए विषय विशेषज्ञों ने टिप्स दिए है।

जनता इंटर कॉलेज की भौतिक विज्ञान की अध्यापिका प्रतीक्षा पांडेय ने बताया कि हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए परीक्षार्थियों को अपने विषय पर ध्यान देना शुरू कर देना चाहिए। खासतौर पर भौतिक विज्ञान का टाइम टेबल बनाकर चित्रों पर भी फोकस करें। इससे उन्हें अपेक्षा से कहीं अधिक अंक मिलि सकते हैं। इस तरह एक-एक विषय पर टाइम टेबिल बनाकर तैयारी की जाए। नया तैयार करने के बजाय जो पढ़ा है, उसी का रिवीजन करें और लिखने का अभ्यास अधिक करें। अच्छे अंकों के लिए विद्यार्थियों को चित्र पर ज्यादा ध्यान देना होगा। कुछ डेरिवेशन ऐसे होते हैं, जो चित्र के सहारे ही सिद्ध किए जाते हैं। सवाल का जवाब लिखते समय चित्र जरूर बनाएं, इससे 30 से 40 प्रतिशत तक अतिरिक्त अंक प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि तैयारी करते समय पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों को निर्धारित समय से हल करने का प्रयास करें। अभ्यास के लिए अन्य प्रकाशन के मॉडल पेपर का प्रयोग करें व मॉडल पेपर में तरीके को भी समझें। प्रश्नों को हल करते समय प्रमुख बिंदुओं को अंडरलाइन करें। अनसॉल्वड प्रश्न पत्र का प्रयोग करें, उसे हल करने का अभ्यास करें।



प्रतीक्षा पांडेय

### परीक्षार्थी इन बातों का रखें ध्यान

- प्रश्नपत्र मिलने के बाद उसे अच्छे से पढ़ें और उसके बाद ही उत्तर दें।
- बिना कोई तनाव लिए बोर्ड परीक्षा की तैयारी करें।
- नया पढ़ने के बजाय पुराने के अभ्यास पर विशेष ध्यान दें।
- प्रश्न पत्र को समय के हिसाब से विभाजित करें।
- आवश्यकता पड़ने पर चित्र बनाकर उत्तर दें।

# डीएम से की भूमि से कब्जा हटवाने की मांग

**खुटार, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत दिलीपपुर प्रधान धर्मेंद्र कुमार और क्षेत्र पंचायत सदस्य सुशीला देवी ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि गांव में सरकारी राशन की दुकान स्वीकृत हुई है। हल्का लेखपाल ने गांव में खाली पड़ी आबादी की भूमि चिन्हित की थी। उसमें निर्माण कार्य होना था। 22 जनवरी 2023 को निर्माण कार्य शुरू करने का प्रयास किया गया था। लेकिन गांव के कुछ लोगों ने निर्माण कार्य को रुकवा दिया था। उस भूमि पर दीवार खड़ी कर दी और कब्जा करने का प्रयास किया। शिकायत के नायब तहसीलदार ने जांच की। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले में जिलाधिकारी से शिकायत की गई है। उधर, कब्जा करने वालों ने गुरुद्वारा की भूमि बताकर राशन की दुकान बनने से मना कर दिया।

**मेहनत से मिलेगा मुकाम** — 22 से होने वाली हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा की तैयारी में जुटे बच्चे

# बोर्ड परीक्षा के लिए तैयारियां तेज, कराया जा रहा अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा नजदीक आते ही छात्र-छात्राओं को ज्यादा से ज्यादा समय देकर सिलेबस का अभ्यास कराया जा रहा है, ताकि छात्र - छात्राएं प्रश्नों के उत्तर आसानी से लिख सकें।

22 फरवरी से हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं, इन्हें देखते हुए स्कूलों में पढ़ाई को लेकर माहौल बना हुआ है। निरंतर अभ्यास के लिए बताया जा रहा है।

ब्लॉक भावलखेड़ा के क्षेत्र के अंतर्गत आली ज्ञानदीप इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रिया सिंह का कहना है कि विद्यालय में व्यवस्थित तरीके से कक्षा 10 और 12 तक की सभी छात्र-छात्राओं का पाठ्यक्रम दिसंबर आखिर माह में ही पूर्ण कराया जा चुका है। छात्र-छात्राओं को उनकी बौद्धिक क्षमता के अनुसार तीन श्रेणियां में बांटा गया है। इसमें निम्न, मध्यम, उच्च और मध्यम वर्ग की छात्र - छात्राओं को अतिरिक्त कक्षा में महत्वपूर्ण प्रश्नों को बताया जा रहा है। बच्चों को हर विषय की तैयारी के लिए सभी अध्यापक महत्वपूर्ण सवालों के साथ-साथ बार-बार लिखने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं और उसके साथ ही हाई स्कूल के जो बच्चे पहली बार बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे हैं, उन्हें बोर्ड कॉपी पर कैसे लिखना है उसके लिखने का तरीका भी बताया जा रहा है।

### बोले परीक्षार्थी, स्कूलों में शिक्षक करा रहे अभ्यास



सभी शिक्षक हम सबको बहुत ज्यादा अभ्यास करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, उसके साथ-साथ ही नोटबुक पर अभ्यास करने के लिए कहते हैं। ताकि आसानी से उत्तर याद हो सकें।

**-श्रेया सक्सेना,** छात्रा हाईस्कूल



बोर्ड परीक्षा में हम पहली बार सम्मिलित होने जा रहे हैं, अध्यापक हमें बोर्ड कॉपी पर कैसे लिखा जाए ,उसका लिखने का तरीका और महत्वपूर्ण सवालों का अभ्यास बताया जा रहा है।

**- आशीष कुमार,** छात्र हाईस्कूल




सिलेबस लगभग दिसंबर के आखिर में ही पूरा हो चुका था। उसके बाद से ही सभी विषयों का रिवीजन का कार्य चल रहा है। जहां कुछ समझ में नहीं आता है, तो अध्यापक सहयोग कर रहे हैं।

**- दीपक कुमार,** छात्र इंटरमीडिएट



सिलेबस पूरा हो चुका था। बार-बार अभ्यास करने के लिए हमारे विद्यालय के अध्यापक लोग हमें बता रहे हैं। बोर्ड कॉपी में कैसे क्या लिखना है उसके लिखने का भी सही तरीका बता रहे हैं।

**- कुमकुम,** छात्रा इंटरमीडिएट

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

### खीरी के युवक द्वारा जालसाजी कर राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने का मामला

# हर्षित को मेडिकल कॉलेज में मिला दाखिला रद्द, पुलिस कर सकती है गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- प्रवेश परीक्षा में बैठने वाले की तलाश में जुटी पुलिस, रैकेट होने का संदेह गहराया

**अमृत विचारः** जालसाजी कर बीएससी नर्सिंग में प्रवेश लेने वाले हर्षित राठौर का प्रवेश राजकीय मेडिकल कॉलेज ने रद्द कर दिया है। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद कॉलेज प्रशासन ने यह कदम उठाया है। दूसरी ओर पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी को प्रयास शुरू कर दिए हैं। हर्षित के प्रवेश के पीछे मेडिकल से जुड़ा रैकेट हो सकता है। पुलिस इस दिशा में भी जांच कर रही है। आरोपी की तलाश जारी है। साथ ही हर्षित की जगह विश्वविद्यालय में परीक्षा देने वाले जालसाज की भी तलाश की जा रही है।

राजकीय मेडिकल कालेज को वर्ष 2023 में बीएससी नर्सिंग की मान्यता मिली थी। यहां 60 सीट हैं। जुलाई 2023 में लखनऊ की अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा हुई थी। 29 दिसंबर को विश्वविद्यालय प्रबंधन ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित अभिलेखों का मिलान करने के आदेश दिए थे। 30 दिसंबर को प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने जब जांच कराई तो लखीमपुर खीरी के हैदराबाद क्षेत्र के भल्लियां बुजुर्ग गांव निवासी हर्षित राठौर का फोटो प्रवेश परीक्षा के दौरान लगे फोटो से अलग मिला। जिसकी रिपोर्ट विश्वविद्यालय को भेजी गई। वहां से गड़बड़ी की पुष्टि हुई। उप प्रधानाचार्य डॉ. अपर्णा पांडेय ने कांट पुलिस को तहरीर दी, जिसके आधार पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई। उधर रिपोर्ट दर्ज होने के पहले से ही हर्षित कॉलेज नहीं आ रहा था। जिसके चलते उसकी अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। दूसरी ओर कॉलेज प्रशासन ने उसका प्रवेश रद्द कर दिया है। अब इस सीट पर किसी अन्य पात्र को प्रवेश देने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि किसी अन्य को प्रवेश देना है या नहीं यह फैसला यूनिवर्सिटी के स्तर पर लिया जाना है। कॉलेज की ओर से प्रवेश रद्द कर रिपोर्ट विवि को भेजी जा रही है।

### खंगाला जाएगा मेडिकल रैकेट वाला एंगल

पुलिस अधिकारियों के अनुसार जिस तरह फर्जीवाड़ा कर शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लिया गया है। इसी तरह अन्य कॉलेजों में भी प्रवेश हो सकते हैं। संभव है कि इस धोखाधड़ी के पीछे मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश दिलाने वाला पूरा रैकेट हो। अब पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि पूरे रैकेट का पर्दाफाश किया जाए। साथ ही हर्षित की जगह पर बैठकर परीक्षा देने वाले छात्र की भी तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस के पास अभी तक उसका फोटो नहीं आ सका है, लेकिन पुलिस विश्वविद्यालय से फोटो लेने को पत्राचार कर रही है। ताकि दूसरे आरोपी की पहचान हो सके और उसके जरिए अन्य आरोपियों तक पहुंचा जा सके। इंस्पेक्टर कांट दयाशंकर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सभी पहलू खंगाले जा रहे हैं। आरोपी की गिरफ्तारी को प्रयास जारी हैं।

> धोखाधड़ी कर प्रवेश लेने वाले हर्षित राठौर का प्रवेश कॉलेज की ओर से रद्द कर दिया गया है। खाली हुई सीट पर प्रवेश देने को लेकर फैसला यूनिवर्सिटी की ओर से लिया जाना है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है।
> –**डॉ. राजेश कुमार**, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज।

## रंजिशन युवक को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** कांट क्षेत्र के गांव सरैया निवासी जगतपाल ने बताया कि दस दिन पूर्व रात आठ बजे वह अपने खेत से घर आ रहा था। गांव में तिराहे पर गांव के कुछ लोग खड़े होकर बात कर रहे थे। वह भी वहां खड़ा हो गया। गांव का वीरपाल उसको गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी हंसिया लेकर मारने के लिए दौड़ पड़ा।

पीड़ित अपनी जान बचाकर भाग खड़ा हुआ। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी वीरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### दो पक्षों में चले लाठी-डंडे दो लोग घायल

**कलान।** क्षेत्र के गांव नथी नगला में शनिवार सुबह सात बजे जय सिंह यादव एवं श्याम सिंह यादव के पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडे चल गए। जिसमें जय सिंह यादव (56) एवं श्याम सिंह यादव (60) घायल हो गए। दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है

### मां-बेटे को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव मझरा निवासी राकेश कुमार ने बताया कि सात फरवरी की शाम सात बजे उसका पुत्र अवनीश खेत पर गाय भगाने के लिए गया था। गांव का नीरज उसके बेटे को खेत पर गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे पीटकर घायल कर दिया। पत्नी रामकांती बेटे अवनीश को बचाने के लिए गई तो उसे भी पीटकर घायल कर दिया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने मां-बेटे का डॉक्टरी परीक्षण कराया। पुलिस ने आरोपी नीरज के खिलाफ विभिन्न धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवक से गाली गलौज पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** निगोही थाना क्षेत्र के गांव संडाखास निवासी रूपराम ने बताया कि गुरुवार की शाम खेत पर जा रहा था। गांव के जितेंद्र आदि ने उसे रास्ते में रोक लिया और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया और तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। वह अपनी जान बचाकर घर भाग आया। पुलिस ने जितेंद्र, विमलेश, कल्लू, रामनरेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पुल की रेलिंग से टकराकर पलटी कार, बीबीए छात्र की मौत, साथी घायल

## शुक्रवार रात गर्रापुल पर साइकिल सवार को बचाने के दौरान हुआ हादसा, सड़क पर तीन बार कार ने खाया पलटा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पुलिस ने घायलों को निकाला कार से बाहर

**अमृत विचारः** बरेली मोड़ पर स्थित ढाबे से खाना खाकर दो दोस्त कार से घर लौट रहे थे। गर्रा पुल पर हनुमान जी की प्रतिमा के सामने साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में कार सड़क पर पलट गई। कार में सवार छात्र व उसका दोस्त घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां घायल छात्र को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला तारीन टिकली निवासी शायम नईम (22) जामिया मिलिया विवि में बीबीए का छात्र था। परीक्षा समाप्त हो जाने की वजह से वह दस दिन पहले दिल्ली से अपने घर आया था। उसका दोस्त मोहम्मद जैम मोहल्ला खलीलगर्बी चौक कोतवाली में रहता है। जैम ने दोस्त नईम को शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे फोन कर कहा कि ढाबे पर खाने के लिए चलते है। वह कार लेकर नईम के मोहल्ले में पहुंच गया। नईम रात साढ़े दस बजे मकान के दूसरे गेट से निकलकर दोस्त की कार में बैठकर बरेली मोड़ पर ढाबे पर खाना खाने के लिए गया। दोनों लोगों ने खाना खाया और कार से वापस अपने घर रात साढ़े 11 बजे आ रहे थे।


मृतक शायम नईम।

कार जैम चला रहा था। पुलिस चौकी राजघाट से तीन सौ गज की दूरी पर गर्रा पुल के निकट हनुमान जी की प्रतिमा के सामने साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में कार पुल की रेलिंग से टकराकर तीन बार सड़क पर पलट गई।

घायल कार में ही दब गए। सूचना पर राजघाट पुलिस चौकी के दरोगा व सिपाही मौके पर पहुंच गए। राहगीरों की मदद से दोनों को कार से बाहर निकाला गया। इधर पुलिस ने छात्र के परिवार वालों को हादसे की सूचना दी। अरहम नईम परिवार वालों के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया। डॉक्टर ने छात्र शायम नईम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस क्षतिग्रस्त कार को चौकी पर ले आयी है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया मृतक छात्र के दोस्त को मामूली चोट लगी है।


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजन। ● अमृत विचार



क्षतिग्रस्त कार।

> शुक्रवार रात गर्रापुल पर साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में कार पुल की रेलिंग से टकराकर पलट गई, जिसमें बीबीए के छात्र की मृत्यु हो गई और उसका साथी घायल हो गया। उसे मामूली चोटें आई हैं। – **राजीव तोमर**, प्रभारी निरीक्षक, चौक कोतवाली

### आईआईएम में हो गया था चयन

परिजनों ने बताया कि नईम का काशीपुर में आईआईएम में सलेक्शन हो गया था। उसका काशीपुर जाने का विचार था। मृतक दो भाइयों में छोटा था। उसकी एक बड़ी बहन है। उसके पिता मोहम्मद नईम की मौत हो चुकी है। उसकी मां शाबिया नईम समेत परिवारवाले रो-रोकर बेहाल हैं।

### दस दिन पहले छुट्टी पर आया था घर

अरहम नईम ने बताया कि उसका भाई शायम नई दिल्ली में जामिया मिलिया विवि में बीबीए फाइनल की पढ़ाई कर रहा था। उसकी परीक्षा हो गई थी। दस दिन पहले दिल्ली से घर पर आया था। उसको क्या पता था कि यहां आने पर भाई की जान चली जाएगी।

## बोलेरो ने साइकिल को मारी टक्कर, छात्र की मौत

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

- कलक्टरगंज गांव के सामने हुआ हादसा, बोलेरो में फंस गई थी साइकिल
- राहगीरों ने की चालक की पिटाई, पुलिस ने बोलेरो सहित चालक को पकड़ा

**अमृत विचारः** कांट-जलालाबाद रोड पर कलक्टरगंज गांव के सामने बोलेरो ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार छात्र घायल हो गया। घायल को सीएचसी पर भेजा गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर राहगीरों ने बोलेरो चालक को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने बोलेरो चालक को हिरासत में ले लिया है।

जलालाबाद क्षेत्र के गांव कलक्टरगंज निवासी ओम प्रकाश मदनापुर ब्लॉक में सफाई कर्मचारी है। उनका पुत्र कौशल (14) ज्योति शिक्षा संस्थान कक्षा सात में पढ़ता था। वह रोजाना की तरह सुबह नौ बजे साइकिल से स्कूल पढ़ने जा रहा था। कांट-जलालाबाद मार्ग पर मार्डन ढाबे के सामने जलालाबाद की ओर जा रही बोलेरो ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान उसकी साइकिल बोलेरो में फंस गई। चालक बोलेरो से निकलकर भागा तो राहगीरों ने पकड़ लिया और चालक की पिटाई कर दी। इस दौरान भीड़ जमा हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायल छात्र को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। इधर मृतक छात्र के पिता ओमप्रकाश सीएचसी पर पहुंच गए।


मृतक कौशल।

पुलिस ने चालक व बोलेरो को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि मृतक छात्र के परिवार वालों की तरफ से तहरीर नहीं आई है। मृतक छात्र की मां का नाम सविता देवी है, जो आशा वर्कर है। मृतक पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा पुत्र था। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।


बिलखता पिता ओम प्रकाश।

### ट्रक ने टेंपो को मारी टक्कर, चार घायल

**जलालाबाद/शाहजहांपुर।** अल्हागंज क्षेत्र के गांव कोयला ज्ञानपुर निवासी गोविंद (30), उसकी पुत्री कामिनी (9) राममोहन का पुत्र बॉबी (9) शनिवार को दिन में साढ़े दस बजे टेंपो पर बैठकर जलालाबाद दवा लेने के लिए जा रहे थे। जलालाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग पर ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। ट्रक में टेंपो का अगला हिस्सा फंस गया। टेंपो में कपड़ा भी लोड था। चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। लोगों की भीड़ जमा हो गई। अल्हागंज पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से घायल गोविंद, कामिमनी, राममोहन व चालक अजीम को बाहर निकाला। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। डॉक्टर ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## जमीनी रंजिश में ठेकेदार को गोली मार किया घायल

संवाददाता, निगोही

- हमलावरों ने पंचायत के बहाने बुलाया और चला दी गोली
- पुलिस ने मौका मुआयना कर ली घटना की जानकारी

**अमृत विचारः** जमीनी रंजिश में कुछ लोगों ने शनिवार दोपहर बाद ठेकेदार को गोली मारकर घायल कर दिया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल से बरेली रेफर किया गया है। वहीं पुलिस ने भी मौका मुआयना कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घायल के साले ने बताया कि अभी इलाज करा रहे हैं, मामले की तहरीर दी जाएगी।

क्षेत्र के गांव मधवामई निवासी नीरू सिंह (42) मजदूरों की ठेकेदारी करता है। शनिवार दोपहर वह सिंधौली क्षेत्र के गांव काजीपुर में पेयजल सप्लाई के लिए बनाई गई टंकी की बाउंड्रीवॉल बनवा रहा था, तभी उसके पास एक व्यक्ति ने फोन करके कहा कि मधवामई ईंट भट्ठे के पास आ जाओ, यहां जमीन संबंधी विवाद में विपक्षी से पंचायत कराकर समझौता करा देंगे। नीरू सिंह दोपहर बाद करीब 2:45 बजे मधवामई ईंट भट्ठे के पास पहुंचा, तभी वहां पहले से ही योजनाबद्ध तरीके से बैठे तीन लोगों ने नीरू को घेर लिया और उनमें से एक ने नीरू के ऊपर तमंचे से फायर कर दिया। गोली नीरू के पेट में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान हमलावर मौके से भाग गए। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी कर घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे बरेली रेफर कर दिया गया।

> जमीन संबंधी विवाद में झगड़े की बात सामने आ रही है, जिसमें एक युवक को गोली लगी है। अभी तहरीर नहीं मिली है, फिर भी मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद और तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> –**अशोक कुमार सिंह**, थानाध्यक्ष

## नशे में धुत युवकों ने परिचालक से की मारपीट

**तिलहर, अमृत विचारः** रोडवेज बस में टिकट न लेने और मारपीट करने के मामले में बस परिचालक ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी दो युवकों को हिरासत में ले लिया। नशे में होने के कारण पुलिस ने दोनों युवकों का मेडिकल भी कराया है।

रोडवेज बस संख्या यूपी 27-टी 5353 के परिचालक सत्यदेव पुत्र रामौतार सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बरेली से शाहजहांपुर सवारी लेकर जा रहा था। मीरानपुर कटरा में दो युवक बस में सवार हुए। दोनों ने टिकट नहीं लिए और तिलहर में बाईपास चौराहे पर दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बस कोतवाली लाई गई। रोडवेज बस के परिचालक ने दो युवकों के खिलाफ तहरीर दी है। दोनों आरोपियों को पुलिस हिरासत में ले लिया गया। आरोपियों के नशे में धुत होने की वजह से पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराया।

## पटेल की प्रतिमा के चेहरे को लाल रंग से पोत दिया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बोले लोग, कॉलोनी के पार्क बन गए शराबियों के अड्डे

**अमृत विचारः** बरेली मोड़ पर स्थित आवास विकास कॉलोनी में पटेल पार्क में लगी सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति को कुछ शरारती तत्वों ने लाल रंग से पोत दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आस-पास के लोगों से पूछताछ की। इधर पार्षद ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चौक कोतवाली में तहरीर दी है। पार्क शराबियों का अड्डा बन गया है।


सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर पोता गया लाल रंग।

चौक कोतवाली के मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी में पटेल पार्क में सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित है। आठ फरवरी की रात में कुछ शरारती तत्वों ने प्रतिमा के चेहरे को लाल रंग से पोत दिया। नौ फरवरी की सुबह लोगों ने देखा कि प्रतिमा लाल रंग से पुती हुई है। लोगों ने क्षेत्र के पार्षद सिद्धार्थ शुक्ला को सूचना दी। पार्षद पार्क में पहुंचे देखा कि प्रतिमा का चेहरा लाल रंग से पुता हुआ था। उन्होंने पुलिस चौकी अजीजगंज को सूचना दी। चौकी प्रभारी रोहित कुमार पार्क में पहुंचे और प्रतिमा को देखने के बाद आस-पास के लोगों से जानकारी की। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि रात में आठ बजते की कॉलोनी के पार्क शराबियों का अड्डा बन जाते है। शराब पीकर लोग झगड़ा करते है। कभी किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है। इधर पार्षद ने अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। चौकी प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि प्रतिमा से छेड़छाड़ करने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## लापता आई केयर संचालक का सुराग नहीं, शाहजहांपुर में मिला मोबाइल

संवाददाता, खुटार

- मोबाइल पाने वाले मजदूर से पुलिस कर रही पूछताछ
- सुरागरसी को सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव रुजहा कलां निवासी बिंदु आई केयर सेंटर संचालक अवनीश (28) का चार दिन बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया है। शाहजहांपुर बरेली मोड़ पर एक मजदूर को उसका मोबाइल मिला है। पुलिस ने मोबाइल बरामद कर उससे पूछताछ कर रही है। हालांकि अवनीश का कोई सुराग नहीं लग पाया है। इसके साथ पुलिस आसपड़ोस लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है।

गांव रुजहा कलां निवासी परशुराम वर्मा के बेटे अवनीश ने पुवायां मार्ग पर ग्रामीण बैंक आफ बड़ौदा के पास स्थित बिंदु आई केयर सेंटर के नाम से दुकान खोल रखी है। सात फरवरी को वह दुकान खोलने घर से निकला था। परिजनों के मुताबिक, उसका मानसिक संतुलन सही नहीं है। परिजनों ने उसी दिन शाम करीब साढ़े पांच बजे अवनीश को फोन लगाया तो बंद जा रहा था। इसके बाद परिजन दुकान पहुंचे और उसकी तलाश की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। आठ फरवरी को परशुराम वर्मा थाने पहुंचे। जहां पुलिस को मामले की जानकारी दी और तहरीर देकर पुत्र की बरामदगी कराने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। घटना को करीब चार दिन गुजर चुके है। इसके बावजूद पुलिस कुछ पता नहीं लगा पाई है। हालांकि पुलिस हर पहलू पर तहकीकात कर रही है। परिजनों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।


लापता अवनीश।


बरामद हुआ अवनीश का मोबाइल।

> लापता युवक का शाहजहांपुर में बरेली मोड़ पर एक मजदूर को मोबाइल मिला है। इसके आधार पर दरोगा को भेजा गया था। मोबाइल युवक से ले लिया गया है। पुलिस मामले में हर पहलू पर जांच कर रही है। – **संजय कुमार**, थानाध्यक्ष

# खाद्य विभाग को नहीं करने देंगे व्यापारियों का उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बहादुरगंज कार्यालय पर हुई व्यापारियों की बैठक में बोले जिलाध्यक्ष
- महानगर अध्यक्ष ने की खोदाई में निगम के सहयोग की अपील

**अमृत विचारः** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक शनिवार को बहादुरगंज स्थित व्यापार मंडल कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला व महानगर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ कोर कमेटी के सदस्य शामिल हुए और संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान, व्यापारियों को आ रही समस्याओं के साथ-साथ नगर निगम, खाद्य विभाग से संबंधित मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से व्यापारियों को उत्पीड़न किसी हाल में नहीं होने दिया जाएगा।

बैठक को संबोधित करते हुए ज़िला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने कहा कि अप्रैल में संगठन का प्रांतीय अधिवेशन व चुनाव होना तय है। इसलिए सभी पदाधिकारी सक्रिय हो सदस्यता अभियान चलाएं और ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को संगठन में जोड़ें। उन्होंने बैठक में पिछले सप्ताह 76 नए पदाधिकारियों की सूची दिखाते हुए कहा कि एक सप्ताह में संगठन में व्यापारियों को जोड़ना मेहनत और लगन का परिणाम है। कहा कि आने वाले दिनों में बाजारों से खाद्य विभाग की टीमें मिठाई की दुकानों, खोया मंडी और अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों से सैंपल लेंगी। यह खाद्य सुरक्षा विभाग का काम है, लेकिन कोई भी व्यापारी भयभीत न हो और सैंपल देने में न कतराए। अधिकारियों का सहयोग करें और सैंपल के तौर पर दिए गए खाद्य पदार्थ के पैसे लें और संगठन के पदाधिकारियों को सूचित करें ताकि उनका किसी तरह का उत्पीड़न न किया जा सके।



बैठक करते जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता व महानगर अध्यक्ष सलाउद्दीन। ● अमृत विचार

महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन ने कहा कि आने वाले दिनों में बाजारों में सहालग, होली और ईद का त्योहार है। बाजारों में नगर निगम के जल निगम की ओर से सीवर लाइन का कार्य कराया जा रहा है। सभी व्यापारियों को धैर्य रखना है और नगर निगम प्रशासन का सहयोग करना है क्योंकि यह महानगर के विकास के लिए हो रहा है और आने वाले दिनों में हम लोगों को ही इसका लाभ होगा। उन्होंने संगठन विस्तार के लिए कोर कमेटी के सदस्यों के साथ मंथन कर रूपरेखा तैयार की। इस दौरान महानगर में चार प्रभारी बनाए गए।

बैठक का संचालन युवा प्रदेश संगठन मंत्री नरेंद्र शुक्ला ने किया। इस दौरान महानगर महामंत्री अनूप गुप्ता, वरिष्ठ व्यापारी नेता आरिफ किरमानी, कोषाध्यक्ष रेहान खान, महानगर युवा अध्यक्ष हर्ष खन्ना, उपाध्यक्ष श्याम मोहन मिश्रा, सुमित पूरी, नदीम खान, संजीव गुप्ता, अनुराग दीक्षित, अनूप खंडेलवाल, मोहम्मद दानिश, अर्चित सक्सेना, एम मंसब सिद्दीकी, सर्वेश कुमार गंगवार, मोहित कुमार सिंह, पुनीत खन्ना आदि रहे।

## दो लोगों पर जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** रोजा क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी अंचल कुमार ने बताया कि उसकी ट्रैक्टर-ट्रॉली साढू सुधीर कुमार निवासी मोतीखेड़ा, मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी ने किराए पर नन्हे लाल निवासी खुमिया थाना गजरौला जिला पीलीभीत को चार माह पूर्व 25 हजार रुपये प्रतिमाह दिलाई थी। पीड़ित ने बताया कि उसका चार माह का भाड़ा एक लाख रुपये हो गया है। अब उसका साढू सुधीर व नन्हें लाल किराए के नाम टाल मटोल कर रहे है। उसने ट्रैक्टर-ट्रॉली फाइनेंस पर ली थी, जिसकी किस्ते जमा करनी है। उन्होंने ट्रैक्टर-ट्राली और किराया मांगा तो आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पानीपत में छत से गिरकर घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** खुदागंज क्षेत्र के गांव सूथा निवासी ओंमकार ने बताया कि उसका भाई रामकरन (40) पानीपत में मजदूरी में काम करता था। उसका भाई वहां पर किराए के मकान पर रहता था। 27 जनवरी की रात आठ बजे उसका भाई पानीपत में मकान की छत पर से गिरकर घायल हो गया था। उसे रोहतक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिवार वालों ने कुछ दिन पूर्व उसे बरेली के एक अस्पताल में लाकर भर्ती कराया था। दो दिन पूर्व बरेली के अस्पताल से घर ले आए थे। शुक्रवार की शाम घायल की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उसकी पत्नी ऊषा और चार बच्चे रो-रोकर बेहाल हैं।

### हादसे में घायल की अस्पताल में मौत

**शाहजहांपुर।** तिलहर क्षेत्र के गांव भूडेली निवासी नरेश कुमार (54) चार दिन पूर्व शाम को बाजार से पैदल अपने गांव आ रहा था। खैरपुर मार्ग पर बाइक ने पीछे से उसे टक्कर मार दी थी, जिससे वह घायल हो गए था। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घायल की इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात मौत हो गई। उसकी मौत से पत्नी प्रेमा और छह बच्चों का हाल बेहाल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# जे.पी. क्लीनिक

## डा. जितेन्द्र पाल सिंह

B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन

- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।

हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है

पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206

सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश



# दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!



## ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

**डॉ० एम.बी. गौतम**
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर

**डॉ० अतुल कुमार**
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

**डॉ० संजय मजूमदार**
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

**उपलब्ध सुविधायें**

1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

एशिया की नं. 1 लैब द्वारा दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।



5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिर्पोटर/ स्वतंत्रता सेनान

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720

निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली


# पहल: कब्जामुक्त 1.882 हेक्टेयर वन भूमि पर रोपी जाएगी आठ हजार पौध

## जंगल का क्षेत्रफल बढ़ने से जंगली पशुओं को मिल सकेगा निवास, दिखेगा सौंदर्य

संवाददाता, खुटार



कब्जामुक्त कराई गई वनभूमि के चारो ओर जेसीबी से की जा रही खोदाई। ● अमृत विचार

- खुटार और पीलीभीत के अफसरों ने कब्जेदारों से खाली कराई थी वनभूमि
- जेसीबी मशीन से चारों ओर शुरू की गई खोदाई

**अमृत विचार:** माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराई गई 1.882 हेक्टेयर वनभूमि अब दोबारा पौधे लहलहाएंगे, पर्यावरण शुद्धता की पहल के साथ वन विभाग ने इस कब्जा मुक्त कराई गई भूमि पर पौध रोपण कराने का संकल्प लिया है। इसके तहत वन भूमि पर आठ हजार पौधे रोपे जाएंगे। इससे जहां जंगल का क्षेत्रफल बढ़ेगा, वहीं सौंदर्य की अनुपम छटा भी दिखेगी। वन विभाग की ओर से पौध लगाने के लिए भूमि के चारों तरफ खोदाई कराई जा रही है।

खुटार वन रेंज का क्षेत्रफल काफी लंबा है। वन रेंज खुटार, बंडा, पुवायां, पूरनपुर तक फैला है। खुटार वन रेंज में आने वाली पूरनपुर के मंडनपुर खुर्द में 1.882 हेक्टेयर वनभूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर खेती शुरू कर दी थी। इस बार वन भूमि पर ज्यादातर किसानों ने गेहूं की फसल बो रखी थी। खुटार रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने इस मामले में पीलीभीत के डीएम को पत्र भेजकर भूमि खाली कराने की मांग की थी। पांच फरवरी को पूरनपुर राजस्व विभाग, वन विभाग एसडीओ और खुटार वन क्षेत्राधिकारी खुटार मनोज कुमार श्रीवास्तव टीम के साथ गांव मंडनपुर खुर्द पहुंचे थे। अफसरों ने पैमाइश कराकर 1.882 हेक्टेयर वनभूमि कब्जामुक्त कराई थी और वनकर्मियों के कब्जे में दे दी गई थी। दो दिन पूर्व से जेसीबी मशीन से वनभूमि के चारों तरफ खुदाई कराई जा रही है। इसके बाद वनभूमि पर करीब आठ हजार पौध रोपी जाएंगी। जिससे जंगल का क्षेत्रफल बढ़ने से जंगली जानवरों को निवास मिल सकेगा और सौंदर्य दिखेगा।

> कुछ लोगों द्वारा वनभूमि पर अवैध कब्जा कर खेती की जा रही थी। जिसे कब्जा मुक्त कराया गया था। कब्जा मुक्त जमीन पर गड्ढे खुदवाकर आठ हजार पेड़ लगाए जाएंगे।
> – मनोज श्रीवास्तव, रेंजर खुटार

## हरि नाम सुनने के लिए न देखें बुलावे की राह

**परौर, अमृत विचार:** खजुरी गांव मे दुर्गा मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर शनिवार को भंडारा हुआ। भागवत का आयोजन ग्राम वासियों के सहयोग से किया गया। बदायूं से आए कथावाचक योगेंद्राचार्य ने कहा कि हरि नाम सुनने के लिए बुलावे की राह नहीं देखें। सनातन धर्म के नियमों का पालन कर हम सुंदर भारत का निर्माण कर सकते हैं। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर देर रात तक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अवनीश पहलवान, रामनारायण सोलंकी, कुलदीप सोलंकी, जितेन्द्र प्रताप सिंह, शिवम, शिवनरेश आदि लोग मौजूद रहे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

**हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर**
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
**रेनबो हॉस्पिटल**
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
**डॉ. राकेश मिश्रा**
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुड़गांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

**डॉ. रजनीकांत साहू**
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
**बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर**
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

**डा. सतेन्द्र शर्मा**
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
**श्रद्धा केयर अस्पताल**
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

**डॉ. हारिस अंसारी**
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
**डॉ. आफताब आलम**
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
**डॉ. आफताब आई केयर** मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली


## शासनादेश के आधार पर कार्य करें अवर अभियंता



बैठक में मौजूद संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रोजा

- बैठक में बोले उपखंड अधिकारी हीरालाल, विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन की मासिक बैठक शनिवार को आवास विकास बरेली मोड़ स्थित संगठन शाखा कार्यालय पर हुई। बैठक में जूनियर इंजीनियरों की समस्याओं सहित अन्य मांगों पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के पदाधिकारी व उपखंड अधिकारी हीरालाल गुप्ता ने कहा कि सभी जेई नियमानुसार कार्य करें और शासन की मंशानुरूप विद्युत आपूर्ति एवं उपभोक्ता सेवा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि बिना साधन के अनुरक्षण माह में कार्य करना संभव नहीं होगा। जिसके लिए संगठन विभाग के उच्च अधिकारियों से पत्राचार एवं बैठक के माध्यम से साधन व सामग्री उपलब्ध कराए जाने की कार्रवाई करेगा।

बैठक में जूनियर इंजीनियरों की समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में उपखंड अधिकारी मनीष चंद्र, संगठन के अध्यक्ष केके पटेल, सचिव अजय यादव, अंकित तिवारी, आदर्श कुमार, पीपी सागर, पीयूष वर्मा, जेपी भगत, सतपाल यादव व अन्य सदस्य मौजूद थे।

## कुशवाहा छात्रावास के स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन



कार्यक्रम का उद्घाटन करते पूर्व विधायक नीरज कुशवाहा मौर्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** कुशवाहा छात्रावास के स्वर्ण जयंती समारोह का शनिवार को पूर्व विधायक नीरज कुशवाहा मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम दो दिन तक चलेगा। इस दौरान वैदिक यज्ञ का आयोजन होगा।

इस दौरान प्रमुख रूप से ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष हरपाल सिंह कुशवाहा, प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुंशीलाल कुशवाहा, कोषाध्यक्ष बाबू केवल राम कुशवाहा, सुशील कुमार सिंह, बीपी सिंह, दिग्विजय सिंह, जिला पंचायत सदस्य रवीश पाल कुशवाहा, शिवराम सिंह कुशवाहा, ब्रह्मा कुमार कुशवाहा, गिरिंद कुशवाहा प्रधान आदि ने भी समाज को चेतना देने से संबंधित विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन जितेंद्र कुशवाहा ने किया।

### किशोरी को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** निगोही क्षेत्र के एक गांव के महिला ने बताया कि एक माह पूर्व उसकी 16 वर्षीया पुत्री शाम को सात बजे गांव में कहीं गई थी। उसकी बेटी वापस लौटकर नहीं आई। उन्होंने बेटी को तलाश किया तो पता चला कि गांव का आकाश उसकी बेटी को अगवा करके ले गया। उसकी बेटी को अगवा कराने में अन्य लोगों का भी हाथ है। महिला ने आशंका व्यक्त की है कि उसकी बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। पुलिस ने आरोपी आकाश, कुंडली देवी, रोली देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### नाबालिग को बहलाकर भगा ले गया पड़ोसी युवक

**कलान।** नगर के मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि कि उसकी पुत्री शनिवार सुबह दूध लेने के बहाने एक पड़ोसी युवक के साथ चली गई। उसने यह भी बताया कि डेढ़ माह पहले उक्त युवक उसकी पुत्री को पहले भगाकर दिल्ली ले गया था। काफी दबाव डालने पर पुत्री को वापस किया लेकिन वही युवक फिर पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया। पीड़ित ने पुत्री को बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## कृषक दल व्यवस्था परिवर्तन का सूत्रपात करेगा



बैठक में मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज दीक्षित व अन्य।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज दीक्षित एडवोकेट ने शनिवार को पार्टी कार्यालय बिजलीपुरा में आयोजित पदाधिकारियों की बैठक में कहा कि देश को सुंदर बनाने के लिए अच्छे लोगों को राजनीति से जुड़ना चाहिए। कहा कि कृषक दल सत्ता लोलुपता के लिए नहीं बना, यह व्यवस्था परिवर्तन का सूत्रपात करेगा।

उन्होंने शाहजहांपुर लोकसभा से राकेश कुमार और विधानसभा उप चुनाव ददरौल से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद यादव को उम्मीदवार घोषित किया। साथ ही कहा कि आने वाले लोक सभा चुनाव में हमें केवल उन युवाओं छात्रों नौजवानों, किसानों, मजदूरों, बुजुर्गों, माताओं, बहनों का वोट चाहिए जो देश में निःशुल्क शिक्षा-चिकित्सा-न्याय, के पक्षधर हैं। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद कुमार यादव जनसेवक, निर्दोष गंगवार, रजनीश यादव, बलराम वर्मा, रामनिवास गौतम, चंद्रपाल सिंह, गुरुदयाल सिंह उपस्थित रहे।

# किसी के बहकावे में आकर न उठाएं गलत कदम

## तरुणी सम्मेलन में अपर जिला जज अपर्णा त्रिपाठी ने बालिकाओं व युवतियों को दी पॉक्सो एक्ट की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मुख्य वक्ता डॉ. शरद रेणु ने सात्विक जीवन के साथ राष्ट्र को समर्पित रहने का किया आह्वान
- मॉडल प्रदर्शनी और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी

**अमृत विचार:** बालिकाओं, किशोरियों और युवतियों को कर्तव्य बोध एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में गांधी भवन में तरुणी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जहां बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी, वहीं वक्ताओं ने बालिकाओं को राष्ट्र प्रेम का संदेश देते हुए उन्हें उपयोगी टिप्स दिए।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अपर जिला जज अपर्णा त्रिपाठी ने बालिकाओं और युवतियों को पॉक्सो एक्ट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अगर किसी से भूलवश कोई गलती हो भी जाती है, तो बहकावे में या घबराहट में कोई गलत कदम नहीं उठाना चाहिए। अपने परिजनों या शिक्षकों को विश्वास में लेकर उचित जानकारी वकीलों के माध्यम से लेनी चाहिए। महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा के लिए ही तमाम डायल नंबर शुरू किए गए हैं, जिनका सहयोग लिया जा सकता है। उन्होंने तमाम प्रकार की विधिक जानकारी भी दी। मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति की बौद्धिक प्रमुख डॉ. शरद रेणु ने छात्राओं का आह्वान किया किया कि वह स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेते हुए अपना जीवन अध्यात्म के साथ ही समाज की जिम्मेदारियां उठाते हुए राष्ट्र को समर्पित करें। उन्होंने कहा कि सभी को सात्विक जीवन जीना चाहिए।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पीलीभीत की चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने सोशल मीडिया के लाभ-हानि, सपना मैसी ने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, रॉयन इंटर नेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य वर्षा अग्रवाल ने वित्तीय स्वायत्तता, निर्मल अग्रवाल ने अध्यात्म, खुशबू सेठ ने स्वास्थ्य तथा महानगर महिला समन्वय प्रमुख डॉ. संगीता मोहन ने सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। इससे पहले अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। देवी प्रसाद बालिका जूनियर हाईस्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। डॉ. किरण मलिक के संचालन में चले सम्मेलन में कार्यक्रम संयोजिका अनुराधा आर्य ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्मला अग्रवाल ने की। आयोजन में डॉ. संगीता मोहन, उज्ज्वल मिश्रा, संघ के विभाग प्रचारक धर्मेंद्र धवल, महानगर प्रचारक मंजीत सिंह, विभाग कार्यवाह रवि मिश्रा, अभिनव तिवारी, डॉ. पूजा त्रिपाठी पांडेय, अंशू त्रिपाठी, मोहम्मद अफजल, मीतू अग्रवाल, ललिता यादव आदि का सहयोग रहा।



तरुणी सम्मेलन में लगी मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं मुख्य अतिथि अपर जिला जज अपर्णा त्रिपाठी।

### सराही गई रंगोली

तरुणी सम्मेलन में विभिन्न कॉलेजों की छात्राओं ने प्रेरणाप्रद प्रदर्शनी भी लगाई, जिसका अतिथियों ने भ्रमण कर छात्राओं और शिक्षिकाओं का उत्साहवर्धन किया। प्रदर्शनी में राम मंदिर का मॉडल, चंद्रयान-3, लोटस टेंपिल समेत क्रॉफ्ट के तमाम उपयोगी मॉडल शामिल रहे। वहीं, गांधी भवन के मुख्य निकास लॉबी में आकर्षक रंगोली भी खूब सराही गई।



संबोधित करतीं महानगर महिला समन्वय प्रमुख डॉ. संगीता मोहन।



गांधी भवन में संघ के तरुणी सम्मेलन में बड़ी संख्या में मौजूद रहीं बालिकाएं, युवतियां और महिलाएं। ● अमृत विचार





सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

### स्कूलों के बच्चों ने बिखेरी सतरंगी छटा

विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने स्वागत गीत से लेकर देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। गीतों पर रंग-बिरंगी ड्रेस में सजे-धजे बच्चों ने प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं। संजय विद्या मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर, डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली, आकांक्षा हाई स्कूल, गुरुनानक पाठशाला, रॉयन इंटरनेशनल स्कूल, तक्षशिला पब्लिक स्कूल, देवी प्रसाद बालिका जूनियर हाईस्कूल, आर्यकन्या डिग्री कॉलेज, बिहारीलाल विद्या मंदिर, नेव तकनीकी इंस्टीट्यूट, श्री फूल सिंह शिक्षा निकेतन, सेवा भारती आदि के कार्यक्रम खूब सराहे गए।

# दिल्ली आंदोलन को कूच करने का आह्वान



बैठक में मौजूद किसान नेता। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

- भाकिमयू अराजनैतिक की बैठक में की गई किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**अमृत विचार:** भारतीय किसान मजदूर यूनियन अराजनैतिक की राष्ट्रीय कार्यालय पर शनिवार को बैठक हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्थापक ओम प्रकाश सिंह ने और संचालन तहसील अध्यक्ष तिलहर प्रमोद कुमार वर्मा ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पराज सिंह यादव ने कहा कि तीन कृषि काले कानूनों के विरोध में लगभग 13 महीने संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले दिल्ली में धरना दिया था, जिसमें केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया गया था कि कृषि के काले कानूनों को वापस लेकर किसान की फसल उपज पर एमएसपी की गारंटी का कानून बनाकर लागू किया जाएगा, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पराज सिंह यादव के निर्देशानुसार राष्ट्रीय महासचिव जफर व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी केपी सिंह किसानों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में दोबारा दिल्ली घेराव के लिए 13 फरवरी को भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राष्ट्रवादी) के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता दिल्ली के लिए कूच करेंगे। इस मौके पर जिला प्रभारी शिशुपाल सिंह यादव, तहसील उपाध्यक्ष राम रहीम, अनिल कुमार वर्मा, राजेश सिंह, अजीत कुमार, पंडित भवानी प्रसाद, हाकिम सिंह यादव, जयवीर सिंह, नेत्रपाल मौर्य, मुन्नालाल, श्री कृष्णा, जगपाल कुशवाहा, श्रीपाल कश्यप, जगदीश, श्रीपाल सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# महिलाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने को जागरूक बनें



सभागार में शक्ति संवाद कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार





अटल सभागार में शक्ति संवाद में महिलाओं को जागरूक करतीं महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अटल सभागार में शक्ति वंदन अभियान के तहत हुआ शक्ति संवाद कार्यक्रम

**अमृत विचार:** भाजपा के शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत शनिवार को अटल सभागार में शक्ति संवाद नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मेलन में स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ से जुड़ी तमाम महिलाओं ने सहभागिता की।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने महिलाओं को प्रदेश और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओ के उत्थान और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चला रखी हैं, उन योजनाओं के बारे में सभी महिलाओं को जानकारी जरूर होने चाहिए, जिससे वह उनका लाभ उठा सकें। महिलाओं के माध्यम से परिवार की आर्थिक स्थिति संभालने के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन कराया गया है, जिससे महिलाओं की स्थिति में काफी सुधार आ रहा है। समूह की मुखिया अन्य महिलाओं की भी मदद कर रही हैं। इससे पहले महानगर संयोजक एवं उपाध्यक्ष डॉ. हेमेंद्र वर्मा ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रधानमंत्री द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। उन्हों ने महिलाओं को आयुष्मान कार्ड के संबंध में भी जानकारी दी। डॉ. वर्मा ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ा रही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने शक्ति वंदन अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को जागरूक किया। संजीव सक्सेना के संचालन में चले सम्मेलन में शक्ति वंदन अभियान के संयोजक अनिल गुप्ता, सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र वाल्मीकि, महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष वर्षा अवस्थी, रचना गुप्ता, अनिल बाजपेयी बाण समेत महिला मोर्चा समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।


Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में



परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ!
हेल्पलाइन नं० 6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11


## जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**जलालाबाद, अमृत विचार:** अपराधियों पर पुलिस का सख्त रवैया जारी है। जलालाबाद पुलिस ने जिला बदर को गिरफतार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि अभियुक्त विपिन शर्मा निवासी याकूबपुर थाना जलालाबाद को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा छह माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया था।

पुलिस को शनिवार की सुबह साढ़े दस बजे सूचना मिली कि जिला बदर अपराधी क्षेत्र में घूम रहा है। पुलिस ने जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पहले से पांच मुकदमें कई धाराओं में दर्ज हैं।

# भाजपा शासन में एक लाख किसानों ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पीडीए जन पंचायत में बोले सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां, पार्टी की नीतियां बताईं

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी की पीडीए जन पंचायत शनिवार को महमंद हद्दफ में हुई। जिसमें सपा जिला अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि भाजपा सरकार के 10 साल के कार्यकाल में आर्थिक तंगी के चलते एक लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली।

गांवों में 90 फीसदी नौजवान बेरोजगार हैं जबकि सपा सरकार में अखिलेश यादव ने पढ़े-लिखे नौजवानों को रोजी-रोटी से जोड़ने का काम किया था। सपा नेता राजेश कश्यप ने कहा कि भाजपा जनता को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान के अनुसार हक और सम्मान नहीं देना चाहती है।

इस मौके पर सपा के जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौजवानों को नौकरियां नहीं दी बल्कि नौकरियों को छीन लिया। सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रमुख महासचिव सय्यद रिजवान अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी की स्थिति भयावह है। मजबूर होकर यूपी का नौजवान काम की तलाश में युद्धग्रस्त देश जाने पर मजबूर है। कार्यक्रम्र का आयोजन युवा सपा नेता व सेक्टर पर्यवेक्षक फराज खान की ओर से किया गया। इस मौके पर सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफ़ीज़ अंसारी, कवि खान, नाजिम फारुकी, सेक्टर प्रभारी शमसुद्दीन मलक, सेक्टर सह प्रभारी नरवीर पाल, हफ़ीज़ अंसारी, असलम खान, मोहम्मद अहमद इदरीसी, शाहनवाज किला, सावन कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, सोनू खान आदि मौजूद रहे।





जन पंचायत को संबोधित सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान। ● अमृत विचार

# भाजपा के गांव चलो अभियान में ग्रामीणों से किया संवाद



गांव में लोगों से जनसंपर्क करते ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित। ● अमृत विचार

**खुटार, अमृत विचार:** भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए गांव चलो अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार और शनिवार को ब्लॉक प्रमुख और मंडल अध्यक्ष ने तीन-तीन गांव पहुंच कर रात्रि प्रवास किया।

ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित गांव लड़ती, रुजहा कलां, नवाजपुर पहुंचे। जहां उन्होंने गांव के तमाम लोगों से संपर्क किया।उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास के तहत सभी के हित में काम कर रही है। योजनाएं घर-घर पहुंची है और लोगों को लाभ मिला है। उधर, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी ने गांव अंडहा, रौतापुर कलां, कढ़ैया में लोगों के बीच पहुंच कर सरकार की योजनाएं गिनाई और जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीब तबके के लोगों को कई योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया है। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता और गांव सभा के लोग मौजूद रहे।

## दहेज उत्पीड़न मामले में महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव मैनिया निवासी जतेंद्र कुमार सिंह की पत्नी पपिंदर कौर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि कुछ माह पूर्व दहेज उत्पीड़न के मामले में पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसको लेकर पति के रिश्तेदार राजीनामा के लिए दबाव बना रहे थे। कुछ दिन पूर्व दूर के रिश्तेदार जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी के गांव लक्खा प्रसन्नपुर निवासी हरप्रीत सिंह उनके घर गए और दहेज उत्पीड़न के मुकदमें में राजीनामा के लिए दबाव बनाया। मना करने पर आरोपी हरप्रीत सिंह ने गाली गलौज की। विरोध करने पर पिटाई की और जान से मार देने की धमकी दी। पिटाई से वह घायल हो गई। उसने पुलिस को तहरीर देकर उक्त आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। शनिवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कांग्रेस नेत्री ने बैलगाड़ी से किया गांवों का दौरा



बैलगाड़ी से गांव में जनसंपर्क करने पहुंचीं कांग्रेस नेत्री अर्चना वाल्मीकि। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ते हुए इस कारण कांग्रेस नेत्री अर्चना वाल्मीकि बैलगाड़ी से भारत जोड़ो ने यात्रा की सफलता के लिए जनसंपर्क किया। उन्होंने तिलहर विधानसभा के आलमपुर गांव में कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक के जिलाध्यक्ष शाहिद अंसारी के साथ में कई गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पेट्रोल और डीजल के दाम कितने बढ़ गए हैं कि मुझे बैलगाड़ी से लोगों से संपर्क करना पड़ रहा है। उन्होंने दलित मुस्लिम जोड़ो एकता पर बल देते हुए कहा कि यदि दलित और मुस्लिम एक साथ आ जाएं तो कांग्रेस की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने तिलहर विधानसभा के आलमपुर गांव में तथा रजनपुर, देवरिया, बड़ी खास, बडेपुर आदि गांव में जनसंपर्क किया तथा राहुल गांधी की भारत जोड़ो में यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की। उनके साथ में फरमान खान, मनोज वाल्मीकि, गौतम वाल्मीकि, सुरेश, रामविलास आदि लोग थे।




## जालसाजी कर एटीएम से निकाले 99 हजार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार,** शहर में टाउन हाल रोड पर स्थित पंजाब एण्ड सिंध बैंक के एटीएम से फ्रॉड कर दो युवकों ने 99 हजार रुपये निकाल लिए। शाखा प्रबंधक ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रोजा क्षेत्र के मोहल्ला सिटी पार्क निवासी अनिमेष अंचल टाउन हॉल रोड पर स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक शाखा की प्रबंधक है। उन्होंने बताया कि बैंक के पड़ोस में एटीएम लगा हुआ है। पिछले दो माह से फ्रॉड कर कुछ व्यक्तियों द्वारा एटीएम से 99 हजार रुपये निकाल लिए गए है। बताया कि दो युवकों ने आनलाइन बैंक में खाता खुलवाया था और एटीएम कार्ड लिया था। दोनों लड़के एटीएम से रुपये निकालते समय मशीन में एक युवक रुपये निकालने के लिए कार्ड डालता था। सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जब मशीन से रुपये बाहर निकलते थे। दूसरा युवक बिजली का बटन तुरंत ऑफ कर देता था। जब तक मशीन से रुपये बाहर आ जाते थे।

दोनों युवक बाद में बैंक में जाकर कहते थे कि मशीन में रुपये फंस गए है। इस प्रकार दोनों खाते से अपने रुपये ट्रांसफार्मर करा लेते थे। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि कैमरे चेक किए गए और उनका खाता भी चेक किया गया है।

# जानलेवा हमले में युवक पर फावड़े से किया प्रहार, कटकर गिरी नाक, रेफर

### गांव हिटौटा के समीप एक ईंट भट्ठे पर पीलीभीत के मजदूर ने दिया घटना को अंजाम

संवाददाता, खुटार

- बचाने दौड़ी पत्नी, मां, भाई को भी पीटकर किया घायल
- शराब के नशे में था आरोपी फावड़े से कई बार किया प्रहार

**अमृत विचार:** किसी बात को लेकर भट्ठे पर काम करने वाले एक मजदूर ने साथी पर फावड़े से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में एक मजदूर की नाक कटकर गिर गई।

गांव हिटौटा के समीप एक ईंट भट्ठे पर शनिवार रात को पीलीभीत के थाना पूरनपुर के गांव घुंघचियाई निवासी प्रताप कुमार ने किसी बात को लेकर अपने गांव के ही सुरेश पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे फावड़े से उसकी नाक कटकर जमीन पर गिर गई। बचाने दौड़ी पत्नी, मां, भाई को भी पीटकर घायल कर दिया। माना जा रहा है कि प्रताप शराब के नशे में था और फावड़ा से कई बार प्रहार करता चला गया। ईंट भट्ठे पर रहने वाले मजदूरों ने इसकी सूचना खुटार पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को खुटार अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने सुरेश की हालत गंभीर देख उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जबकि अन्य घायलों की मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी गई।


सुरेश कुमार ने बताया कि वह अपनी मां कलावती, पत्नी हरिराम और भाई मुकेश कुमार के साथ खुटार के गांव हिटौटा के समीप एक ईंट भट्ठे पर ईंट पथाई का काम करता है। शनिवार रात को गांव का रहने वाला प्रताप शराब के नशे में आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर सिर पर फावड़े से हमला कर दिया। जिससे फावड़े से नाक कटकर गिर गई। बचाने आए परिजनों पर फावड़े से प्रहार किया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गया। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है। उधर, डॉक्टर ने गंभीर घायल सुरेश कुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।



जिला अस्पताल में घायल सुरेश का इलाज करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

> तीन लोग मारपीट के मामले में घायल आए थे। जिसमें एक हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। दो की मरहम पट्टी की गई है।
> – डॉ. पुनीत रस्तोगी सीएचसी खुटार

> मारपीट के मामले में तीन लोग घायल हुए हैं। जिसमें से एक की हालत गंभीर होने पर जिला रेफर किया गया है। किसी की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
> – संजय कुमार, थानाध्यक्ष खुटार




## कव्वालों ने कलाम पेश कर समां बांधा

संवाददाता, मीरानपुर कटरा

**अमृत विचार:** खानकाह ए कलीमिया में उर्स के चौथे दिन सज्जादा नशीन हजरत सैय्यद आदिल महमूद कलीमी ने मुबारक पर से सिक्के और कौड़ियों को न्योछावर किया।

नगर की प्रमुख खानकाह में शनिवार की सुबह कुरआन ख़्वानी का कार्यक्रम हुआ। दिन में तीन बजे से ही मुबारक की ज्यारत के लिए जायरीन की लंबी लाइनें लग गईं। सज्जादानशीन ने जायरीनों को लाइन लगवाकर देर शाम तक मुबारक की ज्यारत कराई और मुबारक पर से सिक्के व कौड़ियों को न्योछावर किया।

इस दौरान नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से लेकर कई प्रांतों से आए सैकड़ों जायरीन ने मुबारक की ज्यारत के कार्यक्रम में भाग लिया। उर्स में विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस, पूर्व विधायक राजेश यादव, सरवर महमूद कलीमी, एहसाम मियां, प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी, कानूनगो अजीत प्रताप सिंह, अंशुल गुप्ता, दीपू भइय्या, आरिश खान सग़ीर खान, अब्दुल वहीद अंसारी, हजरत शाह, आफाक उर्फ अहमद मियां, फ़ज़्ले रसूल, मोहम्मद अज़्ज़ाम मियां, कादरी उस्मानी बदायूंनी, हजरत शाह यूसुफ अहमद, अहमदी रुदौली शरीफ, सैय्यद औसाफ अली, हाजी सगीर खान आदि नगर, ग्रामीण क्षेत्र एवं दूरदराज से आए जायरीनों ने बड़े अदबो एहतराम के साथ शिरकत की। पिछली रात बाद नमाज ईशा कव्वाली का प्रोग्राम हुआ। उर्स ए कलीमी में दूरदराज से आए मशहूर कव्वालों ने रूह परवर आरिफ़ाना कलाम पेश कर शमां बांधा। कल सुबह बाद नमाज ए फ़ज़्र कुल शरीफ की महफिल में पांच रोजा उर्स ए कलीमी का समापन होगा।

- जायरीन को लाइन लगवाकर देर शाम तक कराई गई ज्यारत



ज्यारत को कतार में लगे जायरीन। ● अमृत विचार




## सार-संक्षेप

### तत्काल दें संदिग्ध व्यक्ति की सूचना

**रौसर कोठी।** रामचंद्र मिशन में क्षेत्र के होटल एवं ढाबा संचालकों की बैठक ली गई। पुलिस ने सभी को बिना लाइसेंस के शराब न पिलाए जाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल दिए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। शनिवार को आयोजित बैठक में इंस्पेक्टर आरसी मिशन चंद्र प्रकाश शुक्ला ने कहा कि ढाबों एवं होटलों में किसी भी दशा में बिना लाइसेंस के शराब ना पिलाई जाए। यदि चेकिंग के दौरान ऐसा होता पाया गया तो ढाबा मालिकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा संदिग्ध व्यक्तियों को ना बैठाएं। इसकी सूचना तत्काल थाने पर दें। होटल एवं ढाबे पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरे से लैस होने चाहिए। ताकि समय आने पर फुटेज प्राप्त की जा सके। बैठक में क्षेत्र के समस्त ढाबा एवं होटल संचालक मौजूद रहे।



### बख्शे नहीं जाएंगे माहौल खराब करने वाले



**रोजा।** रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए धर्म गुरुओं और अन्य संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की। इस अवसर पर पुलिस की ओर से लोगों को बताया गया कि सभी त्योहारों को शांतिपूर्वक और परंपरागत ढंग के साथ मनाएं और लोगों को भी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए प्रेरित करें। कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की अफवाह या माहौल बिगाड़ने का प्रयास न करें। अगर कोई भी शांति व्यवस्था व कानून व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि टीमें शांति व्यवस्था के अनुरूप स्थितियों को सामान्य बनाए रखने के लिए जगह–जगह पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी भी की जा रही है। साथ ही पुलिस ने यह भी कहा है कि कोई भी परेशानी होने पर संबंधित पुलिस अधिकारी व नजदीकी थाने पर या 112 डायल कर सूचना दे सकते हैं।

### दो पक्षों में मारपीट मामले में नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत।** करेली थाना क्षेत्र के ढकिया जलालपुर गांव में ट्रॉली हटाने को लेकर हुए दो पक्षों में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। करेली थाना क्षेत्र के गांव ढकिया जलालपुर निवासी शील कुमार सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार को वह गांव में ट्राली में गन्ना भरवा रहे थे। इस बीच दिलबाग सिंह और उसके साथियों ने ट्राली हटाने को कहा। रुकने के लिए कहा तो हमला कर पिटाई कर दी। आरोप है कि फायरिंग भी की। पुलिस ने दिलबाग सिंह, कुलविंदर, अजमेर सिंह, बक्शीश सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। दूसरे पक्ष से अजमेर सिंह की ओर से राजेंद्र सिंह, विपिन सिंह, सुशील कुमार सिंह, जसवीर सिंह एवं श्याम पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## एक नजर

### रहस्यमय ढंग से युवक लापता, परिजन परेशान

**बीसलपुर।** रहस्यमय ढंग से एक युवक लापता हो गया। कई जगह तलाशने के बाद भी युवक का कुछ पता नहीं लग सका है। परिवार ने पुलिस से बेटे की बरामदगी की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीरपुर वाहनपुर निवासी मोहम्मद हनीफ ने शनिवार को बीसलपुर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसका 22 वर्षीय पुत्र मोहम्मद वारिस आठ फरवरी को घर से बिना बताए कहीं चला गया। जब वह काफी देर बाद भी घर न लौटा तो उसको तलाशना शुरू किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं लगा। दोस्तों और रिश्तेदारों में भी पता किया। नौ फरवरी को कॉल कर युवक ने खुद के बरेली में होने की जानकारी दी। उसके बाद कोई फोन नहीं आया।

### तमंचे के साथ गिरफ्तार

**पुवायां।** पुलिस ने रामलीला मैदान में बने हुए कमरों के निकट से सचिन पुत्र रमेश निवासी ग्राम अकर्रा रसूलपुर थाना कांट को 315 बोर के अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया।

# शिकायतों के निस्तारण में न बरतें लापरवाही

## कांट में आयोजित थाना दिवस में पहुंचे एसपी और एसडीएम सदर ने सुनीं जन समस्याएं

संवाददाता, शाहजहांपुर/कांट

**अमृत विचारः** माह के दूसरे शनिवार को जिले में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण किया।

पुलिस कप्तान अशोक कुमार मीणा ने पहले थाना कांट में पहुंच कर जन शिकायतें सुनी। उन्होंने थाने पहुंचने वाले पीड़ित की शिकायतों के निस्तारण के प्रति गंभीर रहने, पीड़ित की तहरीर पर तुरंत रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके साथ एसपी ने अभिलेखों एवं अपराध रजिस्टर चुनाव संबंधी रजिस्टर की जांच करने के साथ ही शस्त्रों को भी देखा। वही थाने पहुंचे एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ ने लेखपाल को भूमि विवाद का निस्तारण मौके पर पहुंचकर पारदर्शिता से करने के निर्देश दिए।


थाना दिवस में फरियादियों की शिकायत सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक समय से निस्तारण करा दें। थाना दिवस पर कुल राजस्व विभाग से संबंधित छह शिकायत आईं, जिसमें दो का मौके पर ही निस्तारण किया गया। एसपी एवं एसडीएम सदर ने थाना दिवस में मौजूद प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह सभी कानूनगो एवं लेखपालों को आने वाले विधानसभा उपचुनाव एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संवेदनशील बूथों की निगरानी संबंधी दिशा निर्देश दिए।

### कलान में दो शिकायतों में निस्तारण एक का भी नहीं, मायूस लौटे फरियादी

**कलान।** माह के दूसरे शनिवार को थाना दिवस परौर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने क्षेत्र के प्रधान व संभ्रांत के लोगों के साथ बैठक की। इस दौरान दो शिकायतें आई जिसमें एक इंटरलॉक व एक शौचालय से संबंधित थी। दोनों शिकायतों का मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सोशल मीडिया पर किसी भी पोस्ट को शेयर करने से पहले पूरी तरीके से जांच लें कि यह सत्य है या असत्य है। किसी भी प्लेटफॉर्म में किसी धर्म, जाति, संप्रदाय के बारे में कोई संदेश व अफवाह आदि न पोस्ट करें और न ही डालें, जिससे कि किसी प्रकार का गलत संदेश प्रचारित हो। इस मौके पर प्रधान जितेन्द्र सिंह, गोपाल सिंह, विनोद गुप्ता राजा भैया, पूर्व प्रधान प्रमोद कुमार, हरिश चंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में आईं सात शिकायतें

**पुवायां।** थाना समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सुरेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल सात शिकायतें दर्ज की गईं। अपर जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों का समय से गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में नायब तहसीलदार सगीर अहमद एवं कोतवाल प्रदीप कुमार राय तथा कानूनगो लेखपाल दरोगा एवं सिपाही मौजूद रहे।

# मदरसों की जांच व अराजक तत्वों पर कार्रवाई की मांग


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते गोरक्षक संघ के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यकर्ता संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय गोरक्षक संघ के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीओ सिटी वीएस वीर कुमार को सौंपा। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश के सभी मदरसों की जांच व अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि बरेली में मौलाना तौकीर रजा की ओर से दिए गए भड़काऊ भाषण से सामाजिक उन्माद फैलाने का कार्य किया गया है। पथराव में शामिल जिहादियों की पहचान कर उनके खिलाफ रासुका में कार्रवाई की जाए। मांग की गई कि प्रदेश में संचालित सभी मदरसों की जांच कराई जाए और अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश महामंत्री राजेश अवस्थी, अशोक शुक्ला, सचिन रावत, सर्वजीत सिंह, श्याम मोहन मिश्रा, राहुल, रंजीत राणा, वैभव, मोहित, विनीत, योगेश सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।


कुरआन हिफ्ज करने वाले रयान को फूल मालाएं पहनाते लोग। ● अमृत विचार

# कुरआन हिफ्ज करने वाले नेत्रहीन रयान को किया सम्मानित

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** मोहल्ला बिजलीपुरा में मोहम्मद आरिफ खां के आवास पर शनिवार को जलसा हिफ़्ज-ए-कुरआन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिफ़्ज़ मुकम्मल करने वाले नेत्रहीन मोहम्मद रयान खां की गुलपोशी कर मुबारकबाद दी गई। जलसे का आगाज तिलावत ए कुरआन से हुआ। बरेली के मदरसा कादरिया मदीनतुल इल्म के कारी कलामुद्दीन मंज़री ने कुरआन-ए-पाक की अज़मत पर प्रकाश डाला और खुद को कुरआन से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान को कुरआन सीखना चाहिए और उस पर अमल करना चाहिए। घरों में कुरआन की तिलावत करने के साथ ही उसके एहकाम पर ईमानदारी से अमल करें। इससे पहले हाफिज नवेद रज़ा ने नात पेश की। इस मौके पर मोहम्मद रयान खां को लोगों ने मुबारकबाद देते हुए फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।
इस मौके पर हाजी जावेद खां, हाजी मुहम्मद आबिद खां, डॉ. सोहेल खां, मोहम्मद फारूक, हसन रजा खां, जाहिद खां, मोहम्मद नदीम रज़ा, मोहम्मद बशीर अहमद, राशिद हुसैन राही, मोहम्मद खां, जावेद मौजूद रहे।

# ... किसी को रास्ता घर का ये मैखाने नहीं देते

- क्लब सभागार में शुक्रवार रात शायरों ने दिया सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश
- एहसास एजूकेशनल एंड वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट और प्रदेश उर्दू अकादमी के तत्वावधान में हुआ मुशायरा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** टाउनहॉल स्थित प्रेस क्लब सभागार में शुक्रवार रात अखिल भारतीय मुशायरे का आयोजन किया गया।, जिसमें शुक्रवार देर रात तक आमंत्रित शायरों ने ग़ज़लों के माध्यम से सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश दिया और तालियां बटोरीं।

एहसास एजूकेशनल एंड वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट और उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के तत्वावधान में आयोजित मुशायरे की अध्यक्षता शहीदे वतन अशफाक उल्लाह खां के प्रपौत्र अशफाक उल्लाह ने की। इस मौके पर दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय शायर जावेद मुशीरी ने अपनी बात कुछ इस तरह रखी- तेरी यादों के राब्ते में हूं, ये नशा है तो फिर नशे में हूं। लखनऊ के अंतर्राष्ट्रीय शायर डॉ. तारिक कमर ने कहा - पुश्त में मेरी उतरता हुआ खंजर कोई और फिर मेरे बराबर से गुज़रते हुए तुम। आजमगढ़ के मिसदाक आजमी ने कहा- सिलसिला अफवाह का कैसे थमे इस शहर में, आपके हमराज के हमराज के हमराज हैं। अफजल इलाहाबादी ने सुनाया- मेरी तामीर मुकम्मल नहीं होने पाती, कोई बुनियाद हिलाता है चला जाता है। स्थानीय वरिष्ठ शायर वसीम मीनाई ने सुनाया- चले हो मैकशों पीने मगर तुम होश मत खोना, किसी को रास्ता घर का ये मैखाने नहीं देते। लखनऊ सलीम ताबिश ने पढ़ा- मुसलसल चलते रहना ज़िंदा रहने की अलामत है, यही पैगाम देता है हमें बहता हुआ पानी। लखीमपुर अमित कैथवार ने सुनाया- हमारे जिस्म का कोई भी हिस्सा काट कर देखो, हमारे जिस्म की नस नस में हिंदुस्तान बहता है। कानपुर के नौजवान शायर काशिफ़ अदीब ने सुनाया- बुरा क्या है कि हम जो मस्त हैं अपनी फकीरी में, जो ऊंचे लोग हैं ऊंचा घराना ढूंढ लेते हैं। डॉ. उमैर मंजर के संचालन में चले मुशायरा में हमजा हुसैनी, रितेश सिंह राहिल आदि ने भी काव्यपाठ किया। इससे पहले मुख्य अतिथि प्रोफेसर सैयद मोहम्मद नोमान ने मुशायरा के आगाज की घोषणा की। आयोजन समिति के सदस्यों इशरत सगीर, फहीम बिस्मिल, उवैस संभली, ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, पीयूष शर्मा, असगर यासिर, हमीद खिजर, विकास सोनी ऋतुराज, फरमान चिश्ती आदि ने मेहमान शायरों और अतिथियों का स्वागत किया।


प्रेस क्लब सभागार में आयोजित मुशायरे में कलाम सुनाते डॉ. तारिक कमर।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेस क्लब के संरक्षक मोहम्मद इरफान, समाजसेवी सैयद रिज़वान अहमद आदि मौजूद रहे। आयुष आकाशी, इरफान रूहानी, आमिर परवेज, डॉ. जीए कादरी, डॉ. साजिद खां, डॉ. मुसव्विर हुसैन रिज़वी, डॉ. मंसूर सिद्दीकी, इरफान अंसारी, आरिफ खां, इमरान सईद खां, मिर्जा यासीन बेग, शाहनवाज खां, कलीम अहमद, राहत अली अंसारी आदि का सहयोग रहा। समापन पर वरिष्ठ शायर सागर वारसी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
RMCH BAREILLY
Excellence towards profession
रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें*
मुफ्त भर्ती एवं पलंग*
मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा*
मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन*
मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे*
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

# महिषासुर मर्दिनी की झांकी प्रदर्शित कर समां बांधा

- एसएसएमवी में आयोजित विदाई समारोह में मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल (एसएसएमवी) में अमंत्र्यते-2024 नामक कार्यक्रम आयोजित कर 12वीं के बच्चों को विदाई दी गई। इस अवसर पर 11वीं के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती और सचिव अशोक अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। 11वीं कक्षा की छात्राओं ने महिषासुर मर्दिनी की झांकी प्रदर्शित कर गीतों पर नृत्य कर समां बांध दिया। आस्था मिश्रा, प्रतीक्षा आदि ने शिव स्तुति प्रस्तुत की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर हुई तारामंडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। प्रियांशी वर्मा को निंबल फिट अवार्ड, वसुंधरा वर्मा को ऑरेटरी स्किल अवार्ड, प्रांजल सिंह को बेस्ट इन स्पोर्ट्स अवार्ड, यश गुप्ता को बेस्ट एकेडमिक अवार्ड, अनुभा अग्रवाल को सर्वाधिक उपस्थिति के लिए पुरस्कृत किया गया। प्रियांश सिंह और संस्कृति खन्ना को एसएसएमवी सम्मान से नवाजा गया।


मेधावी बच्चों को पुरस्कृत करते स्वामी चिन्मयानंद।

वसुंधरा वर्मा, प्रियांशु, वराली आदि ने सीनियर्स को उपहार भेंट किए। विद्यालय के अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या डॉ. मेघना मेंहदीरत्ता ने आभार व्यक्त किया। संचालन रोहन और जाह्नवी ने किया।

### पुलिसकर्मी के बेटे के नामकरण में नर्तकियों के डांस का वीडियो वायरल

**पूरनपुर।** बेटे के नामकरण संस्कार की दावत में एक पुलिसकर्मी ने नर्तकियों के ठुमके लगवाए। डांस के दौरान नोटों की बारिश हुई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अब क्षेत्र के ही एक व्यक्ति ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। जिसमें धमकाने के भी आरोप लगाए हैं। आरोप है सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद कांस्टेबल ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है। वह ग्रामीणों पर रौब झाड़ रहा है। रविंद्र ने पुलिसकर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# नेचर कैंपिंग का मजा लेना है तो अब सप्त सरोवर आइए

- अगले माह तक शुरू हो जाएगी हट्स की बुकिंग

पीलीभीत कार्यालय

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज का सप्त सरोवर पर्यटकों का नया ठिकाना बनेगा। यहां दो हटों का निर्माण कराया जा चुका है। नेचर का लुत्फ उठाने के लिए दो नेचर कैंपिंग टेंट भी तैयार किए गए हैं। बच्चों के लिए किड्स जोन भी बनाया गया है। वन अफसरों की मानें तो अगले माह इन हटों की बुकिंग भी शुरू करा दी जाएगी।

देश समेत विदेशों में पहचान दिलाने वाला पर्यटन स्थल टाइगर रिजर्व और महोफ रेंज स्थित इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच प्रकृति की अनमोल धरोहर माना जाता है। अपनी जैव विविधता के चलते यहां बाघ समेत अन्य वन्यजीवों के अलावा वैश्विक स्तर के पक्षी आदि भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यही वजह है कि यहां देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी हर साल पर्यटक पहुंचते हैं।

वर्तमान पर्यटन सत्र 15 नवंबर से शुरू हो चुका है। पर्यटकों को लुभाने के लिए हर साल की तरह इस बार भी चूका बीच को खासा सजाया संवारा गया है। पर्यटकों के ठहरने के लिए यहां चार थारू हट, एक अरण्य कुटी, एक बैंबू हट और एक वाटर हट है। पीटीआर के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस बार चूका बीच के इतर बराही रेंज के जंगल क्षेत्र में बने सप्त सरोवर (सात झाल) को भी विकसित किया गया है। पर्यटकों को खास सुविधाएं मुहैय्या कराने के लिए यहां करीब 82 लाख रुपए से काम कराया गया है।

चूका बीच की तरह ही सप्त सरोवर भी नए टूरिज्म स्पॉट के रूप में विकसित किया गया है। पर्यटकों के ठहरने के लिए यहां दो हट का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा नेचर को करीब से निहारने के शौकीनों के लिए दो नेचर कैंपिंग टेंट भी बनकर तैयार हो चुके हैं। पर्यटकों के सुविधा के लिए रिसेप्शन एवं वेटिंग रूम भी बनाया गया है। पर्यटकों के साथ आने वाले बच्चों के लिए किड्स जोन तैयार किया गया है। जहां बच्चे कई तरह के एडवेंचर गेम खेल सकेंगे।

## सार-संक्षेप

### विद्यार्थी केंब्रिज का मान हैं: रचित अग्रवाल



**पुवायां।** केंब्रिज कॉर्बेट स्कूल में शनिवार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 11 के बच्चों की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत डायरेक्टर विपिन अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। छात्रों को माला पहना व तिलक कर उनका अभिनंदन किया गया। आर्या अग्निहोत्री ने प्रस्तुति दी। सह-डायरेक्टर रचित अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी केंब्रिज का मान हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक सदैव चाहता है कि उसका शिष्य उससे आगे बढ़े। आस्था और अथर्व ने 12वीं के बच्चों के लिए पहले से तैयार टाइटल दिए। प्रधानाचार्य अनुश्रिता ने कहा कि कैंब्रिज का प्रत्येक छात्र अपने आप में एक हीरा है। बस जरूरत है खुद को तराशने की। कक्षा 11 के छात्रों ने एक ग्रुप डांस का प्रदर्शन किया गया। कक्षा 12 की छात्राएं अलाव्या और मन्नत ने कहा कि वह नर्सरी से यहां पढ़ रही है और पता ही नहीं चला कि कब वक्त निकल गया और यह उनका आखिरी साल है। मन्नत ने कहा है यहां पढ़ते हुए लगा ही नहीं कि हम स्कूल में हैं। कक्षा 12 के अनुप्रीत, सुखमन ने विचार रखे। मार्गदी ने एक सोलो डांस किया।

### छात्र-छात्राओं को बांटे निःशुल्क स्मार्टफोन



**पुवायां।** विवेकानंद महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से छात्रों को नि:शुल्क दिए जाने वाले स्मार्टफोन का वितरण पूर्व विधायक शकुंतला देवी और उनके पुत्र महाविद्यालय प्रबंधन समिति के निदेशक अंकुर कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि इससे महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं तकनीकी रूप से सशक्त बनेंगे। इस दौरान प्रबंध समिति सदस्य, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मोहित निगम आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं अपने पुत्र जसविन्दर सिंह नि. ग्राम मांझा थाना सिंगाही जिला खीरी के चाल चलन एवं उसके कृत्यों से असंतुष्ट हूँ। इसलिए मैं अपने पुत्र को अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उसके किसी लेन देन व कृत्य से मेरा कोई सरोकार न होगा। करनैल सिंह पुत्र सुरैन सिंह निवासी मांझा थाना सिंगाही लखीमपुर खीरी

सूचना
200 गज आवासीय प्लॉट बिकाऊ है-
30 गज फ्रंट, 20 फिट चौड़ा रोड
मलिक एनक्लेव, शाहजहांपुर रोड, नकटिया, बरेली (उ.प्र.)
संपर्क करें:- 9358714078

बड़ा बाजार, बरेली कपड़ा शोरूम में
आवश्यकता है
पानी पिलाने और साफ सफाई हेतु, बाजार में माल पहुंचाने हेतु और दुकान पर हेल्पर हेतु लड़को की।
संपर्क करें :
7300704276

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## सिद्धार्थ बने संयुक्त अधि. परिषद के अध्यक्ष

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद लखीमपुर इकाई की जिला कार्यालय पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट अनुराग वाजपेई व प्रदेश महामंत्री पवन बाजपेई की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सिद्धार्थ वाजपेयी एड. को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। प्रदेश महामंत्री पवन बाजपेई ने बताया कि महिला जिला अध्यक्ष उर्मिला सिंह एडवोकेट, जिला संरक्षक संजय कुमार मिश्र, जिला उपाध्यक्ष निजम शुक्ल, जिला महामंत्री देवव्रत पांडेय एड. जिला प्रभारी देशराज वर्मा एडवोकेट. जिला सह प्रभारी अतुल मिश्रा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक वर्मा, आफताब अहमद व बृजनेश त्रिवेदी को कनिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व प्रभाकर ब्रम्ह मिश्र, जिला सह मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष सरोज मिश्र, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मो हारुन बनाए गए हैं।

### प्रवासी पक्षियों से बरेली जिले के वेटलैंड हुए गुलजार, प्रकृति प्रेमी और बर्ड वॉचर्स उठा रहे हैं रोमांच का लुत्फ

# गुनगुनी धूप में आनंदित कर रहीं प्रवासी पक्षियों की अठखेलियां

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** अगर आपको बर्ड वॉचिंग का शौक है तो जिले के वेटलैंड आपका इंतजार कर रहे हैं। विदेशी मेहमान यानी प्रवासी पक्षियों से वेटलैंड गुलजार हैं। इन पक्षियों की अठखेलियां दिल को सुकून दे रही हैं। बर्ड वॉचर इन वेडलैंड्स का लुत्फ उठा रहे हैं। गुनगुनी धूप के बीच यह विदेशी मेहमान भी प्रकृति का भरपूर आनंद उठा रहे हैं।

करीब एक दर्जन प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां वेटलैंड्स पर दिख रही हैं। मार्च तक इनकी चहचहाट सुनाई देगी। इसके बाद प्रवासी पक्षी अपने मूल स्थानों पर परवाज कर जाएंगे। हर साल ठंड के मौसम में ऐसे पक्षी देश- विदेश के बर्फीले इलाकों से निकलकर उन स्थानों पर प्रवास के लिए जाते हैं, जहां उनको अनुकूल वातावरण और भोजन मिल सके। जिले में यूं तो नवंबर दिसंबर में प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया था, लेकिन जनवरी और फरवरी आते-आते इनकी संख्या बढ़ गई है। फरीदपुर, आंवला, रामगंगा के वेटलैंड्स पर शीतकालीन प्रवासी पक्षी देखे जा रहे हैं। प्रकृति प्रेमी और फोटोग्राफर डॉ. पंकज अग्रवाल और डॉ. गौरव सपरा ने बरेली के वेटलैंड का दौरा किया। दोनों ही फोटोग्राफर्स ने प्रवासी पक्षियों की अठखेलियों की बेहद दिलकश तस्वीरें अपने कैमरे में कैद की हैं।



धूप में बैठे प्रवासी पक्षी। ● अमृत विचार



जल क्रीड़ा करते प्रवासी पक्षी।



### बीते वर्षों के मुकाबले संख्या कम

बीते वर्षों के मुकाबले इस साल जिले में आने वाले प्रवासी पक्षियों की संख्या कम बताई जा रही है। बर्ड वॉचिंग और प्राकृतिक छायांकन का शौक रखने वाले डॉ. पंकज अग्रवाल ने बताया कि बरेली में भी प्रवासी देशी और विदेशी पक्षी आते हैं, लेकिन इस साल पिछले वर्षों की तुलना में काफी कम पक्षी आए हैं।

### यह प्रजातियां दे रही हैं दिखाई

वेटलैंड पर पैंटेड स्टॉर्क, ब्लैक हेडेड इबिस, वूली नेक्ड स्टॉर्क, लिटिल ग्रिबी, रफ, लेसर विस्लिंग डक, रुड्डी शैल डक, यूरेशियन टील, रिवर लेपविंग, रिवर टर्न, इंडियन स्पॉट बिल डक देखी गई हैं। वहीं, वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले के वेटलैंड पर प्रवासी पक्षी देखे गए हैं, जिनकी निगरानी कराई जा रही है।

> हर साल प्रवासी पक्षी जिले में आते हैं। वन विभाग की टीमों की ओर से इन पक्षियों को चिह्नित किया गया है। इनकी निगरानी के लिए टीमों को लगाया गया है। **-बी प्रभारकर**, मुख्य वन संरक्षक, रुहेलखंड जोन

## दो युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र में हेडमास्टर के साथ मारपीट कर रुपये छीनने के मामले में पुलिस ने दो युवकों के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। संविलियन विद्यालय प्रतापीबहेड़ विकास खंड रमियाबहेड के प्रधानाध्यापक सुभाष कुमार तिवारी 8 फरवरी को विद्यालय से बीआरसी रमियाबेहड़ जा रहे थे। आरोप है कि दोपहर करीब 2 बजे नौबस्ता गांव निकट बंधे पर गांव घुरघुट्टा बुजुर्ग निवासी युवक ने उनकी बाइक रोक ली और खुद को पत्रकार बताते हुए दस हजार रुपये का विज्ञापन मांगने लगे। रुपये ने देने पर मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक की तहरीर पर दोनों आरोपियों पर कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। प्रकरण की जांच एसआई महेश सिंह को सौंपी गई है। दोनों की तलाश की जा रही है।

# तौकीर मामले में पुलिस को मुख्यालय के आदेश का इंतजार

### शासन और पुलिस मुख्यालय से ली गई घटना की विस्तृत जानकारी

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के भड़काऊ बयान मामले में पुलिस अधिकारियों को शासन और पुलिस मुख्यालय के आदेश का इंतजार है। मुख्यालय से जैसा आदेश मिलेगा, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को शासन और मुख्यालय से हर आधे घंटे पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों से फोन कर पल-पल की जानकारी ली गई थी।

तौकीर रजा के इस्लामिया ग्राउंड में जेल भरो आवाह्न के बाद शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में लोग गिरफ्तारी देने के लिए बिहारीपुर करोलान में इकट्ठे हुए थे। यहां पर तकरीर ने भड़काऊ बयान दिया था और इस्लामिया ग्राउंड जाने से रोकने पर जमकर नोकझोंक हुई थी। हालांकि, वहां पर तैनात पुलिस अधिकारियों ने सूझबूझ के साथ तौकीर समेत उनके समर्थकों को वहां से लौटा दिया था। इसके बाद शाम को शहामतगंज में कुछ उपद्रवियों ने पथराव कर मारपीट कर माहौल खराब करने की कोशिश की थी। हालांकि पुलिस अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि धारा 144 लागू होने समेत अन्य मामलों में पुलिस कार्रवाई कर सकती है। हालांकि इसके लिए पुलिस अधिकारी शासन और पुलिस मुख्यालय की तरफ से मिलने वाले हरी झंडी का इंतजार कर रहे हैं।

### 24 घंटे बाद भी कोतवाली क्षेत्र छावनी में तब्दील

शहामतगंज में हुए बवाल को देखते हुए कोतवाली और बारादरी क्षेत्र को अभी भी छावनी में तब्दील किया गया है। पुलिस अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। साथ ही खुफिया विभाग को और अलर्ट किया गया है। वीडियो ग्राफी और फुटेज से किया जा रहा चिह्नित शहामतगंज में हुए बवाल के बाद बिहारीपुर तक लगे सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरों से कराई गई वीडियो ग्राफी से खुराफात करने वाले आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। जिसके बाद इन पर कार्रवाई की जाएगी।

> शहामतगंज मामले में दो अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज की गई हैं। मामले में 110 अज्ञात आरोपियों को शामिल किया गया है। सीसीटीवी कैमरों से लोगों को चिह्नित किया जा रहा है। उपद्रव करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। **-घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

### शहामतगंज में पथराव और तोड़फोड़ करने वाले 110 उपद्रवियों पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख तौकीर रजा की तकरीर के बाद बिहारीपुर से लौट रहे समर्थकों ने शहामतगंज में जमकर मारपीट, पथराव और तोड़फोड़ की थी। दुकानदारों के साथ भी बदसलूकी की। पुलिस ने इस मामले में अलग-अलग तहरीर पर 110 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तौकीर रजा के इस्लामिया ग्राउंड में जेल भरो आवाह्न पर शुक्रवार को सैकड़ों लोग बिहारीपुर में इकट्ठा हुए थे। दोपहर में कई घंटे तक तौकीर रजा की गिरफ्तारी को लेकर तनाव बना रहा था। मौलाना ने इस दौरान भड़काऊ बयान भी दिया था। इसके बाद शाम करीब 4 बजे वापस लौट रहे समर्थकों ने शहामतगंज बाजार में पथराव और तोड़फोड़ की थी। फूल और फल विक्रेताओं की दुकान फेंकते हुए उनके साथ मारपीट की। जिसमें दो लोग घायल हो गए। मामले की जानकारी पर एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी सिटी राहुल भाटी, बारादरी थाना प्रभारी अमित पांडेय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लाठियां फटकारते हुए भीड़ को खदेड़ा था। इस मामले में जगतपुर पुराना शहर निवासी कपिल शर्मा ने करीब 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि वह अपने साथी सुनील सागर के साथ जा रहे थे। अचानक शहामतगंज क्षेत्र में कुछ लोगों ने उनपर हमला कर दिया और उसकी बाइक तोड़ दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से हजियापुर निवासी मुस्तकीम ने करीब 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें मारपीट, धमकी आदि का आरोप लगाया गया है।




शहामतगंज स्थित कार्यालय में प्रेसवार्ता करते उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### तौकीर की सुरक्षा वापस करने और नुकसान की भरपाई की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** शहामतगंज में शुक्रवार को पथराव और तोड़फोड़ के बाद व्यापारियों में रोष है। शनिवार को व्यापारी संगठनों ने मौलाना तौकीर रजा पर भड़काऊ बयान देने के मामले में रासुका लगाने, सुरक्षा वापस लेने और नुकसान की भरपाई की मांग की। व्यापारियों ने उपद्रवियों पर भी सख्त कार्रवाई की मांग की है। शहामतगंज स्थित कार्यालय में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने प्रेसवार्ता में कहा कि तौकीर रजा के कारण शुक्रवार को व्यापारियों पर हमले हुए। दुकानों को लूटा गया और भीड़ हिंसक हो गई। बाजार बंद होने से करीब 15 करोड़ रुपये का बाजार प्रभावित हुआ। कहा कि तौकीर के कारण साल 2010 में दंगे हुए थे। उसमें भी व्यापारियों की बड़े पैमाने पर दुकानें जलाई गई थीं। साल 2012 में फिर दुकान जलाई गईं। अब फिर जहरीले बयान देकर शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की गई।

## एलएलबी परीक्षा में नकल करते पांच परीक्षार्थी पकड़े

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा में पांच परीक्षार्थियों को नकल करते पकड़ा गया। इनमें दो छात्राएं हैं। सभी का यूएफएम कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी गई है। शनिवार को एलएलबी की परीक्षा भी समाप्त हो गई और 12 फरवरी को बीएएलएलबी की परीक्षा समाप्त होगी। बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा की शुरुआत से ही लगातार नकल मिलने के सामने आ रहे हैं। कॉलेज के सचल दल ने करीब 10 छात्रों को नकल करते पकड़ा।

इसके अलावा परिसर में जगह-जगह छिपी हुई नकल भी मिली। जब सख्ती की गई तो छात्रों ने हंगामा भी किया। इसके चलते शिक्षक संघ भी विरोध में आ गया। शनिवार को दोपहर 2:30 से 5:30 बजे की पाली में एलएलबी प्रथम वर्ष की परीक्षा थी। परीक्षा के दौरान कॉलेज के सचल दल ने तलाशी ली तो एक छात्र और एक छात्रा को नकल के साथ पकड़ा गया। इसके बाद परीक्षा समाप्ति से कुछ देर पहले चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने सचल दल के साथ चेकिंग की तो दो छात्रों और एक छात्रा को नकल के साथ पकड़ा गया। चीफ प्रॉक्टर ने बताया कि चार परीक्षार्थियों के पास से गेसपेपर के पेज मिले हैं। एक छात्रा पुराने प्रश्नपत्र पर नकल लिखकर लाई थी। सभी को बुक कर दिया गया है।

### परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परास्नातक विषम सेमेस्टर प्रथम और तृतीय की परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। कुछ प्रश्नपत्रों के एक ही दिन पड़ने से छात्रों को परेशानी को देखते हुए यह बदलाव किया गया है। परीक्षा 2:30 से 4:30 बजे तक होगी। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक 26 फरवरी को एमए प्रथम सेमेस्टर का ड्राइंग एंड पेंटिंग, 27 को तृतीय सेमेस्टर के मनोविज्ञान और ड्राइंग एंड पेंटिंग और 29 फरवरी को तृतीय सेमेस्टर के मनोविज्ञान के प्रश्नपत्रों की परीक्षा में बदलाव किया गया है।

## युवक की पिटाई कर 26 हजार की नगदी लूट ले गए हमलावर

लखीमपुर खीरी कार्यालय

- पिटाई से युवक की हालत गंभीर जिला अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार:** शहर की संकटा देवी चौकी क्षेत्र में अज्ञात हमलावरों ने युवक की लोहे की रॉड से पिटाई कर उसके पास से 26 हजार रुपये की नगदी लूटकर भाग गए।

तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शहर के मोहल्ला शिव कॉलोनी निवासी मनोज सोनी ने बताया कि वह हीरो शोरूम में काम करता है। शुक्रवार की देर शाम काम निपटाकर घर जा रहा था। उसके पास 26 हजार की नगदी थी। रात करीब 9 बजे से कृष्ण टॉकीज के पास 5-6 लोगों ने पीछे से उसे दबोच लिया और लोहे की रॉड से पिटाई शुरू कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है आरोपी 26000 रुपए भी छीन ले गए। हमलावरों के जाने के बाद उसने पुलिस और परिवार वालों को सूचना दी। सूचना पाकर परिजनों के साथ ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेजकर आरोपियों की तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया हमलावरों और घायल युवक के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है। जिसमे सिर्फ मारपीट हुई है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## गिरफ्तार करना है तो जहां बुलाओगे हाजिर हो जाऊंगा: तौकीर

**बरेली, अमृत विचार :** वीएचपी की एनएसए की कार्रवाई की मांग पर मौलाना तौकीर रजा ने कहा कि वह तो गिरफ्तारी देने के लिए गए थे लेकिन उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया। वह जिन बेईमानियों की बात कर रहे हैं, वह सब उजागर हैं। इसलिए उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। अगर गिरफ्तार करना है तो जब और जहां बुलाओ, वह हाजिर हो जाएंगे। उन्होंने शहामतगंज में बवाल के मामले में कहा कि शांति से जाते हुए लोगों पर किसने पत्थर मारे यह जांच का विषय है। प्रशासन ने सख्ती दिखाई वरना दंगा करने की पूरी तैयारी थी। उन्होंने किसी तरह का भड़काऊ बयान नहीं दिया है, जिसने यह काम किया, उस पर कार्रवाई हों। हम लोग पीटे जा रहे हैं और हमारे ऊपर ही मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। कार्रवाई नहीं हुई तो फिर धरना देंगे।

## वारंटी अवधि में खराब हुई वाशिंग मशीन, आयोग ने लगाया जुर्माना

बरेली कार्यालय

- नई मशीन के साथ वाद व्यय भी देना होगा, भुगतान अवधि तक सात प्रतिशत ब्याज

**अमृत विचार :** करीब दो साल पहले खरीदी वाशिंग मशीन में आई खराबी मामले में आयोग ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया। वादी को नई मशीन और वाद व्यय देने का कंपनी को आदेश या गया है। भुगतान की अवधि तक सात प्रतिशत के हिसाब से ब्याज भी देना होगा।

पीलीभीत बाईपास रोड के पंचशील नगर निवासी सीमा सागर ने बताया कि 7 अक्टूबर 2021 को थर्ड पार्टी फाइनेंस कराकर व्हर्लफूल वाशिंग मशीन खरीदी थी। नियमित रूप से किस्त की अदायगी करती रही। वारंटी अवधि में ही मशीन खराब होने पर प्रेमनगर स्थित व्हर्लफूल के सर्विस सेंटर में शिकायत की। सर्विस सेंटर मशीन को सही नहीं कर सका। इसके बाद उन्होंने 15 जनवरी 2022 को उपभोक्ता आयोग प्रथम में वाद दायर किया। वादकारी के पक्ष से अधिवक्ता संजय कुमार वर्मा ने आयोग में साक्ष्यों के साथ मामले को रखा।

उपभोक्ता आयोग प्रथम के अध्यक्ष राधेश्याम यादव ने वादी के पक्ष में फैसला सुनाया कि कंपनी वादकारी को दो माह के अंदर नई वाशिंग मशीन, वाद व्यय का 10 हजार रुपया दे। मशीन की जगह 26 हजार रुपये और वाद व्यय का पैसा भी दे सकते हैं। भुगतान की अवधि तक सात प्रतिशत के हिसाब से ब्याज भी चुकता करना होगा। मशीन और वाद व्यय की रकम कंपनी, रिटेलर या सर्विस सेंटर कोई भी दे सकता है।

## मौलाना तौकीर के बयानों पर आक्रोश

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** बरेली में मौलाना तौकीर रजा पर भड़काऊ बयान देकर हिंसा भड़काने का आरोप लगाते हुए हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया और अशोक चौराहे पर तौकीर रजा का पुतला फूंका।

उन्होंने नारेबाजी करते हुए सीएम को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है। हल्द्वानी के बनभूलपुरा में पत्थरबाजी और आगजनी की घटना के बाद शुक्रवार को मौलाना तौकीर रजा ने बरेली में आंदोलन करना चाहा पर पुलिस की नाकेबंदी से वह आगे नहीं बढ़ पाए। फिर भी वहां तोड़फोड़ और पत्थर बाजी की घटना हुई। शनिवार को हिन्दू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिला प्रभारी विपिन मिश्रा की अगुवाई में तमाम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जुलूस की शक्ल में अशोक चौराहा पहुंचकर नारेबाजी कर मौलाना तौकीर रजा का पुतला फूंककर गुस्सा निकाला। मांग की गई है कि मौलाना तौकीर रजा ने बरेली में भड़काऊ भाषण देकर भीड़ इकट्ठा की और फिर अराजक तत्वों ने दुकानों में तोड़फोड़ की। हिंसा भड़का कर देश का माहौल खराब करने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि मौलाना तौकीर रजा द्वारा प्रायोजित तरीके से लगातार ऐसे कृत्य किए जाते हैं। मौलाना तौकीर रजा और अन्य अराजक तत्वों की रासुका के तहत गिरफ्तारी की मांग उठाई। पदाधिकारियों ने पुतला दहन के बाद सीएम को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार सुखवीर सिंह को सौंपा। विरोध प्रदर्शन में विपिन मिश्रा, पीयूष जायसवाल, सुधीर शुक्ला, आशीष कुमार बाजपेई, बलवंत सिंह, प्रांशु, ब्रजेश कुमार, रिशू मिश्रा, वीर शुक्ला, पारुल मिश्रा, राजेश आदि रहे।




गोला के अशोक चौराहे पर पुतला फूंकते हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- अशोक चौराहे पर नारेबाजी कर फूंका तौकीर रजा का पुतला

# कोहरा सीजन से निरस्त ट्रेनों ने बाकी में बढ़ा दी भीड़

मुरादाबाद कार्यालय

- मार्च के पहले सप्ताह तक बहाल होंगी लंबे समय से निरस्त ट्रेनें
- महत्वपूर्ण ट्रेनों के नहीं चलने से यात्रियों को परेशानी बढ़ी

**अमृत विचार:** कोहरा सीजन के मद्देनजर निरस्त ट्रेनों के बहाल होने में अभी देरी है जबकि, मंडल मुख्यालय से होकर आने-जाने वाली ट्रेनों में इन दिनों भीड़ बढ़ गयी है। दैनिक यात्री तो मजबूर होकर दूसरे साधन का सहारा ले रहे हैं। शनिवार को कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के नहीं चलने का भी रेल सेवा पर व्यापक असर देखा गया। उत्तरांचल संपर्क क्रांति के दोनों फेरे निरस्त होने से यात्री परेशान हुए।

नई दिल्ली से चलने वाली काशी विश्वनाथ के निरस्त होने से मुख्य रूप से वाराणसी जाकर बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने वाले गुस्से में दिखे। निशा रानी, प्रयांशी और लाइनपार के जर्नादन को यात्रा निरस्त करनी पड़ी। जनसेवा एक्सप्रेस को रेल प्रबंधन ने निर्धारित रूट से डायवर्ट कर दिया है। सीतापुर- लखनऊ सेक्शन में रेल पटरी मरम्मत की वजह से जननायक एक्सप्रेस को बदले रूट से चलाया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि अब लंबी दूरी की ट्रेनों की समयबद्धता में तेजी के साथ सुधार हुआ है। ऐसे में रूटीन में चलने वाली ट्रेनों में भीड़ बढ़ गयी है, जबकि कोहरा सीजन के चलते निरस्त की गयी ट्रेनें मार्च माह के पहले सप्ताह से चलाई जाएंगी।

बात अगर शनिवार की ही करें तो लालकुआं एक्सप्रेस, रामनगर लिंक, जनता एक्सप्रेस, बरेली-दिल्ली एक्सप्रेस और काठगोदाम-दिल्ली मेल को अचानक निरस्त कर दिया गया है। उधर, हावड़ा से देहरादून के बीच चलने वाली उपासना एक्सप्रेस के यात्रियों को नौ घंटे इंतजार करना पड़ा। अंत्योदय एक्सप्रेस की प्रतीक्षा में भारी संख्या में यात्री स्टेशन पर बैठे रहे। हिमगिरि, दून और श्रमजीवी एक्सप्रेस के यात्रियों ने रेल प्रबंधन से सेवा में रुकावट को लेकर सोशल मीडिया पर नाराजगी व्यक्त की है।

### सीतापुर सेक्शन में ब्लॉक और डायवर्जन से रेल यात्री प्रभावित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीतापुर जंक्शन और सीतापुर सिटी स्टेशन के बीच रेल ब्लॉक का असर ट्रेनों के संचालन पर है। बालामऊ- सीतापुर की स्पेशल ट्रेन (04353/54) और बालामऊ- सीतापुर सिटी के बीच चलने वाली (04321/22) 13 फरवरी को भी निरस्त है। अमृतसर से दरभंगा के बीच चलने वाली गाड़ी (15212) 12 फरवरी तक रोजा-लखनऊ- बाराबंकी-बुढवल के रास्ते चलेगी। गाड़ी संख्या (15211) 12 फरवरी तक बुढवल- बाराबंकी, लखनऊ- रोजा होकर चलेगी। अमृतसर- गोरखपुर को चलने वाली ट्रेन (22424) 11 फरवरी को रोजा-लखनऊ- बुढ़वल- बाराबंकी रूट से चलेगी। यहा ट्रेन 12 फरवरी को इसी रूट से वापसी करेगी। अमृतसर- सहरसा एक्सप्रेस (15532) 12 फरवरी को रोजा-लखनऊ-बाराबंकी- बुढ़वल से चलेगी। 11 फरवरी को इस ट्रेन को बुढ़वल- बाराबंकी- लखनऊ- रोजा रूट से चलाया जाएगा। कानपुर सेंट्रल से सीतापुर सिटी के बीच चलने वाली (04328) 13 फरवरी को बालामऊ- सीतापुर के बीच निरस्त रहेगी। सीतापुर सिटी- कानपुर सेंट्रल स्टेशन के बीच ट्रेन संख्या (04327) 13 फरवरी तक निरस्त है। रक्सौल से आनंद विहार के बीच चलने वाली (15274) 12 फरवरी को रास्ते में 55 मिनट रोकी जाएगी। सहरसा- अमृतसर के बीच चलने वाली (15531) 11 फरवरी को रास्ते में 57 मिनट रोकी जाएगी। कामाख्या- वैष्णोदेवी एक्सप्रेस 11 फरवरी को कामाख्या स्टेशन से 210 मिनट बाद रवाना की जाएगी।

### हल्द्वानी नहीं रुकेंगी गरीबरथ और बाघ एक्सप्रेस

**बरेली, अमृत विचार :** हल्द्वानी में कर्फ्यू लगने के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया है। शनिवार से रेलवे ने हल्द्वानी में ट्रेनों के ठहराव पर रोक लगा दी गई है। इनमें बरेली से गुजरने वाली गरीबरथ, बाघ एक्सप्रेस समेत तीन ट्रेनें भी शामिल हैं। इसकी वजह से यात्रियों को दिक्कत हो रही है। शुक्रवार को ट्रेनों लालकुंआ तक ही चलाई जा रही थीं। अब शनिवार को ट्रेनें का संचालन काठगोदाम तक किया जा रहा है लेकिन हल्द्वानी में ठहराव पर रोक लगाई है। 15043 लखनऊ-काठगोदाम एक्सप्रेस, 13019 हावड़ा काठगोदाम बाघ, 12209 काठगोदाम गरीबरथ, 15044 काठगोदाम-लखनऊ, 12210 कानपुर सेंट्रल गरीबरथ, 13020 काठगोदाम हावड़ा बाघ एक्सप्रेस ट्रेनें हल्द्वानी स्टेशन पर नहीं रोकी जाएंगी। वहीं मंडल से आरपीएफ का अतिरिक्त स्टाफ भी हल्द्वानी स्टेशन पर सुरक्षा के लिए भेजा गया है। इज्जतनगर रेल मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि हालात सामान्य होने तक फिलहाल हल्द्वानी में ट्रेनें रनथ्रू ही गुजारी जाएंगी।

## प्लॉट के बहाने ठगे 30 लाख, दस पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने महिला समेत 10 आरोपियों पर 30 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मानिक कंसल ने पुलिस को बताया है कि छजलैट के गांव अकबरपुर चैदरी निवासी आसिफ खान और छजलैट के मनोज चौधरी से उनकी मुलाकात कांठ के सलेमपुर निवासी महमूदा खातून, उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रतनपुर रुड़की निवासी शब्बीर अहमद व अशरफ अली, रुड़की के भरतपुर निवासी अकबर और रुड़की के ही उन्डेड़ी कान्हापुर निवासी सीताराम व उसके भाई ओमप्रकाश से कराई थी। उनकी मुलाकात सिविल लाइन के जिगर कॉलोनी निवासी सुहैल इकराम व अलमाब हुसैन के साथ हुई थी। सभी ने बताया था कि अगवानपुर चौकी क्षेत्र में डेंटल हॉस्पिटल के पीछे उनका प्लॉट है। आरोपियों ने उनसे संबंधित प्लाट का सौदा 30,01,000 रुपये में किया था। धनराशि भी बैंक खाते से ले लिए थे। लेकिन, बाद में मुकर गए।

## रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में डॉ. लता ने की शिविर की शुरुआत

**बरेली, अमृत विचार :** रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज की ओर से शनिवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। जिसकी शुरुआत करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने बताया कि क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फाइलेरिया होता है। इस बीमारी के लक्षण 5 से 15 साल में दिखाई देते हैं।

ऐसे में हर कोई खुद को फाइलेरिया ग्रसित मानकर दवा का सेवन करे और खुद के साथ ही आने वाली पीढ़ी को भी इससे सुरक्षित बनाए। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है, इसलिए लक्षण आने का इंतजार न करके दवा का सेवन करना ही समाज हित में है। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों की ओर से भी स्वास्थ्य विभाग का सहयोग किया जा रहा है। शिविर में 50 से अधिक लोगों को फाइलेरियारोधी दवाई खिलाई गई। डॉ. रश्मि कटयाल, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. शालिनी चंद्रा, डॉ. दीपक उपाध्याय, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. भानु प्रताप, पॉथ संस्था के डॉ. नितिन गोपी आदि मौजूद रहे।

## फर्जी हस्ताक्षर कर कोल्ड स्टोर हड़पने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर के व्यापारी ने फिरोजाबाद के ठगों पर फर्जी डिजिटल हस्ताक्षर से कोल्ड स्टोर की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। जब व्यापारी ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी।

एडीजी के निर्देश पर इज्जतनगर थाना पुलिस ने दो भाइयों समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महानगर कॉलोनी उज्जवल वाटिका निवासी कुलदीप सक्सेना ने बताया कि उनका फिरोजाबाद के सिरसागंज में साई श्रद्धा नाम से कोल्ड स्टोर है। फिरोजाबाद के तिलयानी गांव के गिरधर सिंह और गजाधर सिंह से कोल्ड स्टोर का सौदा हुआ था।

## एक नजर

### ट्रेन में गोली चलने से आरपीएफ जवान की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह आरपीएफ के एक कांस्टेबल की राइफल से गोली चलने से मौत हो गई और एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि सुबह लगभग पौने छह बजे छपरा से दुर्ग जा रही सारनाथ एक्सप्रेस के उसलापुर स्टेशन से रायपुर स्टेशन के लिए एस्कॉर्ट कर आरपीएफ की टीम के एक कांस्टेबल की राइफल से एसटू कोच से उतरते समय गोली चल गई। यह गोली खुद उसी कांस्टेबल को लगी और यह गोली उनके शरीर से निकाल कर ऊपर के बर्थ पर सो रहे एक पैसेंजर को भी लग गई। गोली सीने में लगने से कांस्टेबल दिनेश चंद्र की मौत हो गई। वह राजस्थान का निवासी था। गंभीर रूप से घायल यात्री मोहम्मद दानिश को इलाज के लिए राजधानी के लिए एक बड़े निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उसकी स्थिति गंभीर बताई गई है। घटना के कारणों की जांच जारी है।

### बीएसएफ ने पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल ने गुरदासपुर सीमा पर एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि शुक्रवार की रात के समय, ड्यूटी पर तैनात सतर्क बीएसएफ जवानों ने गुरदासपुर जिले के गांव रॉसी के पास सीमा पर एक संदिग्ध ड्रोन की गतिविधि को रोका। सैनिकों ने त्वरित प्रतिक्रिया दिखाते हुए उस पर गोलीबारी की और उसे मार गिराया। क्षतिग्रस्त ड्रोन नियंत्रण खो बैठा और एक खेत में गिर गया।

### ध्रुपद गायक लक्ष्मण भट्ट तैलंग का निधन

**जयपुर।** ख्यातिनाम ध्रुपद गायक लक्ष्मण भट्ट तैलंग का शनिवार को यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। उनके परिजन ने यह जानकारी दी। उन्हें 25 जनवरी को पद्मश्री पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई थी। तैलंग के परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्हें सीने में संक्रमण के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार सुबह उनका निधन हो गया। ब्रह्मपुरी इलाके में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस वर्ष जिन हस्तियों को पद्म पुरस्कार देने की घोषणा की गई है उनमें लक्ष्मण भट्ट तैलंग भी थे। ध्रुपद गायकी का संत साधक कह जाने वाले तैलंग ने गायन की नई शैली ''पचरंग'' रची थी।

# राम के बिना भारत की कल्पना नहीं :शाह

## गृहमंत्री ने लोस में कहा-22 जनवरी का दिन देश को विश्वगुरु की राह पर ले जाने वाला

**नई दिल्ली, एजेंसी**



गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को लोकसभा में कहा कि राम के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती तथा 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का दिन भारत को विश्वगुरु बनने के मार्ग पर ले जाना वाला है।

उन्होंने लोकसभा में शनिवार को नियम 193 के तहत 'ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर के निर्माण और श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा' विषय पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि अयोध्या मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने भारत के पंथनिरपेक्ष चरित्र को उजागर किया तथा दुनिया में कोई ऐसा देश नहीं है जहां बहुसंख्यक समाज ने अपनी आस्था के निर्वहन के लिए इतनी लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी है।

उन्होंने विपक्षी दलों का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए कहा, हमारे गुजरात में एक कहावत है, हवन में हड्डी नहीं डालनी चाहिए। पूरा देश जब आनंद में डूबा है तो स्वागत कर लो, साथ में जुड़ जाओ। इससे देश का भला होगा और सभी का भला होगा। गृह मंत्री का कहना था कि 22 जनवरी का दिन इतिहास में 10 हजार साल तक याद रखा जाएगा। शाह ने कहा, मैं आज अपने मन की बात और देश की जनता की आवाज को इस सदन के सामने रखना चाहता हूं। जो वर्षों से कोर्ट के कागजों में दबी हुई थी। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उसे आवाज भी मिली और अभिव्यक्ति भी मिली।

उनका कहना था कि सदन में आजादी के बाद जो महत्वपूर्ण प्रस्ताव आए हैं उनमें एक यह रामजन्म भूमि से संबंधित प्रस्ताव है। गृह मंत्री ने कहा, 22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन गया है। जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वो अपने अस्तित्व को खो देते हैं। उनके अनुसार, 22 जनवरी का दिन 1528 में शुरू हुए एक संघर्ष और एक आंदोलन के अंत का दिन है और 1528 से शुरू हुई न्याय की लड़ाई, इस दिन समाप्त हुई।

शाह ने कहा, ''22 जनवरी का दिन करोड़ों भक्तों की आशा, आकांक्षा और सिद्धि का दिन है। ये दिन समग्र भारत की आध्यात्मिक चेतना का दिन बन चुका है। ये दिन मां भारती के विश्व गुरु के मार्ग पर ले जाने को प्रशस्त करने वाला दिन है। उनके अनुसार, उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने दुनिया में भारत के पंथनिरपेक्ष चरित्र को उजागर किया। दुनिया में कोई ऐसा भी देश नहीं है जहां बहुसंख्यक समाज ने अपनी आस्था का निर्वहन के लिए इतनी लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी है।

### बाबरी मस्जिद थी, है और हमेशा रहेगी : ओवैसी

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन औवैसी ने शनिवार को लोकसभा में दावा किया कि बाबरी मस्जिद थी, है और हमेशा रहेगी। उन्होंने सदन में नियम 193 के तहत ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर के निर्माण और श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा विषय पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि वह बाबर, जिन्ना औ औरंगजेब के प्रवक्ता नहीं हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' की घोषणा पर सवाल खड़े किए और कहा कि यह बताता है कि इंसाफ या जिंदा है या जुल्म को बरकरार रखा जा रहा है। हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ने सवाल किया, क्या मोदी सरकार एक धर्म की सरकार है या सभी धर्मों को मानने वालों की सरकार है। ओवैसी का कहना था कि राम मंदिर के विषय पर तथाकथित धर्मनिरपेक्ष पार्टियों की चुप्पी ही उनकी रजामंदी है। उन्होंने कहा, मर्यादा पुरुषोत्तम राम की इज्जत करता हूं, लेकिन नाथूराम गोडसे से नफरत करता हूं क्योंकि गोडसे ने उस शख्स को गोली मारी जिनके मुंह से आखिरी शब्द हे राम निकला था।

## आईपीएस साहू राजस्थान के पुलिस महानिदेशक नियुक्त



**जयपुर।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी उत्कल रंजन साहू को राजस्थान का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। कार्मिक विभाग ने शनिवार रात इस बारे में आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार महानिदेशक व कमांडेंट जनरल (होमगार्ड) उत्कल रंजन साहू को राजस्थान का पुलिस महानिदेशक (पुलिस फोर्स प्रमुख) नियुक्त किया जाता है। यह नियुक्ति दो साल के लिए की गई है। दरअसल 29 दिसंबर को साहू को राज्य के डीजीपी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था जब राज्य के तत्कालीन डीजीपी उमेश मिश्रा ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। आदेश के अनुसार साहू को भारतीय पुलिस सेवा के अपेक्स स्केल (पे मैट्रिक्स में लेवल 17) पर पदोन्नत किया जाता है।

## जेएनयू छात्र संघ चुनाव: एबीवीपी और वामपंथी सदस्यों में झड़प

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ दोनों पक्षों ने कुछ सदस्यों के घायल होने का किया दावा

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर बुलाई एक बैठक के दौरान शुक्रवार देर रात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध एबीवीपी और वाम दल समर्थक समूहों के बीच झड़प हो गई जिसमें दोनों पक्षों ने अपने कुछ सदस्यों के घायल होने का दावा किया है। दोनों पक्षों ने इस झड़प के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं जबकि जेएनयू प्रशासन ने अभी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

परिसर में 2024 के जेएनयू छात्र संघ चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग के सदस्यों को चुनने के लिए साबरमती ढाबे पर विश्वविद्यालय आम सभा की बैठक (यूजीबीएम) बुलाई गई थी। इस दौरान छात्र समूहों के बीच झड़प हो गई। वाम दल से संबद्ध 'डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन' (डीएसएफ) ने आरोप लगाया कि एबीवीपी के सदस्य मंच पर चढ़ गए और परिषद के सदस्यों तथा वक्ताओं के साथ धक्का-मुक्की की। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने दावा किया कि जेएनयूएसयू अध्यक्ष आइशी घोष पर एबीवीपी के छात्रों ने हमला किया। एबीवीपी ने आरोप लगाया कि एमए अंतिम वर्ष के छात्र प्रफुल्ल पर एक धारदार हथियार से हमला किया गया। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने कहा कि वह जेएनयू प्रशासन के संपर्क में है और मामले की जांच कर रही है।

## कोविंद के नेतृत्व में बनी समिति ने की समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार पर मंथन करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में पिछले साल सितंबर में गठित उच्च स्तरीय समिति ने शनिवार को अब तक इस दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की। समिति ने राजनीतिक पार्टियों, पूर्व न्यायाधीशों और राज्य चुनाव आयोगों के साथ चल रहे मंथन का भी आकलन किया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, समिति ने अलग से द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के प्रतिनिधिमंडल से संवाद किया जिसका नेतृत्व पी.विल्सन कर रहे थे। इस दौरान पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी के रुख से समिति को अवगत कराया।

## एनआईए कोर्ट ने फरार आरोपी की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया

**मालेगांव ब्लास्ट मामला**

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र के मालेगांव में वर्ष 2008 में हुए बम विस्फोट के 16 वर्षों के बाद, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने फरार आरोपी रामचंद्र गोपाल सिंह कलसांगरा की संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया है। विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने एनआईए की ओर से दायर एक आवेदन पर यह आदेश पारित किया, जिसमें कहा गया कि आरोपी को समन भेजे जाने और तलाशी के बावजूद जांचकर्ताओं के समक्ष वह पेश होने में विफल रहा इसलिए उसकी संपत्ति कुर्क करने की मांग की गई थी।

न्यायमूर्ति लाहोटी ने अपने आदेश में कहा, अदालत ने वांछित आरोपी कलसांगरा के खिलाफ वारंट जारी किया। वारंट निष्पादित नहीं किया जा सका क्योंकि अभियुक्त फरार था और अपनी उपस्थिति को छुपा रहा था, इसलिए उद्घोषणा जारी करने का आदेश पारित किया गया लेकिन आरोपी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। इसलिए, अभियुक्त की संपत्ति को कुर्क करने के लिए इस न्यायालय ने कुर्की वारंट जारी किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, कालसांगरा ने मालेगांव में एक मस्जिद के पास विस्फोटक से भरी बाइक रखी थी और यह बाइक भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर के नाम से थी। ज्ञात रहे 29 सितंबर, 2008 को मालेगांव में हुए बम विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई थी और 80 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

# दंगाई गौला से फरार, बनभूलपुरा के 100 से ज्यादा हिरासत में

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** मलिक का बगीचा में पथराव, अगजनी और थाना फूंकने के बाद पुलिस ने इलाके से जले वाहनों को हटाया, गलियां साफ की और शनिवार को पूरे दलबल के साथ बनभूलपुरा में दंगाइयों की तलाश शुरू कर दी। सर्च अभियान चलते ही बनभूलपुरा में भगदड़ मच गई। जो बनभूलपुरा से निकलने में कामयाब हुए, वो गौला नदी और जंगल के रास्ते फरार हो गए। बावजूद इसके पुलिस ने करीब 100 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

पैरा मिलिट्री और पीएसी के साथ पुलिस दोपहर बनभूलपुरा में सर्च अभियान की शुरुआत थी। पुलिस पत्थरबाजों की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमें बना कर एक साथ सर्च अभियान चलाया। इस कार्रवाई के पहले ही पुलिस ने 50 से अधिक ऐसे लोगों को चिह्नित कर लिया था, जिन पर पुलिस को शक था और सबसे पहले इन्हीं संदिग्धों के घर पर दबिश दी गई।

पुलिस की घर-घर सर्च अभियान से बनभूलपुरा में भगदड़ मच गई। वायरल लेस पर पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग गौला नदी और जंगल के रास्ते भाग रहे हैं। जिसके बाद एक टीम को गौला नदी और जंगल की ओर भी रवाना कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान करीब सौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

इधर, बनभूलपुरा में रहने वालों ने पुलिस पर ज्यादती का आरोप लगाया। इंद्रानगर छोटी लाइन निवासी सलीम का कहना है कि दोपहर के वक्त महिला व पुरुष पुलिस बल उनके घर में घुसी, तोड़फोड़ की और उनकी पत्नी रिजवाना, बेटियां शहीना व शमरीन को पीटा। जिसमें दोनों बेटियों के हाथ फ्रैक्चर हो गए। दोनों को निजी अस्पताल लाया गया। यहां बेटे मो.कैफ के साथ पहुंची शहाना ने भी पुलिस पर आरोप लगाया।



गिरफ्तार किए गए आरोपी। ● अमृत विचार

▸▸ 50 से अधिक लोगों को मामले में चिन्हित किया गया

▸▸ 6 हजार अज्ञात और बाकी बचे 14 नामजद की तलाश में पुलिस

## दंगाइयों की तलाश में पश्चिमी उप्र और दिल्ली में दबिश

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** दंगाइयों की तलाश में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। हल्द्वानी से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली तक पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। एसएसपी ने गिरफ्तारी के लिए छह टीमों को हल्द्वानी से रवाना किया है। इसके साथ ही पुलिस की सर्विलांस टीम भी नामजद और संदिग्धों की लोकेशन ट्रेस कर रही है। कुछ मुख्य संदिग्धों के नंबर बंद होने से वह सीधे तौर पर पुलिस की रडार पर आ चुके हैं।

बता दें कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा से दंगा भड़का था। दंगाइयों ने न सिर्फ सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया, बल्कि निजी व सरकारी वाहनों के साथ बनभूलपुरा थाने को भी आग के हवाले कर दिया था। सुनियोजित दंगे को अंजाम देने वाले अधिकांश लोग उसी रात फरार हो गए और बाकी बचे अगले दिन ही लगे कर्फ्यू की वजह से भाग नहीं सके। अगले ही दिन एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 6 अलग-अलग टीमों का गठन कर दिया। एलआईयू और इंटेलीजेंस के लोगों को संदिग्धों की जानकारी जुटाने में लगा दिया। जिसके बाद पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई।

# गिरफ्तार पांच में से दो निवर्तमान पार्षद

**नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** मलिक का बगीचा में अवैध धार्मिक स्थल ढहाए जाने के दौरान हुए दंगे के मास्टर माइंडों में नेताओं से लेकर जनप्रतिनिधि तक शामिल हैं। इन सफेदपोशों ने शहर की फिजा को बिगाड़ने का प्रयास किया। लोगों से लूटपाट की गई। निजी और सरकारी वाहन जलाए और यहां तक कि जानलेवा हमले तक किए।

8 फरवरी का दिन हल्द्वानी के दामन पर काला धब्बा बन गया है। दंगा करने वालों के नामों को लेकर तो पहले से ही सुगबुगाहट थी हालांकि शनिवार को पुलिस ने पांच आरोपियों के नामों का खुलासा कर दिया। उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इनमें मेहबूब आलम और जीशान परवेज नगर निगम के निवर्तमान पार्षद हैं। जीशान परवेज कांग्रेस नेता उवैस राजा का भाई है। उवैस राजा कांग्रेस में पुराना सक्रिय नेता है। अरशद के समाजवादी पार्टी के एक प्रदेश स्तरीय नेता के साथ नजदीकियां हैं।

बताया जा रहा है कि वह भी सपा का ही नेता है। वहीं, जावेद सिद्दीकी सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी का छोटा भाई है। साथ ही सपा के टिकट पर हल्द्वानी से दो बार विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं।

### पुलिस को देते रहे धोखा

**हल्द्वानी :** पकड़े गए आरोपियों में से ज्यादातर पुलिस और प्रशासन की आंख में धूल झोंकते रहे। पुलिस और प्रशासन को विश्वास में लेकर इन्होंने कहा था कि ये लोग कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने में मदद करेंगे। हालांकि बाद में पुलिस को एहसास हो गया कि ये लोग पुलिस की आंख में धूल झोंक रहे हैं और उपद्रवियों को इकट्ठा करने और उनसे हिंसा करवाने में इन्हीं लोगों का हाथ है। मौके पर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी की इन लोगों से कहासुनी भी हुई थी। हालांकि बाद में पुलिस की प्रारंभिक जांच में यही लोग हमले के मास्टर माइंड निकले।


## कार्यालय ग्राम पंचायत निरभुआ, विकास खंड शेरगढ़, जिला बरेली

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत निरभुआ, विकास खंड शेरगढ़, बरेली में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य मनरेगा योजना द्वारा कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु ईंट, रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, आदि सामग्री की सप्लाई हेतु अल्पकालीन निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्मों से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनाँक 12 फरवरी 2024 से 16 फरवरी 2024 अपरान्ह 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अपरान्ह 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० लागत |
|---|---|---|
| 1. | सबदर खाँ के घर से कब्रिस्तान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 3.99 लाख |

प्रधान-शहाना बेगम — सचिव-प्यारे लाल

## कार्यालय ग्राम पंचायत कोहनी, विकास खंड बिथरी चैनपुर (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोहनी को आबंटित/उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण निम्न अनुसार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० लागत | योजना का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | हीरा लाल के घर से श्याम लाल के घर तक सी.सी. कार्य | 397575/- | मनरेगा |
| 2. | अनवर खां के घर से लाल खां के घर तक सी.सी. कार्य | 399972/- | मनरेगा |
| 3. | इब्राहीम खां के घर से चांद खां के खेत तक सी.सी. कार्य | 397872/- | मनरेगा |
| 4. | आरिफ खां के घर से पुलिया तक सी.सी. कार्य | 399958/- | मनरेगा |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र कार्य दिवस में ग्राम पंचायत सचिव से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म मोहर बंद लिफाफे में प्राप्त निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 14.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 15.02.2024 को सायं 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सर्वथा कम दरों के अन्तर्गत आने वाली निविदा को स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

प्रधान-श्रीमती शायरा बेगम — सचिव-चन्द्रभान

## कार्यालय ग्राम पंचायत कजरीनूरपुर वि.खं. निगोही, शाहजहाँपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में उपलब्ध केंद्रीय वित्त, राज्य वित्त स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा योजना की धनराशि से व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक नाडेप, कचरा वाहन, ई रिक्शा, RRC केन्द्र का निर्माण, सोक पिट, फिल्टर चैम्बर, लीच पिट, प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इन्सीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्ढे, स्वचछता किट, आई.सी.सी./वॉल पेंटिंग, स्वच्छता नारा लेखन, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, मिट्टी भराव आदि कार्य कराये जाने है। उपरोक्त कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी, रोड़ी, मौरंग, रेता, सीमेंट, मिट्टी, सरिया, पत्थर, पाइप, एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, बजरी, ई रिक्शा, सफाई ठेली, इन्टरलॉकिंग ईट, गेट विंडो आदि सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा दिनांक 13.02.2024 दोपहर 12 बजे तक कुटेशन/निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। समस्त निविदायें उसी दिन दोपहर 02 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

रूचि यादव, ग्राम पंचायत प्रधान — मो. अकरम, ग्राम पंचायत सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत रसूइया, विकास खंड फरीदपुर (बरेली)

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रसूइया में ग्राम निधि, पंचम वित्त/पन्द्रहवा वित्त के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्नवत है :- ईंट, बजरफुट, सीमेन्ट, रेत व सरिया, कैमरे व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर CCTV कैमरा लगवाई कार्य | 250000/- |
| 2. | पुष्पेन्द्र की दुकान से सुरेन्द्र के मकान तक इंटरलॉकिंग L Type नाली निर्माण कार्य | 100000/- |
| 3. | राजेन्द्र के मकान से राजरानी के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 300000/- |
| 4. | भगवानदास के मकान से झनकारी लाल के मकान तक व L Type नाली निर्माण कार्य | 100000/- |
| 5. | रविन्द्र के मकान से राजेन्द्र के मकान तक इंटरलॉकिंग व L Type नाली निर्माण कार्य | 250000/- |

उक्त कार्य हेतु सीलबन्द निविदायें प्रकाशन के तीसरे दिन दोपहर 2 बजे निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध हैं। जो किसी भी कार्यालय दिवस पर देखी जा सकती हैं।

प्रधान-अनिता — सचिव-पूनम पाराशरी

## कार्यालय नगर पंचायत उसावाँ, बदायूँ

पत्रांक : 327/न.प.उसा./2023-24 — दिनांक : 9.2.24

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग बुनियादी/निर्दिष्ट अनुदान की द्वितीय किश्त/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न सूची में अंकित कार्य को कराने के वास्ते सीधी ऊँची दरों के आधार पर दिनांक 16.2.24 को समय 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन पंचायत कार्यालय में अपरान्ह 4 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दि. 17.2.24 को अपरान्ह 3 बजे तक पंचायत कार्यालय में निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ निम्नानुसार 2% धरोहर राशि की एफ.डी.आर./टी.डी.आर. जोकि अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बन्धक हो, धरोहर राशि के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। तथा निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त किसी भी निविदा पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी निविदा को किसी भी समय स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन राशि (Including G.S.T.) | धरोहर राशि 2% | निविदा मूल्य+ जी.एस.टी. 18% सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं. 11 श्री संजीव से श्री चन्दन तक इन्टरलॉकिंग कार्य | 2,85,700/- | 5750/- | 354/- | एक माह |
| 2. | वार्ड नं. 01 से श्री मुनश्वर से श्री भोले के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 2,09,700/- | 4100/- | 295/- | एक माह |
| 3. | वार्ड नं. 07 में श्री चुनमुन से मोरपाल तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 78,700/- | 1600/- | 118/- | एक माह |
| 4. | वार्ड नं. 02 से श्री वीरू से श्री धारा के मकान तक इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 1,69,700/- | 3500/- | 236/- | एक माह |
| 5. | नगर पंचायत उसावां के सफाई व्यवस्था में लगे सफाई कर्मचारियों के लिए आवश्यक उपकरणों की आपूर्ति कार्य (Detail as per Tender Form) | 1,20,000/- | 2400/- | 177/- | 15 दिन |
| 6. | नगर की पेयजलापूर्ति के हैण्डपम्पों के अनुरक्षण हेतु सामग्री की आपूर्ति कार्य। (Detail as per Tender Form) | 3,96,409/- | 8000/- | 472/- | 15 दिन |

शर्तें :-
1. 2: धरोहर राशि की बैंक एफ.डी.आर. अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, उसावां (बदायूँ) के पदनाम से बंधक कराते हुए निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर राशि के किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। शेष 8: जमानत राशि भुगतान से पूर्व जमा करनी अनिवार्य होगी। निर्माण कार्य के एक वर्ष उपरांत कार्य संतोषजनक स्थिति में होने पर जमानत राशि अवमुक्त की जायेगी।
2. निविदादाता को निविदा के साथ 100/- रू. के स्टाम्प पेपर पर शपथ-पत्र पब्लिक नोटरी द्वारा सत्यापित देना अनिवार्य होगा। जिसका आलेख कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
3. सशर्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
4. ब्लैक लिस्ट ठेकेदार को निविदा देने का कोई विचार नहीं होगा।
5. अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
6. ठेकेदार को समस्त निर्माण सम्बन्धी सामग्री का स्वयं अपने व्यय पर प्रबन्ध करना होगा।
7. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त ठेकेदार को सात दिन के अन्दर नियमानुसार अपने व्यय पर कार्य का निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र गठित करना होगा।
8. समस्त कार्य लोक निर्माण विभाग की अध्यावधिक विशिष्टियों के अनुसार ही पूर्ण करना होगा।
9. आयकर की कटौती ठेकेदार के भुगतान बिल से की जायेगी, विभाग की ओर से अतिरिक्त कोई भुगतान नहीं देय होगा।
10. जी.एस.टी. का प्रावधान उ.प्र. शासन द्वारा निर्गत शसनादेशानुसार किया जायेगा।

(संदीप चन्द्रा), अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत उसावां (बदायूँ) — (प्रियंका सिंह), अध्यक्ष, नगर पंचायत उसावां (बदायूँ)

## कार्यालय ग्राम पंचायत पट्टी कुर्की, वि.खं. रामनगर, जिला बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंचम राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग/योजनान्तर्गत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 की स्वकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माणाधीन कार्य हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित निर्धारित मानक/गुणवत्ता अनुसार उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत पट्टी कुर्की पर दिनांक 13.02.2024 को दोपहर 2 बजे तक निविदा बाक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। मोहर बन्द निविदायें उसी दिन सायं काल 5 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | धनराशि | धरोहर राशि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | प्रेमशंकर के घर से विद्याराम के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | ईंट, रोड़ी, बजरफुट, बजरी रेता, सीमेन्ट, बजरी, वायवेटर, पन्नी मिक्सचर मशीन आदि | 3,25,014/- | 6,500/- | 15वां वित्त/मनरेगा |
| 02. | रूम सिंह के घर से पूरन लाल के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | " | 2,10,000/- | 4,200/- | " |
| 03. | पट्टी कुर्की में आर.आर.सी. सेन्टर का निर्माण | ईंट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, लोहा, पेन्ट, सफेद सीमेन्ट आदि | 3,75,333/- | 7,506/- | " |

ग्राम प्रधान-सुरेश पाल — सचिव-प्रदीप राणा

## कार्यालय ग्राम पंचायत नवाबपुरा, वि.खं. रामनगर, जिला बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंचम राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग/योजनान्तर्गत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 की स्वकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माणाधीन कार्य हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित निर्धारित मानक/गुणवत्ता अनुसार उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत नवाबपुरा पर दिनांक 13.02.2024 को दोपहर 2 बजे तक निविदा बाक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। मोहर बन्द निविदायें उसी दिन सायं काल 5 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | धनराशि | धरोहर राशि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | मेन सी.सी. से शिव मन्दिर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | ईंट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, रेता, पन्नी, वायवेटर, मिक्सचर मशीन आदि | 2,58,913/- | 5,178/- | 15वां वित्त/मनरेगा |
| 02. | नवाबपुरा में आर.आर.सी. सेन्टर का निर्माण | ईंट, रोड़ी, सीमेंट, बजरी, रेता, सरिया, चादर, सफेद सीमेन्ट, पेन्ट आदि | 2,80,903/- | 5,618/- | " |

ग्राम प्रधान-सुशीला देवी — सचिव-कुलदीप

## कार्यालय ग्राम पंचायत बारीखेड़ा, वि.खं. रामनगर, जिला बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंचम राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग/योजनान्तर्गत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 की स्वकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माणाधीन कार्य हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित निर्धारित मानक/गुणवत्ता अनुसार उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत बारीखेड़ा पर दिनांक 13.02.2024 को दोपहर 2 बजे तक निविदा बाक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। मोहर बन्द निविदायें उसी दिन सायं काल 5 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | धनराशि | धरोहर राशि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | मोहन लाल के घर से उदयवीर के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य ल. 100 मी. चौ. 4 मी. | ईंट, सीमेन्ट, रोड़ी, बजरफुट, रेता, मिट्टी आदि | 2,52,250/- | 5,045/- | मनरेगा |
| 02. | भूरे नाई के घर से उल्फत के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | " | 1,50,000/- | 3,000/- | 15वां वित्त |
| 03. | यादराम के घर से कुंवरपाल के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य। | " | 2,00,000/- | 4,000/- | 15वां वित्त |
| 04. | हरपाल के घर से नेत्रपाल के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | " | 3,00,000/- | 6,000/- | 15वां वित्त |
| 05. | प्रेमपाल के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य | " | 50,000/- | 1,000/- | 15वां वित्त |
| 06. | महेन्द्र सागर के घर से राजू के घर तक इन्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | " | 2,75,000/- | 5,500/- | 15वां वित्त |

ग्राम प्रधान-दयावती — सचिव-प्रदीप राणा

# प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है।

ऋतुराज वसंत आ गए। सुस्वागतम! आओ वसंत। लहको, महको, महकाओ। दिग्दिगंत। भारतीय सौन्दर्यबोध के ऋतुराज को नमस्कार है। प्रकृति आपकी प्रियतमा है। वह अधीर प्रतीक्षा में थी। प्रकृति ने अपने अरुण तरुण अंग खोले। रूप रूप प्रतिरूप और बहुरूप सौन्दर्य चरम परम होते गए। अपना सारा रूप रस गंध उड़ेल दिया उसने। कलियां चटकीं, फूल खिले। वायु गंध आपूरित हैं। अनेक छन्दों में स्तुतियां हैं। ऋग्वेद का प्रख्यात छन्द गायत्री और साम का 'वृहत्साम'। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इन्हीं दोनो छन्दों में अपनी व्याप्ति बताई थी और अंत में कहा था-ऋतुओं में मैं वसंत हूं। प्रकृति वसंत की अगवानी में पुलकित है। अपनी वीणा के तार छेड़ चुकी है। प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय है। सोम ओम की प्राकृतिक मस्ती है। रस रस प्रीति। रस घनत्व से धरती अंतरिक्ष आच्छादित हैं। लेकिन भारत के कुछ लोग विदेशी वेलेन्टाइनी शीर्षासन में हैं। वे ऋतुराज और प्रकृति का प्रेम रस छोड़कर विदेशी वेलेन्टाइनी मुद्रा में हैं। श्लील अश्लील हो रहा है। वसंत उनके लिए बस-अंत है।

वसंत बौद्धिक समस्या भी है। प्रश्न है कि विश्व मानवता से वसंत का प्रथम परिचय कब हुआ? प्रकृति के हरेक जीव को मदमस्त करने वाले ऋतुराज कब पहचाने गए? ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम अभिलेख है। यहां सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को पुरुष रूप में कल्पित किया गया है हजारों सिर और हजारों पैरों वाला यह पुरुष मजेदार है। यह पुरुष समय का अतिक्रमण करता है। ऋषि के अनुसार जो हो चुका है और जो होगा वह सब पुरुष ही है। इसके एक भाग में यह विश्व है शेष तीन भाग अनंत दिव्यलोक हैं। यह ब्रह्माण्ड से भी विराट है।" सृष्टि सृजन एक पवित्र यज्ञ है। इसी सूक्त में कहते हैं "सृजन यज्ञ में यही पुरुष हवि (अग्नि में अर्पित सामग्री) बना और वसंत बना घृत-वसन्तो अस्यासी दाज्यं।" वसंत ऋग्वेद में है। इसलिए तय है कि वसंत ऋग्वेद के पुरुष सूक्त से प्राचीन है। पुरुष गहन दार्शनिक अनुभूति है। भारत की वसंत अनुभूति अतिपुरातन है। इसका मुख्य कारण है-प्रकृति के प्रति हमारे पूर्वजों की गहन प्रीति। इस प्रीति का कारण रूपों को ध्यान से देखने की द्रष्टा प्रवृत्ति है। दृष्टाभाव से उगे सौन्दर्य बोध का चरम परम वसंत है।

प्रकृति के रूप रम्य हैं। भारतीय द्रष्टा भाव और भी रम्य है। ऋग्वेद के ऋषि को वसंत सृजन यज्ञ कार्य में घी जैसा जान पड़ता है। वसंत भावोत्तेजक है। घी वैदिक ऋषियों का प्रिय रस है। रस का संबंध स्वाद से है। जिह्वा रस लेती है इसीलिए वह रसना है। ऋषियों के भावबोध में अग्नि घृत प्रिय हैं। अग्नि की अन्य अनेक विशेषताएं भी हैं। सबसे मजेदार बात है कि वे कवि भी हैं और उनकी जीभ मधुमती है। ऋषि स्वयं कवि हैं स्वाभाविक ही उनके प्रिय देवता भी कवि हैं। प्रकृति को देखने के लिए गीता वाले दिव्य चक्षु की जरूरत नहीं पड़ती। कृष्ण ने अर्जुन को विराट रूप दिखाने के पहले दिव्य चक्षु दिए थे।

प्रकृति और हम अंगांगी हैं। हम प्रकृति में हैं, प्रकृति के हैं और प्रकृति हम में हैं। हम सब मधुप्रिय हैं। ऋषि भी मधुप्रिय हैं। वे प्रकृति के सभी रूपों को मधुमय देखने के अभिलाषी हैं। बार-बार गुनगुनाने लायक एक मंत्र (ऋ0 1.90) में कहते हैं "हवाएं मधु आपूरित हों। प्रकृति चक्र मधुमय हो। नदियों के जल मधुमय हों। औषधियां, वनस्पतियां मधुर हों। पृथ्वी की धूलि और सूर्य की किरणें भी मधुर हों।" वसंत मधु अनुभूति का दर्शन दिग्दर्शन है। ऋग्वेद और उसके पहले से ही यह अनुभूति लोकजीवन को रस आपूरित करती आई है। रस का यह स्रोत कभी रीता नहीं हुआ। तैत्तिरीय ब्राह्मण में वसंत आगमन पर देवता भी आनंदमगन बताए गये हैं।

माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी वसंत स्वागत की मुहूर्त है। यही वाग्देवी सरस्वती के उदय होने की वेला है। भारतीय प्रज्ञा की आराध्य हैं सरस्वती। वे हंसवाहिनी हैं। वीणावादिनी हैं। ऋग्वेद व अथर्ववेद में वे एक नदी हैं। ऋग्वेद के ऋषियों की नदीतमा। उन्हीं की गोद में और उनका जल रस पीते भारतीय दर्शन ने अपनी काया और कान्ति पाई। इन्हीं के तट पर गायत्री जैसे अनेक मंत्र उगे। वैदिक ऋषियों ने सरस्वती को मां जाना। यहीं यज्ञ चले, यज्ञ अग्नि से साक्षात्कार हुए ऋषियों के। सरस्वती पुत्रों को 'भरतजन' नाम मिला सरस्वती तट पर। यहीं इसी तट पर अग्निधर्मा सत्य अभीप्सा 'भारत' कहलाई-तस्माद् अग्निभारत। फिर यही सरस्वती नदी रूप में विलुप्त हो गयीं। वैलेन्टाइनी सरस्वती को कल्पना मानते थे। अब सरस्वती का अस्तित्व सिद्ध हो चुका है। सरस्वती ने भारत के मन को नीर-क्षीर विवेकी बनाया। वाग्देवी सरस्वती विवेक की अधिष्ठात्री बनीं। वसंत की मस्ती में विवेक का अनुशासन जरूरी है। सोम मस्ती है और ओम् जागरण। परंपरा में दोनो हैं। वसंत के साथ सरस्वती का भी उगना सकारण है। वसंत अप्रतिम सौन्दर्यबोध है तो सरस्वती अप्रतिम आत्मबोध। जगत् में रस आपूरण है। इस रस का अजर अमर और अक्षय रस स्रोत महारस है। तैत्तिरीय के ऋषि ने उसे 'रसो वे सः' गाया है।

वसंत वैदिक मंत्रों में है। परवर्ती साहित्य में है। कालिदास के सृजन में प्रकृति की यह तरुणाई मोहक है। हिरणी हिरण की पीठ सींग से खुजलाती है। वसंत विह्वल नायिका इरावती नायक अग्निमित्र को पुष्प गुच्छ भेजती है। तुलसीदास संत थे। वसंत ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। तुलसी की अनुभूति में वसंत प्रभाव मुर्दों को भी हिला देता है-"जागे मनोभव मुएहुं मन बन सुभगता न परे कही।" श्रीराम मंगल भवन हैं, अमंगलहारी हैं। मर्यादा पुरूषोत्तम भी हैं। लेकिन कविता में वे भी वसंत खेलते हैं- खेलत वसंत राजाधिराज। सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला हमारे गांव के पड़ोस के। उनकी वसंत अनुभूति का क्या कहना? गाया है "वर्ण गंध धर मधुमरन्द भर तरू-उर की अरूणिमा तरूणतर।" कालिदास, जैसी वसंत अनुभूति को आज हम सोच भी नहीं सकते। निराला के पड़ोसी होकर भी हम लोग वसंत रस का स्वाद नहीं पाते। क्या करें? सोशल नेटवर्किंग में वसंत गंध की कोई जगह नहीं। चैटिंग का बतरस है। बात का बतंगड़ है। अब "सखि वसंत आया" जैसी शब्द धुन की फिक्र किसको है।

वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है। ऋत अन्तस् प्रवाह है और ऋतु इसी छन्दबद्ध प्रवाह का चेहरा। गतिशील जगत् में ऋत के कारण परिवर्तन आते हैं। भारत में मोटे तौर पर 6 ऋतुएं हैं। लेकिन मस्त वसंत ऋतुराज हैं। वसंत स्वयं मस्त है, मस्ती देते भी हैं। वे ऐसे वैसे मनमोहन नहीं हैं। वे जैसे मनमोहन हैं, प्रकृति के हरेक अंग को वैसी ही मनमोहन तरंग से भर देते हैं। वे सृष्टि के सभी घटकों को नृत्य तरंग और उमंग देते हैं। वसंत भारतीय लोकजीवन का उल्लास है। शुद्ध भौतिक लेकिन रस आपूरण में परिपूर्ण आध्यात्मिक भी। वसंत सनातन हैं, पुरातन हैं और हर बरस नित नए भी हैं। प्रज्ञा और मस्ती के परम्परा प्रवाह को गति देते हैं। शुभकामना है कि यह वसंत आप सबको नवउमंग और नवतरंग के उल्लास से भरे।

# रत्नों की बारिश

> मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।




रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यहां हम हीरा मोती पन्ना आदि रत्नों की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि उन भारतरत्न सम्मानों की कर रहे हैं, जिनकी सद्यः बरसाती झड़ी लग गई है। नरेंद्र मोदी के द्वारा 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनकी सरकार द्वारा अब तक 10 विभूतियों को यह प्रदान किया गया या जाएगा। इसमें कालखंडों के अनुसार वितरण बहुत असामान्य है। पांच सम्मान साढ़े नौ साल में, शेष पांच एकदम से पंद्रह दिन के अंदर, और वह भी 26 जनवरी को होने वाली सामान्य घोषणाओं में शामिल न किए जाकर, बाद में रुक-रुक कर, कुछ सोच-सोच कर। वैसे गृह विभाग के नियमों के अंतर्गत एक वर्ष में तीन ही ऐसे सम्मान दिए जा सकते हैं। लगता है इनका संबंध आसन्न लोकसभा चुनावों की गणित से है और भाजपा को 'रामास्त्र' पर पूरा भरोसा नहीं है, गर्वोक्ति चाहे जितनी करें। यहां हम अभी घोषित चौधरी चरणसिंह के नाम की विवेचना कर रहे हैं, जिसका सीधा संबंध उत्तर प्रदेश से है। चरणसिंह की धूमिल विरासत उनके पौत्र जयंत चौधरी ढो रहे हैं और उनके पितामह को यह सम्मान देकर पश्चिम उत्तर प्रदेश की जाट बेल्ट में वोटों की तलाश माना जा रहा है।

विगत में कथित किसान आंदोलन में राकेश टिकैत द्वारा सड़कें घेरने से सरकार को घुटने टेकने पड़े थे और तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े थे, भाजपा का इस पट्टी में असर क्षीण हुआ और इधर रालोद मुखिया जयंत चौधरी भी 'अखिलेश से ताल मेल कर रहे थे। ऐसे में इस पट्टी को साधने के लिए जयंत को लोकसभा टिकट, उनकी पत्नी को राज्यसभा प्रवेश और उनके बाबा को भारत रत्न देकर अखिलेश के पाले से खींचा गया है। दांव कितना कारगर होगा, यह समय बताएगा। वैसे चौधरी चरणसिंह दल बदल प्रथा के जनक माने गए हैं और उन्हें लोग 'चेयरसिंह' कहने लगे थे। उत्तर प्रदेश में उन्होंने अपनी ही चन्द्रभानु गुप्त सरकार गिराई थी, जब उनके चहेते दो व्यक्ति उदित नारायण शर्मा और जयराम वर्मा को गुप्त जी ने मंत्री नहीं बनाया था। चौधरी साहब ने चलते सदन में 17 विधायक लेकर फ्लोर क्रास की थी। यही नहीं केंद्र में भी अपनी मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।

इंदिरा ने तुरंत समर्थन वापस ले लिया और ये लोकसभा फेस नहीं कर पाए और इस्तीफा देना पड़ा। यानी देश के इतिहास में एक ऐसा प्रधानमंत्री भी हुआ, जिसका सदन में एक क्षण को भी बहुमत नहीं रहा। हालांकि उन्होंने कहा था, 'मेरी तमन्ना पूरी हुई और हर व्यक्ति को इस पद की चाहत रखनी चाहिए'। भाजपा के पुरखे अटलविहारी बाजपेयी और कांग्रेस से हटे बाबू जगजीवनराम ने तब चुटकी लेते हुए कहा था, "बुजुर्ग की तमन्ना पूरी हुई"।

# मनुष्य का धर्म, मनुष्यता यानी नैतिकता



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती।

धर्मो रक्षति रक्षितः धर्म की रक्षा करो तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा? वाह, क्या बात है! माने धर्म लेन-देन की चीज़ है, कोई कॉन्ट्रैक्ट है-एक हाथ दो, दूसरे हाथ लो। इस श्लोकांश ने बहुत भ्रम फैलाया है। पूरा श्लोक है-धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।

तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्म हतोऽवधीत्॥ (मनुस्मृति 8:15) (धर्म नष्ट होने पर (पालन न किए जाने पर) नष्ट करता है और रक्षित होने पर रक्षा करता है। इसलिए धर्म को नष्ट नहीं करना चाहिए (उसका उल्लंघन नहीं करना चाहिए) ताकि नष्ट हुआ धर्म हमें नष्ट न कर दे।) तो धर्म की "रक्षा" का एकमात्र अर्थ है धर्म का पालन। धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती। और 'धर्म' का पालन कैसे होता है? पूजा-पाठ करके, ईश्वर-नाम का जप करके, यज्ञ-हवन करके? नहीं। यह सब मनोपचार है। हमारे मन की शांति और सुस्थिरता के लिए है। हम नियमित पूजा-पाठ करते रहें, ईश्वर का नाम जपते रहें और कोई छुरा लेकर हमारा गला काटने आ जाए तो धर्म कहीं से प्रकट होकर उसका छुरा छीन लेगा और उसे पटककर लतियाना शुरू कर देगा? आपको नहीं लगता, ऐसा कुछ होने वाला नहीं, यह शुद्ध अंधविश्वास है? तो अपनी रक्षा का इंतज़ाम हमें स्वयं करना पड़ेगा। किंतु असली 'धर्म' का पालन करने से असुरक्षा का ख़तरा कुछ कम अवश्य हो सकता है, बशर्ते वह असली धर्म हो। सवाल है असली धर्म क्या है? मनुस्मृति बहुत बदनाम ग्रंथ है, फिर भी कहां लिखा है कि बदनाम लोगों या बदनाम चीज़ों में कोई अच्छी बात हो ही नहीं सकती।

मनुस्मृति में ही धर्म के लक्षण देख लीजिए- धृतिः क्षमा दमोऽस्त्येयं शौचमिन्द्रि यनिग्रहः। /धीर्विद्या सत्यीमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।। (मनुस्मृति, 6.92)

(धैर्य, क्षमा, आत्मनियंत्रण, अस्तेय (किसी चीज़ की चोरी न करना), शौच (भीतर-बाहर से पवित्र रहना), इन्द्रिय-निग्रह (इन्द्रियों को भटकने से रोकना), बुद्धिमत्ता (विवेकशीलता), विद्या (ज्ञानार्जन करना), सत्य, और क्रोध पर क़ाबू रखना, धर्म के यही दस लक्षण हैं।) यानी धर्म माने नैतिकता-पूजा-पाठ नहीं। हम आत्मनियंत्रण रखें, चोरी न करें, इंद्रियों को भटकने से रोकें, विवेकशील बनें (आत्मरक्षा भी विवेकशीलता में शामिल नहीं है?), सोच-समझकर सत्य ही बोलें, क्रोध पर क़ाबू रखें तो हमारी रक्षा की संभावना अधिक नहीं होगी? धर्म माने वह जो मनुष्य को पशुओं से पृथक करता है, उनसे बेहतर बनाता है- आहारनिद्रा भय मैथुनं च सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम्।

धर्मो हि तेषामधिको विशेषः धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः॥ (महाभारत, शांति पर्व, 264.26) यानी धर्म माने नैतिक-बोध, विवेक, परिस्थिति विशेष में ग़लत-सही का निर्णय करने की क्षमता और तदनुरूप व्यवहार करने की प्रवृत्ति। अतिसंक्षेप में धर्म माने- श्रूयतां धर्मसर्वस्वं, श्रुत्वा चैवावधार्यताम्।/आत्मनः प्रतिकूलानि, परेषां न समाचरेत्।। (पद्मपुराण, सृष्टि खण्ड, 19.357)(धर्म का सर्वस्व सुनो और सुनकर उसे अमल में लाओ। जो अपने को प्रतिकूल लगता है, वैसा दूसरों के साथ नहीं करना चाहिए।) जी हां, धर्म का व्याकरणिक या व्युत्पत्तिमूलक अर्थ भी हमें इसी निष्कर्ष तक ले जाएगा। 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' यही न? क्या मतलब हुआ इसका? धर्म वह है जो लोक को, ब्रह्मांड को धारण करता है (पूजा-पाठ नहीं)। सवाल है हमारे लिए, मनुष्य के लिए धर्म क्या है? बहुत सोचिए, बहुत विचारिए किंतु जवाब वही मिलेगा। मनुष्य का धर्म मनुष्यता यानी नैतिकता। यानी धैर्य, क्षमा, इंद्रियों पर, मन पर नियंत्रण वगैरह। यानी दूसरों के साथ वैसा न करना जैसा हम दूसरों से नहीं चाहते। तभी धर्म इस मनुष्य लोक को धारण कर पायेगा। बाक़ी उसे और भी बहुत कुछ धारण करना है। पृथ्वी की गति, सूर्य, चंद्रमा, हमारी आकाश गंगा नामक नीहारिका के अनन्त सूर्य, उनके अनंत ग्रह-उपग्रह, फिर अनंत नीहारिकाएं, उनके सूर्य, उनके ग्रह-उपग्रह... सबको धारण करना है, अपनी-अपनी जगह, अपने-अपने काम में लगाए रखना है। हमें और आपको छुरेबाज़ों से बचाने की फ़ुरसत है 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' वाले धर्म को? यह भी है कि आदमी ख़ुद तो नैतिक बन सकता है किंतु दूसरों को नैतिक कैसे बनायेगा? नहीं बना सकता। लेकिन पहले ख़ुद नैतिक बने तभी न दूसरों से नैतिक बनने की अपेक्षा कर सकता है।

सभी लोग नैतिक कभी नहीं होंगे। कुछ लोग उन्माद में बह जाएंगे। धर्मांधता में ग़लत को सही समझ लेंगे। उनसे रक्षा के लिए ही राज्य नाम की संप्रभु संस्था है जिसके पास मनुष्य के अनैतिक आचरण- उसकी अपराध-वृत्ति, उसके उन्माद, उसकी धर्मांधता से-हमारी-आपकी रक्षा के लिए एक विशद और ख़र्चीला अधिष्ठान है जो हमारे-आपके पैसे (कर) से चलता है। राज्य के प्रतिनिधि ठीक से काम नहीं करते, ख़ुद अनैतिक आचरण करते हैं, अनैतिक लोगों से मिल जाते है और उन्हीं की मदद करने लगते हैं? इसी का उपाय है जनतंत्र, जनतांत्रिक प्रक्रिया से राज्य के प्रतिनिधियों का चयन। यह काम भी ठीक से नहीं होता? कौन गड़बड़ करता है? हम और आप ही उसके लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं? फिर तो भगवान् ही मालिक हैं। और कोई उपाय नहीं।

# महर्षि वाल्मीकि के वर्ण को लेकर भ्रांति और यथार्थ



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

महर्षि वाल्मीकि को प्राचीन वैदिक काल के महान ऋषियों कि श्रेणी में प्रमुख स्थान प्राप्त हैं। वह संस्कृत भाषा के आदि कवि तथा आदि काव्य 'रामायण' के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनके वर्ण (जाति) को लेकर जनमानस में व्याप्त भ्रान्ति का निराकरण स्वयं वाल्मीकि द्वारा किया गया है। महर्षि वाल्मीकि अपना परिचय श्रीराम को देते हुए कहते हैं " प्रचेतसोऽहं दशमः पुत्रो राघवनन्दन।" (वाल्मीकि रामायण 7/96/18) अगले श्लोक में वे महर्षि भृगु के कुल में जन्म लेने की पुष्टि करते हैं। संनिबद्धं हि श्लोकानां चतुर्विंशत्सहस्रकम्। उपाख्यानशतं चैव भार्गवेण तपस्विना।। (वाल्मीकि रामायण 7/94/25) ब्रह्मवैवर्त पुराण में उल्लेख है-कति कल्पान्तरेऽतीते स्रष्टुः सृष्टिविधौ पुनः। /यः पुत्रश्चेतसो धातुः बभूव मुनिपुङ्गवः।।/तेन प्रचेता इति च नाम चक्रे पितामहः।।- अर्थात्: कल्पान्तरों के बीतने पर सृष्टा के नवीन सृष्टि विधान में ब्रह्मा के चेतस से जो पुत्र उत्पन्न हुआ, उसे ही ब्रह्मा के प्रकृष्ट चित्तसे आविर्भूत होने के कारण प्रचेता कहा गया है। मनुस्मृति में ब्रह्माजी द्वारा प्रचेता इत्यादि 10 महर्षियों के जन्म के विषय में लिखा है। अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम्।/ पतीत् प्रजानामसृजं महर्षीनादितो दश।। (मनु०-1/34-35)

महाभारत में भी महर्षि वेदव्यास ने महर्षि वाल्मीकि के भार्गव कुल में उत्पत्ति के विषय में लिखा है - श्लोकश्चापं पुरा गीतो भार्गवेण महात्मना।/ आख्याते रामचरिते नृपति प्रति भारत।। (महाभारत 12/57/40) विष्णु पुराण इनका एक नाम ऋक्ष भी आया है-ऋक्षोऽभूद्धार्गववस्तस्माद्वाल्मीकिर्योऽभिधीयते। (विष्णु०3/3/18)-शिव पुराण में इन्हे ब्रह्मा से उत्पन्न बताया गया है।/ पुरा स्वायम्भुवो ह्यासीत् प्राचेतस महाद्युतिः। / ब्रह्मात्मजस्तु ब्रह्मर्षि तेन रामायणं कृतम्।।

उत्तर रामचरित में वाल्मीकि जी सीता को अयोध्या में राम के सम्मुख रखते हुए कहां कि मैने कभी कोई पाप कर्म,अहिंसा या असत्य भाषण किया हो यह मुझे याद नहीं (मुझे कई जन्मों का स्मरण है) श्रीराम! मैं तुम्हें विश्वास दिलाता हूं कि सीता पवित्र और सती है। कुश और लव आपके ही पुत्र हैं। मैं कभी मिथ्याभाषण नहीं करता। यदि मेरा कथन मिथ्या हो तो मेरी संपूर्ण तपस्या निष्फल हो जाय। इससे भी स्पष्ट है कि वे कभी अहिंसा आदि कार्य में सलंग्न नहीं रहे, अब प्रश्न आता है कि यदि महर्षि वाल्मीकि ब्राह्मण वर्ण में जन्मे प्रचेता के पुत्र थे तो उनके शुद्र वर्ण में जन्म लेने की कथा का प्रसार कैसे हुआ? इसका उत्तर स्कन्द पुराण में है जहां रत्नाकर नामक एक डाकू का वर्णन है जो देवर्षि नारद की प्रेरणा से राम नाम लेकर महान तपस्वी बनता है और अपना नाम वाल्मीकि रख लेता है। पुराणों का कालखंड रामायण से बहुत बाद का है, और रत्नाकर का वर्णन केवल स्कंद पुराण में मिलता है, यही संभावना सबसे सटीक बैठती है। महर्षि वाल्मीकि जन्म और कर्म दोनो से ब्राह्मण और त्रिकालदर्शी और सभी के लिए पूज्य है और उनकी कृति से संपूर्ण मानवता लाभान्वित हो रही हैं।

# कहां है साहित्य की वह धारा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जो दुखों से घिरे जनमानस को आश्वस्त करे, निर्भय करे, जिसमें निर्लिप्त-दृष्टि और मनुष्यता की ज्योति है? मीडिया के इतने विकास के बावजूद क्या आज भी साहित्य और जनता के बीच दूरी बनी है? यदि हां तो क्यों? सवाल यह है कि क्या जनता और साहित्य अभी भी दूर हैं? ऐसा तो नहीं कि साहित्य समझ रहा हो कि जनता अपढ़ है, वह भला साहित्य को क्या समझेगी? साहित्य तो अभिजातवर्ग का मनोविलास है। जनता उसका क्या करेगी? साहित्य का सबसे बड़ा गंतव्य तो लोकजीवन ही है और साहित्य की सबसे बड़ी कसौटी लोकमंगल।

साहित्य का सबसे बड़ा आलोचक समय ही है। संतों का साहित्य आज भी जिंदा है और वे किंकविता-अकविता-नई कविता आदि के प्रयोग रसातल में चले गए? जब कोई भाषा और साहित्य जनता से दूर हो जाता है, तो उसकी जीवनी-शक्ति भी चुक जाती है। इससे तो फिल्म के पुराने गीत ही अच्छे, जो जनता की जवान पर तो हैं। आचार्य वासुदेवशरण अग्रवाल ने कहा था। साहित्य-साधना योग है। साहित्य सेवी जहां बैठता है, प्रकाश की किरणें छिटकती हैं। लोक जीवन की परिस्थितियों का द्वन्द्व युगद्रष्टा कवि और मेधावी को जन्म देता है। संवेदन-शक्ति के कारण वह मेधावी-कवि लोकमय हो जाता है। युगद्रष्टा कवि और मेधावी की वाणी में स्वयं युग ही लोकजीवन से संवाद करता है। उसकी वाणी में लोक अभिव्यक्त होता है।

# आओ ऋतुराज वसंत



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है।

इस बार ठंड कुछ देर से आई तो संभव है जाएगी भी देर से वरना वसंत पंचमी के त्यौहार के बाद मौसम में परिवर्तन आने लगता है। ठंड दबे पैरों वापस जाने लगती है और मधुमास अपने लाव लश्कर के साथ चला आता है। फाल्गुन और चैत्र वसंत ऋतु के दो प्रमुख महीने हैं। वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही तापमान में वृद्धि होने लगती है और सर्दी से निजात मिलती है। मन जो शीत ऋतु में कभी-कभी अवसाद से ग्रसित हो जाता था, उसे आनंद की अनुभूति होती है, जीवन में राहत लाता है वसंत। आम में बौर आने लगती है, कोयल पंचम सुर में गाती है, ठंड से ठिठुर रहे विहंग अब उड़ने का बहाना ढूंढते हैं तो किसान लहलहाती हुई गेहूं की बालियों और सरसों को देख फूले नहीं समाते हैं। नव पल्लव, नव कुसुम और नवगात की सौगात साथ लेकर वसंत ऋतु आती है इसीलिए तो यह ऋतुराज कहलाती है। वसंती दुशाला पहने धरा का सौंदर्य अद्भुत खूबसूरत लगता है। अंगारों की तरह खिलते लाल बुरांस और सोने की तरह पीले फ्योंली की छटा तो देखते ही बनती है। फरवरी के महीने में वैलेंटाइन वीक की धूम है।

अपने यहां तो वसंत ऋतु को ही प्रेम की ऋतु कहा जाता है। जीवन में गुनगुनी धूप हो, मंद मंद पवन बहती रहे, प्रेम रस में घुले मीठे बोल हों और क्या चाहिए प्रेम को? अनेक गीतकारों और संगीतकारों ने बसंत को लेकर सुंदर शब्द रचना की हैं और धुन बनायी है... रुत आ गई रे, रुत छा गई रे, संग बसंती अंग बसंती रंग बसंती छा गया, मस्ताना मौसम आ गया, पुरवा सुहानी आई रे, ओ बसंती पवन पागल जैसे गीत बासंती उमंग और उत्साह को और बढ़ा देते हैं। कई कवियों ने अपनी रचनाओं में वसंत को गाया है, जिनमें जायसी, सुभद्रा कुमारी चौहान, अमीर खुसरो, निराला, गोपाल दास नीरज, दिनकर, भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद जैसे महान कवि प्रमुख हैं। वसंत को कामदेव का पुत्र कहा गया है। कवि देव ने क्या खूब कहा है...

डार द्रुम पलना बिछौना नव पल्लव के, सुमन झिंगूला सोहै तन छबि भारी दै।/पवन झूलावै, केकी-कीर बतरावैं 'देव', कोकिल हलावै हुलसावै कर तारी दै।।/ पूरित पराग सों उतारो करै राई नोन, कंजकली नायिका लतान सिर सारी दै।/मदन महीप जू को बालक बसंत ताहि, प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै॥

वसंत पंचमी इस बार 14 तारीख को मनाई जाएगी। इस दिन सुबह स्नान करके घरों में लिपाई-पुताई होती है, पूड़ी-पकौड़ी बनाई जाती है, घर की चौखटों पर ऐंपण दिए जाते हैं। घर की मालकिन टोकरी में फूल, दीप, अगरबत्ती, खाद, पानी, हल्दी टीका, कुदाल रखकर खेत में जाकर हलजोत की रस्म करती है। प्रकृति का धन्यवाद अदा करते हुए अगली बार भी अच्छी फसल होने की कामना करती है। पुराने समय में जिन लोगों के पास बैल हुआ करते थे, वे इस दिन खेत में बैलों के साथ रस्म के तौर पर बुआई करते थे। जिनके पास बैल नहीं होते, वे कुदाल से ही खेत में एक जगह पर खुदाई कर वहां पर खाद आदि से जमीन तैयार करते और उसका घर से टोकरी में लाई गई पूजन सामग्री से पारंपरिक पूजन करते थे। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी यह प्रथा प्रचलित है। हालांकि खेती का रकबा बुरी तरह घटा है।

वर्तमान समय में अधिकतर बड़े शहरों में कंक्रीट के जंगल दृष्टिगोचर होते हैं, हरियाली से छेड़छाड़ की गई है, वहीं उत्तराखंड के पर्वतीय अंचल में प्रकृति आज भी अपने संपूर्ण यौवन में मिल जाएगी। बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है। और जब बात उत्तराखंड की हो तो हम अपने प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत जी को कैसे भूल सकते हैं। यूं तो पंत जी ने वसंत पर बहुत कुछ लिखा है लेकिन यहां पर उनकी चार पंक्तियां ही काफी हैं... चंचल पग दीपशिखा से धर/गृह मग, वन में आया वसंत/सुलगा फाल्गुन का सूनापन/सौंदर्य शिखाओं में अनंत।- बसंत के आगमन के साथ ही दिन बड़े होने लगते हैं जो इस बात का संकेत है कि यह जागृत होने का समय है। अपने मन मस्तिष्क को जागृत रखें,अपनी ऊर्जा को सही कार्यों में लगाए, यही संदेश लाता है वसंत हम सब के लिए।

# अयोध्या और तुलसी



डा. अरविंद मिश्रा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

अयोध्या के नए मंदिर में प्रभु श्रीराम के नए विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। अयोध्या से लौट रहे प्रभु भक्त वहां की भव्यता नव्यता का वर्णन करते नहीं थकते। अयोध्या का उद्धार हो गया। प्रभु राम पुनः विराजे हैं। किंतु एक बात खटकने वाली है। जिसकी चर्चा कई जुबानों पर है। इस सारे परिप्रेक्ष्य में संत कवि तुलसी जैसे विस्मृत से कर दिए गए हों। रामकथा के अनेक प्रतीक प्रस्तरों मूर्तियों मे तुलसीदास कहीं नहीं दिखते। अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा भी आदि कवि वाल्मिकी के नाम पर है। जबकि जन जन तक में श्रीराम की भक्ति का प्रसार करने में तुलसी अद्वितीय हैं। कहते हैं कि तुलसी की काव्य साधना का एक सुदीर्घ काल अयोध्या में ही बीता था।

कुछ विद्वानों का तो यह भी मानना है कि आततायी आक्रांताओं के प्रतिकार में ही संत कवि ने मानस काव्य प्रबंध का संकल्प लिया और रावण और उसकी राक्षसी सेना को ही उन्होंने आततायियों के प्रतीक के रुप में प्रस्तुत किया। जिससे लोकमानस प्रेरणा लेकर आक्रांताओं के विनाश को तत्पर हो। इसलिए क्षोभ भरा आश्चर्य है कि अयोध्या के पुनरुद्धार में तुलसी को बिसरा दिया गया है। कहीं इसके कोई राजनीतिक निहितार्थ तो नहीं?

आज जब केवल और केवल वोट बैंक को हलोरने के दृष्टिगत ही बड़े और अभूतपूर्व फैसले लिए जा रहे हों, सारा माहौल राजनैतिक दांव पेंच से बोझिल हो गया हो कोई आश्चर्य नहीं कि एक यशस्वी संत कवि को मात्र इसलिए ही बिसराने की कूट रचना हो रही हो कि वे ब्राह्मण थे और आज की राजनीति में ब्राह्मण हाशिये पर हैं। उनसे वोटों की गणित हल नहीं होगी। आज बस केवल अनुसूचित और पिछड़े ही राजनीति के तारणहार बने हैं। वोट के इस अपार भंडार के सामने ब्राह्मण की क्या बिसात? पहले तो यह कि कोई भी संत महात्मा जाति पांत से विमुक्त होता है। जाति न पूछो साधु की। और तुलसी के ब्राह्मण होने का मापदंड तो बालकांड की प्रस्तावना की इस अर्धाली से ही स्पष्ट है-'बंदऊ प्रथम महीसुर चरना मोह जनित संशय सब हरना।' अर्थात ब्राह्मण वही जो मोह से उत्पन्न सभी संशयों को मिटा देने का ज्ञान रखता हो। जो भी हो, राजनीति से बोझिल वातावरण में तुलसी की विस्मृति का यदि सचमुच कोई कुचक्र हो, या नहीं भी हो, आरोपित हो रहे राजनीति के शिखर पुरुषों को ही इसका स्पष्टीकरण देना होगा। केवल वाचिक ही नहीं कर्मणा भी। अयोध्या में मंदिर के द्वार प्रमुख पर संत कवि तुलसी की एक भव्य मूर्ति स्थापित हो। यही वर्तमान शासकों द्वारा तुलसी के बिसराये जाने के लांछन का प्रतिकार होगा।

# प्रदेश में आया 2300 करोड़ का विदेशी निवेश: मुख्यमंत्री

## विधानसभा में योगी आदित्यनाथ ने पेश किया अवस्थापना और औद्योगिक विकास के परिदृश्य का खाका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान शनिवार को एफडीआई और फॉर्च्यून-500 कंपनियों का निवेश प्रदेश में आकर्षित कराने के लिए की जा रही कोशिशों की भी जानकारी दी। कहा कि प्रदेश में 2300 करोड़ का विदेशी निवेश आया है।

- सेमीकंडक्टर पॉलिसी समेत बीडा के रूप में नए औद्योगिक शहर के विकास की दी जानकारी

स्टेबिलिटी व सस्टेनेबिलिटी दो ऐसे फैक्टर्स हैं जिन पर फोकस करके औद्योगिक विकास को गति दी जा रही है। 46 वर्ष के बाद प्रदेश में बीडी के जरिए एक नया औद्योगिक शहर आएगा। योगी ने कहा कि प्रदेश में पहली बार सेमीकंडक्टर के महत्व को पहचानने का कार्य हुआ है। एक छोटी सी चिप हमारे इलेक्ट्रिक इक्विप्मेंट्स को संचालित करने में क्या रोल अदा करती है और इसी बात को ध्यान में रखकर प्रदेश में सेमीकंडक्टर पॉलिसी को लागू करने का कार्य किया। एफडीआई और फॉर्च्यून 500 कंपनियों से निवेश को आकृष्ट करने के लिए भी नई एफडीआई नीति लागू की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य द्वारा देश में अब तक वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए अब तक इस प्रकार का प्रयास नहीं हुआ है।



विधानसभा सत्र को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

### 55 घंटे से ज्यादा चली बजट सत्र की कार्यवाही

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश की 18वीं विधान सभा में एक बार फिर बिना स्थगन के वर्ष-2024 का प्रथम सत्र शनिवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। बजट सत्र के दौरान आहूत आठ उपवेशनों में सदन की कार्यवाही कुल 55 घंटे 09 मिनट तक चली। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री व नेता सदन योगी आदित्यनाथ समेत नेता प्रतिपक्ष व सभी सदस्यों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यवाही के दौरान कुल 2404 प्राप्त प्रश्नों में अल्पसूचित तारांकित प्रश्न दो, स्वीकृत तारांकित प्रश्न 443 तथा अतारांकित प्रश्न 1753 रहे । जिनकी कुल संख्या 2198 रही। वहीं उत्तरित प्रश्नों में तारांकित प्रश्न 75 तथा अताराकिंत प्रश्नों की संख्या 525 रही। इनकी कुल संख्या 600 रही। 2404 प्रश्न (88.14 प्रतिशत) आनलाइन प्राप्त हुए।

### इन मुख्य फैक्टर्स पर भी रहा मुख्यमंत्री योगी का फोकस

- अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन : वर्तमान बजट की अपेक्षा इस वर्ष 33 फीसदी बढ़ोत्तरी के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।
- युवा उद्यमी विकास : यह नई स्कीम अप्रैल 2024 से प्रारंभ होगी। इससे नए उद्यमियों को प्रशिक्षित करने, उद्यम लगाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा पहले चरण में 5 लाख तक के ब्याजमुक्त ऋण की कार्रवाई की जाएगी। भुगतान होने के बाद इस राशि को अगले चरणों में साढ़े सात लाख व 10 लाख तक करने की व्यवस्था की जाएगी। एक लाख युवा उद्यमी कार्यक्रम से जुड़ेंगे।
- उत्तर प्रदेश रोजगार प्रोत्साहन कोष : इसके माध्यम से प्रदेश के अंदर युवाओं के लिए ट्रेनिंग, इंटर्नशिप व अप्रेंटिसशिप का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रदेश में युवाओं की ट्रेनिंग के लिए वित्त पोषण रोजगार को उपलब्ध कराने के लिए 10 प्राइवेट औद्योगिक पार्क का विकास हुआ है।
- सीएम अप्रेंटिसशिप स्कीम : इसके लिए भी धनराशि की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समेत मशीन लर्निंग के लिए आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर फैसिलिटी स्थापित करने का प्रावधान किया गया है।
- चिकित्सा क्षेत्र में : 70 वर्षों में केवल 12 मेडिकल कॉलेज थे मगर अब सभी 75 जिलों में एक-एक मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था की जा रही है। पहले 1977 से लेकर 2017-18 तक इनसेफ्लाइटिस से बच्चों की मौतें होती थी मगर हमने इस पर पूर्ण लगाम लगाई। राजकीय मेडिकल कॉलेजों में ट्रॉमा सेंटर की भी स्थापना की गई है।

### विधानसभा का सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**लखनऊ।** उप्र. 18वीं विधानसभा का बजट सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया है। यह जानकारी विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने दी। हालांकि यह सत्र 12 फरवरी तक चलने की घोषणा की गई थी। मगर, दो शनिवार अवकाश में सदन चलाये जाने से सभी विधायी कार्य दो दिन पहले ही निपट गए।

### बजट सत्र के दौरान पांच विधेयक प्रस्तुत हुए

- उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन ) विधेयक,2024
- भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2024
- उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त ( संशोधन ) विधेयक 2024
- उत्तर प्रदेश लिफ्ट और ऐस्केलेटर विधेयक, 2024
- उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2024 को पारित किया गया।

# अखिलेश का तंज-बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर..

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की ओर से पेश किए गए बजट 2024-25 पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को विधानसभा में जोरदार हमला बोला। बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर..सुनाकर सबसे बड़े बजट पर तंज कसा। बजट की तमाम खामियां और आमआदमी, बरोजगार, किसान, व्यापारी समेत हर वर्ग की दुश्वारियां गिनाई। साथ ही राम मंदिर कार्यक्रम में पीएम मोदी पर पूरा फोकस होने पर तंज कसा।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी होने का नारा, विपक्ष का नहीं है। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक की डबल इंजन की सरकार का यह नारा है। सरकार यह स्पष्ट करें कि किसानों की आय दोगुनी होगी होगी या नहीं? कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलेगी या नहीं? अच्छी दवाई, अच्छी पढ़ाई के लिए बजट में कितना आवंटन है? अखिलेश ने कहा कि बिजली के जो भी कारखाने लगाए गए थे। वह पूरी क्षमता पर नहीं चल रहे हैं। गड्ढ़ों को भरने के बहाने सरकार ने कितना पैसा खर्च किया है? उन्होंने शिवपाल यादव का नाम लिए बगैर कहा कि हमें चाचा का नाम लेकर छेड़ा जाता है। हम उन्हें तथ्यों के आधार पर घेर रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि बजट के लिए निर्धारित प्रावधानों को जनता तक पहुंचने में सरकार कामयाब नहीं हुई है।

### मोदी सरकार पर भी साधा निशाना

अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार के भारत को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाए जाने के दावों निशाना साधा। कहा कि हम विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन आज भी देश की 80 करोड़ आबादी 5 किलो अनाज के सहारे है। किसानों की बोरी से 5 किलो की चोरी जारी है। पुराने पेंशन के लिए पांच पैसे भी नहीं हैं। युवाओं के लिए कोई रोजगार या 500 रुपये का बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया जा रहा है।

### राम मंदिर कार्यक्रम पर कसा तंज

राम मंदिर कार्यक्रम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के फोकस में रहने पर शायरी के जरिए हमला बोला। उन्होंने कहा कि पता नहीं वे अयोध्या कितनी बार गए। सड़क कैसी बनेगी? कैसी लाइट लगेगी? सबको देखा। लेकिन, कार्यक्रम के दिन वे नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि, हुजूरे आला आज तक खामोश बैठे हैं इसी गम में..।

# अनाथ बच्चों को कान्वेंट स्कूल में पढ़ाएगी सरकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीएसए के नेतृत्व में गठित की गई कमेटी
- कमेटी बच्चों के मानसिक स्तर का परीक्षण करेगी, तीन बच्चे चयनित

**अमृत विचार :** माता-पिता एवं अपनों को खो चुके बच्चों को अब दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ेगी। बच्चों को दो जून की रोटी कमाने के लिए दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा। ऐसे बच्चों को कान्वेंट स्कूल में शिक्षा दिलाने का जिम्मा सरकार ने उठाया है और तीन बच्चों को चयनित किया गया है।

भिक्षा से शिक्षा की ओर कार्यक्रम के तहत बेसहारा बच्चों को समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए उनको बेहतर शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से स्कूल भेजने का निर्णय लिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई है। बच्चों का डॉक्टरों से परीक्षण कराया जाएगा साथ ही टीम ऐसे बच्चों का मानसिक स्तर परखेगी। इसके बाद रिपोर्ट जिला प्रोबेशन अधिकारी को भेजी जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि सीएमएस, एसकेडी और अवध कॉलेजिएट में दाखिला कराया जाएगा। बच्चों के नर्सरी से लेकर और उच्च शिक्षा तक का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। अनाथ बच्चों को पढ़ाकर बेहतर नागरिक बनाने के साथ ही उनके जीवन स्तर को सुधारने के ध्येय से इसकी शुरुआत की गई है। अनाथ बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने की योजना सरकार की प्राथमिकता में है।

# प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में निवेश के नाम पर 4 करोड़ की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, आगरा

- नेक्सा एवरग्रीन ने कई राज्यों में लोगों को चूना लगाया

**अमृत विचार :** देश के कई राज्यों में निवेश के नाम पर ठगी करने वाली नेक्सा एवरग्रीन कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ सदर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर के मुताबिक 19 लोग शिकार बने हैं। करीब चार करोड़ रुपये की ठगी की गई है। सरस्वती कुंज, सीओडी मार्ग निवासी रिटायर फौजी विजय सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है।

मुकदमे में सीकर (राजस्थान) निवासी कंपनी के सीएमडी रणवीर बिजारणिया, एमडी सुभाष बिजारणिया, बनवारीलाल महेरिया, बीरबल तेतरवाल, सुधीर, उपेंद्र बिजारणिया, बलवीर मेहरिया को नामजद किया है। विजय सिंह ने पुलिस को बताया कि कंपनी के अधिकारियों ने कंपनी के प्रचार के लिए कई आयोजन कराए। कई रिटायर फौजियों को नौकरी पर रखा। बड़े लोगों से आयोजन कराकर लोगों को जाल में फंसाया। बताया कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजक्ट धोलेरा, अहमदाबाद में बना रहे हैं। उनकी कंपनी में निवेश करके लोग अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। वे लोग विश्वास में आ गए। धीरे-धीरे कर उनके परिचित 19 लोगों ने 3 करोड़ से अधिक की रकम कंपनी में निवेश कर दी। ऑन लाइन उनकी जो आईडी बनाई गई थी वे बंद कर दी गईं। बताया गया कि ईडी का छापा पड़ा है। बाद में जानकारी करने पर पता चला कि राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश सहित कंपनी ने कई प्रदेशों में लोगों को ठगा है। पीड़ितों में सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी, सैन्य अधिकारी, पुलिसकर्मी और सरकारी कर्मचारी शामिल हैं।

पीड़ितों के मुताबिक कंपनी ने 50 हजार रुपये के निवेश करने पर ऑनलाइन एक आईडी बनवाई। बताया गया कि इस आईडी में प्रत्येक मंगलवार को रकम डाली जाएगी। कंपनी 50 हजार रुपये के निवेश पर हर निवेशक को 14 सप्ताह में 81 हजार रुपये देगी। इसी तरह से निवेश की रकम की 50-50 हजार रुपये की ऑनलाइन आईडी बनाई गईं।कंपनी ने निवेशक को गारंटी के तौर पर ऑनलाइन बैनामा भी किया। निवेश की रकम ऑनलाइन आईडी में आने पर वापस की जानी थी। बाद में पता चला कि, सभी ऑनलाइन बैनामा ही फर्जी हैं।

### बरेली में तनाव की स्थिति नियंत्रित करे सरकार



**लखनऊ, अमृत विचार :** हल्द्वानी और बरेली में हिंसा के मामले में बसपा प्रमुख मायावती ने दोनो राज्य की सरकारों को कटघरे में खड़ा करते हुए चिंता व्यक्त किया है। शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर बसपा प्रमुख ने कहा कि उत्तराखंड से लगे यूपी के जिला बरेली आदि में भी आए दिन किसी न किसी मुद्दे को लेकर यहां तनाव की स्थिति बनी रहती है, जिसे समय रहते सरकार को नियंत्रण कर लेना चाहिये ताकि यहां भी शांति व्यवस्था बनी रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य के हल्दानी में हुई हिंसा और उसमें जान-माल की हुई क्षति अति-चिन्तनीय ।अगर सरकार, प्रशासन व खूफिया तंत्र सतर्क होता तो इस घटना को रोका जा सकता था। सरकार इसकी उच्च स्तरीय जांच कराए तथा अमन-चैन भी कायम करे।

### ईपीसी मोड से समय और धन दोनों की होती है बचत : दुर्गा शंकर मिश्र

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि साल 2019 से प्रदेश में ईपीसी मोड पर काम शुरू हुआ था, जिसके बाद निर्माण के क्षेत्र में बदलाव आया है। इसके बाद भवनों का निर्माण गुणवत्ता युक्त और निश्चित समय में पूरा होने लगा है। मुख्य सचिव, शनिवार को योजना भवन में ईपीसी मोड पर भवन निर्माण कार्य विषयक एक दिवसीय कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले प्रोजेक्ट डिजाइन, बिड और बिल्ड (डीबीबी) के आधार पर बनाये जाते थे। ईपीसी मोड से समय और धन दोनों की बचत होती है। परियोजना को डिजाइन करना, उसमें लगने वाली सामग्री को खरीदना और निर्माण ठेका लेने वाली फर्म की जिम्मेदारी होती है। दुर्गा शंकर ने कहा कि निर्माण एजेंसी अपनी स्किल डेवलप कर रही है।

# सभी सीटों पर खिलाना है कमलः भूपेंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में जन-जन का समर्थन जुटाने के लिए प्रदेश में लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाएगी। इसे लेकर शनिवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने लोकसभा की सभी 80 सीटों पर कमल खिलाने का आह्वान किया। पूरे अभियान को लेकर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया गया। 11 फरवरी से 16 फरवरी के मध्य लोकसभा स्तर पर लाभार्थी सम्पर्क अभियान की कार्यशाला होगी, जबकि 12 फरवरी से 20 फरवरी के मध्य मण्डल स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। 25 फरवरी से 5 मार्च तक लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा व 1 मार्च से 3 मार्च के मध्य विशेष अभियान चलाया जाएगा। लखनऊ के विश्वेश्वरैया सभागार में कार्यशाला के दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि केन्द्र व राज्य में भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए लोगों में लाभार्थी सम्पर्क अभियान के अन्तर्गत सम्पर्क व संवाद स्थापित करना है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लाभार्थी सम्पर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्लस्टर इंचार्ज, जिला प्रभारी, लाभार्थी सम्पर्क अभियान के क्षेत्रीय संयोजक एवं सहसंयोजक और लोकसभा संयोजक/सहसंयोजक सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

### पहले की सरकारों में होते थे घोटाले, अब चहुंमुखी विकास



**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने यूपीए सरकार के खिलाफ भाजपा की केंद्र सरकार की तरफ से लाए गए श्वेत पत्र पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यूपीए सरकार घोटालों की सरकार थी, भ्रष्टाचार चरम पर था, अब चहुंमुखी विकास हो रहा है। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर प्रधानमंत्री ने अन्नदाता किसानों का मान बढ़ाया है। आज देश के 140 करोड़ लोग आनंदित हैं। प्रदेश के सभी भाई-बहनों की ओर से कृतज्ञता प्रकट करता हूं। कहा कि वित्त मंत्री जो श्वेतपत्र लाईं हैं वो कांग्रेस के लिए आईना है। श्वेतपत्र ये साबित करता है कि भारत का एक गरीब बेटा जिसने अपने जीवन में गरीबी को जिया वो जब देश के प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचता है तो देश को गर्व होता है।

# करोड़ों के घोटालेबाज को बचा रही है कमिश्नरेट पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- होमगार्ड जवानों की ड्यूटी में हेर फेर कर साढ़े चार करोड़ घोटाले का आरोपी है बीओ

**अमृत विचार :** होमगार्ड जवानों की दोहरी ड्यूटी लगाकर 4.24 करोड़ रुपये को घोटाले की जांच में कमिश्नरेट पुलिस की सुस्त चाल सवालों के कठघरे में आ गई है। अब तो होमगार्ड विभाग के बड़े अफसर भी दबी जुबान मानने लगे हैं कि आरोपी ब्लाक आर्गनाइजर व अन्य को बचाने के लिए जांच अधिकारी तकरीबन आठ माह से जांच लटकाए पड़े हैं।

मुख्य सचिव के आफिस-आवास व अन्य सरकारी संस्थानों में लगे होमगार्ड जवानों को ड्यूटी से हटाकर दूसरे स्थानों पर ड्यूटी कराए जाने का मामला जून, 2023 में सामने आया था। डीजी होमगार्ड ने मामले की जांच कराई तो भ्रष्टाचार के सबूत मिले थे। इसके बाद पूर्वी परिक्षेत्र के डीआईजी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई। इस समिति ने मई 2003 से 2017 के बीच की लगाई गई ड्यूटी की जांच की तो तकरीबन साढ़े चार करोड़ रुपए के घोटाला किए जाने का मामला सामने आया। इस मामले में गोमतीनगर विस्तार थाने में एफआइआर भी दर्ज कराई गई। डीजी होमगार्ड ने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर इस मामले में सभी आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने की भी सिफारिश कर रखी है।


### वर्ग पहेली-339

**बाएं से दाएं**

1.1. गुण, योग्यता, प्रकृति 2. असर, प्रभाव।
4. जो कृपण अथवा कंजूस न हो, ख़र्च करने वाला, उदार, दानशील।
5. तदर्थ, किसी विशेष कार्य के लिए की गई सामयिक व्यवस्था।
8.1. बातचीत, वार्तालाप, कथोपकथन 2. ख़बर, समाचार 3. भेजा हुआ या प्राप्त विवरण या वृतांत 4. चर्चा 5. सहमति, स्वीकृति 6. व्यवहार, मुकदमा।

**ऊपर से नीचे**

1.1. सूर्यपुत्री, सूर्य की कन्या, तासी 2. ताप्ति नामक नदी।
2.1. जंभाई लेना 2. खिलना, फैलना।
3. जो कृषि से संबंध न रखता हो, कृषीतर (नॉन-ऐग्रिकल्चरल)।
6.1. ऐसी बात जो किसी को डराने के लिए कही जाए 2. पक्षियों आदि को डराकर फलदार वृक्षों
7.1. वह नीची ज़मीन या छोटा गड्ढा जिसमें बरसाती पानी ठहरता हो, झांवर 2. मैला या गंदा पानी 3. चिलमची नामक पात्र जिसमें हाथ-मुंह धोने का पानी रहता है।



### वर्ग पहेली - 338 का हल




### सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 6 | | 1 | | 8 | | 7 |
| | | | 7 | | | | 3 | |
| | 3 | | | | | 5 | | 2 |
| | | 7 | | 9 | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 5 |
| | | | 8 | 2 | | 4 | | |
| 9 | | 5 | | | 6 | | 8 | |
| | 4 | | | | 3 | | | |
| 8 | | 3 | | | | 2 | 1 | |


### सुडोकू - 55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 5 |
| 2 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 9 | 1 |
| 3 | 2 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 3 | 4 |
| 7 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |

### आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 21.09 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 17.39 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** — आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल करेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच काफी उत्तम समय व्यतीत करेंगे।

**वृष** — आज घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। घर में टेलीविज़न और फोन पर व्यस्त रहेंगे। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा। किन्तु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रखें।

**मिथुन** — आज आपकी वाणी में सौम्यता, आपको परिवार में विशेष सम्मान की हकदार बनायेगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। दाम्पत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आज यह समय आपके पक्ष का नहीं है। इसीलिए आपको कोई बड़ा और विशेष कार्य शुरू नहीं करना चाहिए। व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। नाक, कान और गले संबंधित दिक्कत हो सकती है।

**सिंह** — आज परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। विवाहेत्तर संबंधों को लेकर सचेत रहें। व्यापार में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। अपनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे।

**कन्या** — आज आपके बौद्धिक गुणों की प्रशंसा होगी। गुप्त शत्रु आपके खिलाफ भावनाएं भड़का सकते हैं। व्यवसाय में आपको क्लाइंट्स के माध्यम से बड़ा लाभ मिल सकता है। मस्तिष्क में अनावश्यक विचार आपको परेशान करेंगे। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें।

**तुला** — आपको आज किसी को वचन नहीं देना चाहिए। संपत्ति के विक्रय की योजना बनायेंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है।

**वृश्चिक** — आज घर के कार्यों में काफी व्यस्त रहेंगे। लवमेट्स का दिन कुछ खट्टा-मीठा सा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा बदलाव करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियंत्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में दान दक्षिणा करेंगे।

**धनु** — आज सभी कार्य शान्तिपूर्ण तरीके से होंगे। कहीं दूर की यात्रा का विचार बनायेंगे। टूटे रिश्तों को आज जोड़ सकते हैं। मनोरञ्जन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और सामन्जस्य बनाकर रखें।

**मकर** — आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए सम्पर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

**कुंभ** — आज प्रमोशन में आ रही बाधा दूर होगी। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। मीडिया और ऑनलाइन कार्यों से जुड़े लोगों का दिन शुभ रहेगा। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी।

**मीन** — आज जॉब और व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं। त्वरित निर्णय आज आपको नहीं लेने चाहिये। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ सम्वादहीनता की स्थिति पनप सकती है।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
कूली — सुबह : 09.00
सिंह इज ब्लिंग — रात : 09.00

SONY MAX
पीकू — सुबह : 08.00
गुमराह — रात : 07.00

Utsav Gold
बजरंगी भाईजान — सुबह : 09.15
सीता रामम — शाम : 06.45

ZEE CINEMA
पड़ोसन — सुबह : 09.40
रेड — रात : 07.00

colors CINEPLEX
हम्प्टी शर्मा की दुल्हनियां — सुबह : 10.23
गोविंदा मेरा नाम — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

संता- यार बंता आज सुबह-सुबह एक बिल्ली ने मेरा रास्ता काट दिया...
बंता- अच्छा फिर क्या हुआ?
संता - फिर क्या आगे जाकर उस बिल्ली का एक्सीडेंट हो गया, हमसे पंगा जो ले लिया था।

मास्टर जी- मुहावरे का अर्थ बताओ 'सांप की दुम पर पैर रखना'
स्टूडेंट- पत्नी को मायके जाने से रोकना।
टीचर समझ नहीं पा रहे हैं कि इतनी गहरी जानकारी इसे कैसे हुई।

# अर्थव्यवस्था को कांटों से भरी झाड़ी में फंसी साड़ी की तरह निकाला है सही सलामत

## वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का विपक्ष को दिया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार ने पिछले दस साल में देश की अर्थव्यवस्था को कांटों में फंसी साड़ी की तरह सही-सलामत निकालकर भविष्योन्मुखी सुधारों की राह पर चलाने का प्रयास किया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि निरंतर प्रयासों और प्रभावी नीतिगत योजनाओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला दिया है तथा इसके परिणामस्वरूप यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गई है।

उन्होंने दावा किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व्यक्तिगत रूप से जमीनी स्तर पर विकास परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करते हैं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले शासन के दौरान 18 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं रुकी हुई थीं। उन्होंने कहा-मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 348 लंबित परियोजनाओं को मंजूरी दी।

### श्वेत पत्र ध्यान भटकाने के लिए लाया गया : वेणुगोपाल



कांग्रेस ने शनिवार को राज्यसभा में कहा कि अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र इस देश की "वास्तविक सच्चाइयों" को छिपाने और महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की खराब स्थिति जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार द्वारा लाया गया है। सरकार द्वारा लाए गए श्वेत पत्र पर उच्च सदन में हुई अल्पकालिक चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस सदस्य के सी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने देश के सामने मौजूद मुद्दों से ध्यान भटकाने और अपने बचाव के लिए इसका इस्तेमाल किया है। पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक उद्देश्यों के लिए भारत रत्न सम्मान का इस्तेमाल कर रही है।

## देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। उन्होंने 'प्रगति मैदान टनल' से जुड़ी एक खबर का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। 777 करोड़ रुपये खर्च कर बनाई गई प्रगति मैदान टनल सिर्फ एक साल में उपयोग के लायक नहीं रही। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी विकास की हर परियोजना पर 'प्लानिंग' की जगह 'मॉडलिंग' कर रहे हैं और ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग भ्रष्टाचार से नहीं, लोकतंत्र से लड़ रहे हैं।

# पंजाब की सभी लोस सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

खन्ना, एजेंसी



पार्टी संयोजक केजरीवाल ने किया ऐलान, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एक और झटका

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पंजाब की सभी लोकसभा सीटों पर लड़ने की घोषणा की है। हालांकि आम आदमी पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है, लेकिन पंजाब में केजरीवाल ने अलग लड़ने का ऐलान किया है।

केजरीवाल ने कहा, 'दो साल पहले आपने बहुत बड़ा आशीर्वाद दिया था। 117 में से 92 सीट दे दी थी।' उन्होंने कहा, "आज मैं आपसे एक और आशीर्वाद मांगने आया हूं। इस लोकसभा चुनाव में पंजाब में 13 और 1 सीट चंडीगढ़ की है। आने वाले 10-15 दिनों में आम आदमी पार्टी इन 14 की 14 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।" केजरीवाल की इस घोषणा को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को झटका बताया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि आप पंजाब में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करेगी। वहीं केजरीवाल ने भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार की भी प्रशंसा की और उन्होंने प्रतिद्वंद्वी दलों पर हमला करते हुए कहा-75 साल में कांग्रेस ने इतने साल तक शासन किया, मुझे एक अच्छा काम बताएं।

## अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन करेगा आरपीएफ

**नई दिल्ली, अमृत विचार:** 68वां अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन 12 फरवरी से लखनऊ में होने जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव करेंगे और 16 फरवरी को समापन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन के आयोजन का दायित्व इस वर्ष रेलवे सुरक्षा बल को दिया गया है। यह आयोजन लखनऊ के जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी में 5 दिन तक चलेगा। होने वाले सम्मेलन में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित राज्यों की पुलिस के अलावा केंद्र शासित अर्धसैनिक बलो के विशेषज्ञ भी आएंगे। कानून एवं अपराध की दृष्टि से उक्त सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे।

## एक नजर

### हरियाणा में मेडिकल की छात्रा ने की आत्महत्या

**सोनीपत।** सोनीपत के गोहाना के खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा ने शनिवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिसार निवासी मनीषा (24) भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा थी और कॉलेज के छात्रावास में एक कमरे में अकेले रहती थी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह मनीषा का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना से कॉलेज में हडकंप मच गया।

### देश को फाइलेरिया मुक्त बनाने का संकल्प

**नई दिल्ली।** पोलियो की तर्ज पर केंद्र सरकार ने भारत को फाइलेरिया (हाथी पांव) बीमारी से मुक्त करने का संकल्प लिया है। फाइलेरिया बीमारी स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए एक चुनौती बना हुआ है क्योंकि पूरी दुनिया में फाइलेरिया के जितने मरीज है उसका 40फीसद मारीज सिर्फ भारत में है। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने देश को 2027 तक फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम का शनिवार को शुभारंभ किया है। इसके लिए यूपी, एमपी बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, गुजरात, असम, उड़ीसा, केरल एवं कर्नाटक के 92 जिलों को चिन्हित किया गया है।

## दिव्यांगजन अधिकार कानून में प्रशंसनीय नीति 'दूर का सपना' नहीं होना चाहिए

कोच्चि, एजेंसी

केरल उच्च न्यायालय ने शनिवार को कहा है कि दिव्यांगजन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम में निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। अदालत ने जनवरी में कोझिकोड जिले में 77 वर्षीय एक दिव्यांग व्यक्ति द्वारा पिछले कुछ महीनों से कथित तौर पर विकलांगता पेंशन न मिलने के कारण आत्महत्या की खबरों के आधार पर मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की। अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों को इस मामले पर निर्देश लेने के लिए समय दिया है। याचिका को 23 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

उच्च न्यायालय ने शीर्ष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम एक बड़े बदलाव की कल्पना करता है और उक्त कानून के तहत प्रदान किए गए लाभों को साकार करने की कल्पना करता है। उच्च न्यायालय ने कहा-इसमें चीजें बेहतर की गई हैं और कई लोगों की जिम्मेदारियों को शामिल किया गया है। ऐसी स्थिति में, अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की संरचना पर गौर करना और यह

केरल उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी





देखना अनिवार्य हो जाता है कि उन्हें लागू किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा-कानून के ढांचे के भीतर निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। अधिनियम की धारा 24 सामाजिक सुरक्षा से संबंधित है। यह धारा कहती है कि संबंधित सरकार, अपनी आर्थिक क्षमता और दायरे के भीतर दिव्यांगजन के स्वतंत्र रूप से या समुदाय में रहने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक योजनाएं और कार्यक्रम तैयार करेगी। पिछले कुछ महीनों से सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत कथित तौर पर पेंशन नहीं मिलने के कारण दिव्यांग व्यक्ति जोसेफ उर्फ पप्पाचन (77) द्वारा आत्महत्या की खबरें आने के बाद अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। जोसेफ ने शुरू में पेंशन न मिलने की शिकायत करते हुए चक्किटपारा ग्राम पंचायत के सचिव और संबंधित थाने से भी संपर्क किया था।

## ढाई करोड़ के गबन मामले में प्रबंधक सहित 2 लोग गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान पुलिस ने प्रतापगढ़ जिले में एक निजी बैंक में लगभग 2.50 करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश करते हुए बैंक के प्रबंधक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में 46 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गयी है। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने यहां एक बयान में बताया, ''धरियावद में आईसीआईसीआई बैंक में हुए लगभग 2.50 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का पर्दाफाश कर बैंक मैनेजर प्रशांत काबरा (32) व उदयपुर के हिस्ट्रीशीटर रहे आरोपी जालम चन्द जैन (72) को गिरफ्तार किया गया।'' अधिकारी के अनुसार, गबन की राशि से आरोपी हिस्ट्रीशीटर ने उदयपुर-नाथद्वारा रोड पर एक 'फार्म हाउस' खरीदा। उन्होंने बताया कि मामला उस समय सामने आया जब बैंक के एक ग्राहक के खाते से चार फरवरी को 32 लाख रुपये निकाल लिये गये। अधिकारी के मुताबिक, बाद में जब बैंक के अन्य ग्राहकों के खातों की जांच की गई तो गबन की जानकारी हुई।

## सीने में दर्द की शिकायत के बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** प्रख्यात अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार को यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 73 वर्षीय अभिनेता का एमआरआई हो चुका और अन्य परीक्षण किये जा रहे हैं। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा-चक्रवर्ती को आज सुबह भर्ती कराया गया और उन्हें चिकित्सीय निगरानी में रखा गया है। इस बारे में ज्यादा जानकारी बाद में दी जाएगी। अभिनेता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता बने चक्रवर्ती को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## महाराष्ट्र के मंत्री भुजबल को धमकी सुरक्षा बढ़ाई गई

**नासिक।** महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को एक पत्र मिला है, जिसमें उन्हें उनकी जान को खतरा होने के बारे में चेतावनी दी गई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पत्र के मिलने के बाद पुलिस ने नासिक स्थित उनके आवास और कार्यालय पर सुरक्षा बढ़ा दी है। भुजबल अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में हैं। भुजबल ने कहा कि यदि उन्हें ऐसे और भी कई पत्र मिलते हैं, तो भी वह अपने रुख से पीछे नहीं हटेंगे। अधिकारी ने बताया कि यह पत्र भुजबल के नासिक स्थित कार्यालय को शुक्रवार शाम को मिला। इसमें दावा किया गया कि मंत्री को नुकसान पहुंचाने के लिए पांच लोगों को 50 लाख रुपये की 'सुपारी' दी गई है।

# दलित, ओबीसी और आदिवासी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी

डीसा (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आदिवासियों को उनकी सरकार की गरीब हितैषी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी होने का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्ष में इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है। मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 1.3 लाख आवास के उद्घाटन व शिलान्यास के बाद कहा कि किसी गरीब व्यक्ति के पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा-1.3 लाख आवास के आंकड़े देखिए। यहां तक कि जब मैं पीएमएवाई के

लोगों से मोदी बोले- हमारी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला



तहत राष्ट्रीय स्तर के एक कार्यक्रम में शामिल हुआ, मैंने इतना बड़ा आंकड़ा नहीं देखा। मैं गुजरात सरकार को बधाई देता हूं। किसी भी गरीब व्यक्ति के लिए उसके पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है। मोदी ने कहा-हमारी सरकार की गरीब हितैषी योजना के सबसे बड़े लाभार्थी दलित, ओबीसी और आदिवासी हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा केंद्र पर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और ओबीसी की अनदेखी करने के आरोपों का जवाब देते हुए यह कहा। मोदी ने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिलाएं विकसित भारत के स्तंभ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में आज जनजातीय सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**झाबुआ (मप्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ जिला मुख्यालय पर रविवार को जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों के आदिवासी समुदाय से आने वाले नागरिक भी शिरकत करेंगे। श्री मोदी इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री मोदी की यात्रा के एक दिन पहले शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यहां यात्रा का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह और सह प्रभारी सतीश उपाध्याय भी मौजूद रहे। गुजरात की सीमा से लगे झाबुआ में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में झाबुआ और आसपास के जिलों के हजारों की संख्या में जनजातीय समुदाय के लोग भी शामिल होंगे। व्यापक भीड़ के मद्देनजर समारोहस्थल पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

# कारोबार/कृषि

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1850, राज श्री 1375, फॉर्चून कि. 1695, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1555, जय जवान 1420, सचिन 1435, सूरज 1445, अवसर 1535, राग गोल्ड 1530, गृहणी 1420, क्लासिक (किलो) 1610, मोर 1565, चक्र टिन 1665, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1820, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति किलो.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 6900, लाल हिंदुस्तान 7000, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

# सरकार की नई पॉलिसी ने बढ़ाई ई-वाहनों की रफ्तार

## पेट्रोल महंगा हुआ तो तेजी से बढ़ने लगा इलेक्ट्रिक गाड़ियों का कुनबा, दिसंबर 2023 तक बिक चुके हैं 6,65,115 वाहन

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** पर्यावरण के 'मित्र' इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के बिक्री की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। ई-वाहनों की नई पॉलिसी से वाहन बिक्री ने सोने में सुहागा कर दिया है। मिलती सरकारी रियायत और लोगों के रुझान ने अब इन बेआवाज वाहनों की ओर दिलचस्पी और बढ़ा दी है।

ईवी खरीद का बढ़ता आंकड़ा बताता है कि अब बड़ी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीद रहे हैं। 31 दिसंबर तक अकेले इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 66,960 तक हो चुकी है। इन गाड़ियों की खरीद पर न केवल गाड़ी के पंजीकरण में बल्कि क्रय सब्सिडी में भी छूट दी जा रही है।

इस बारे में पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा ने बताया कि ई-गाड़ियों की बिक्री लोगों का रुझान बता रही है। अब लोग अपने निजी वाहनों की सूची में इसे शामिल कर रहे हैं। दिसंबर 2023 तक के ई-वाहन बिक्री के आंकडे लोगों की पसंद बता रहे हैं।

वहीं इस बारे में चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश का कहना है कि सरकार की नई पॉलिसी से ई-वाहनों की बिक्री रफ्तार पकड़ चुकी है। परिवहन विभाग की ओर से खरीदारों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। लोग अब प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की खरीद से बच रहे हैं। इलेक्ट्रिक गाड़ियां लोगों को रास आ रही हैं। धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक वाहन लोगों के घरों में अपनी जगह बना रहे हैं।

### ईवी वाहनों के प्रोत्साहन के लिए दी जा रहीं ये सुविधाएं





1-ईवी वाहनों में गाड़ियों के पंजीयन पर टैक्स से छूट।

2-वाहन स्वामियों को तीन साल तक इलेक्ट्रिक वाहनों में टैक्स नहीं देना पड़ेगा।

3-चौथे और पांचवे साल में उन वाहनों को टैक्स में छूट दी जाएगी जो उत्तर प्रदेश में निर्मित हों।

4-वाहनों की खरीद पर सब्सिडी।

5-छूट की राशि सीधे खाते में जाती है।

### प्रदेश में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या दिसंबर 2023 तक

| वाहन का प्रकार | ट्रांसपोर्ट गाड़ियां |
|---|---|
| बस | 744 |
| ई-रिक्शा | 5,50,689 |
| ई-रिक्शा विद कार्ट | 21,689 |
| थ्री व्हीलर यात्री | 15,633 |
| थ्री व्हीलर गुड्स | 1,288 |
| गुड्स कैरियर | 177 |
| मोटर कैब | 138 |
| बाइक-स्कूटर किराए वाली | 35 |
| एक्स-रे वैन | 1 |

| वाहन का प्रकार | नॉन ट्रांसपोर्ट व्हीकल |
|---|---|
| मोटर साइकिल स्कूटर | 66,960 |
| बाइक-स्कूटर विद साइड कार | 52 |
| मोपेड | 703 |
| मोटर-कार | 4,712 |
| मोटराइज्ड साइकिल 25 सीसी | 2,198 |
| कृषि ट्रैक्टर | 91 |
| एडाप्टेड वाहन | 03 |
| फारक लिफ्ट | 01 |
| थ्री व्हीलर पर्सनल | 01 |
| कुल ट्रांसपोर्ट ईवी | 5,90,394 |
| कुल नॉन ट्रांसपोर्ट ईवी | 74,721 |
| कुल इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या | 6,65,115 |

## आसान नियमों के साथ सेवानिवृत्त व्यक्तियों को मिलेगा चिकित्सा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

ईएसआईसी की 193वीं बैठक में लिया गया फैसला

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने शनिवार को नियमों में ढील के साथ सेवानिवृत्त बीमित व्यक्तियों को चिकित्सा लाभ देने का फैसला किया। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में ईएसआईसी की 193वीं बैठक में यह फैसला लिया गया।

इसमें कहा गया कि ईएसआईसी ने उन बीमित सेवानिवृत्त श्रमिकों को चिकित्सा लाभ प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जो वेतन सीमा से अधिक होने के कारण ईएसआई योजना कवरेज से बाहर हो गए हैं, यदि कर्मचारी सेवानिवृत्ति/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से पहले कम से कम पांच साल के लिए बीमा योग्य रोजगार के अंतर्गत था। वे व्यक्ति जो एक अप्रैल, 2012 के बाद कम से कम पांच वर्षों तक बीमा योग्य रोजगार में थे और एक अप्रैल, 2017 को या उसके बाद 30,000 रुपये प्रति माह तक वेतन के साथ सेवानिवृत्त/स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए थे, उन्हें नई योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा।

सरकार की एक्ट ईस्ट नीति के दृष्टिकोण को पूरा करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तरी राज्यों में सेवा वितरण तंत्र को बढ़ाने के लिए ईएसआईसी ने सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में औषधालयों, चिकित्सा बुनियादी ढांचे/क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना के लिए मौजूदा मानदंडों में ढील दी है। बैठक के दौरान ईएसआई लाभार्थियों की समग्र भलाई को बढ़ावा देने के लिए ईएसआईसी संस्थानों में आयुष 2023 पर एक नई नीति अपनाई गई।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,175 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,800 |
| चांदी तैयार | 73,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,950 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,950 |
| चांदी पक्की | 717 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,200 |
| चांदी आभूषण | 72,700। |

## जेएसडब्ल्यू समूह ओडिशा में लगाएगा विद्युत वाहन व बैटरी कारखाना

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाले विनिर्माण क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक समूह जेएसडब्ल्यू ने ओडिशा में कटक और पारादीप में एक बड़े पैमाने का एकीकृत विद्युत वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण परियोजना स्थापित करने की शनिवार को घोषणा की।

कंपनी ने कहा है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा और इससे रोजगार के 11 हजार से अधिक अवसर पैदा होंगे। इस पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में भुवनेश्वर में हस्ताक्षर किए गए। कंपनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में इसे एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा गया है कि बिजली के क्षेत्र में ओडिशा की स्थिति को मजबूत करने के लिए राज्य की सरकार के साथ जेएसडब्ल्यू समूह ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया है कि एक एकीकृत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण कटक और पारादीप में परियोजना। जेएसडब्ल्यू समूह ने कहा है कि इस परियोजना के लिए उसे दूसरे राज्यों से भी प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव मिले थे।

## नीतीश ने कृषि यांत्रिकरण मेले का किया भ्रमण

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला का भ्रमण किया। श्री कुमार ने शनिवार को यहां गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला (एग्रो बिहार-2024) का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर कृषि के लिये उपयोगी आधुनिकतम कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी ली। इस मेला में देश के प्रमुख कृषि यंत्र निर्माताओं द्वारा आधुनिक यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी अनुदान प्राप्त कृषि यंत्रों के क्रय करनेवाले प्रगतिशील किसान लाभार्थियों से मुलाकात की।

## वाराणसी, मुंबई व सूरत समेत चार शहरों के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने शनिवार को कहा कि आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत, और विशाखापट्टनम के आर्थिक रूपांतरण और 2047 तक भारत को एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने में मदद करने के लिए एक योजना तैयार की है। कहा कि आयोग की योजना 20-25 और शहरों की आर्थिक योजना तैयार करने की है, क्योंकि वे आर्थिक गतिविधियों के केंद्र हैं।

उन्होंने भारत को 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की विकसित

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने दी जानकारी



अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नीति आयोग द्वारा एक दृष्टिपत्र तैयार किया जा रहा है और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी किया जाएगा।

सुब्रमण्यम ने यहां एक कार्यक्रम में कहा-नीति आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत और विशाखापट्टनम के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार की है। पिछले साल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नीति आयोग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें 2030 तक मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) की जीडीपी को 300 अरब डॉलर तक ले जाने के लिए जरूरी कदमों पर चर्चा की गई थी। सुब्रमण्यम ने कहा कि केंद्र ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए 11 दिसंबर को देश के युवाओं के विचार मांगे थे। अब तक हमें 10 लाख से अधिक विस्तृत सुझाव प्राप्त हुए हैं।

# लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में वुड की जगह शमार

नई दिल्ली, एजेंसी



3 करोड़ रुपए में आईपीएल में खेलने को जुड़े

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने शनिवार को वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसफ को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए इंग्लैंड के मार्क वुड की जगह टीम में शामिल किया। पिछले महीने जोसफ ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अकेले दम पर टेस्ट मैच में जीत दिलाई थी। इस 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिसबेन के गाबा में आस्ट्रेलिया के स्टार सुसज्जित बल्लेबाजी लाइन अप को चरमराते हुए दूसरी पारी में 68 रन देकर सात विकेट झटके थे। वह तीन करोड़ रुपये में लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़ेंगे और यह आईपीएल में जोसफ का पहला सत्र होगा। आईपीएल ने एक बयान में कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स ने टाटा आईपीएल 2024 के आगामी चरण के लिए शमार जोसफ को तेज गेंदबाज मार्क वुड के स्थान पर शामिल किया है। इसके अनुसार, जोसफ तीन करोड़ रुपये में एलएसजी से जुड़ेंगे। हाल में गाबा में वेस्टइंडीज को टेस्ट में मिली जीत के दौरान इस तेज गेंदबाज ने शानदार प्रदर्शन किया था।

चेन्नई ओपन

# नागल और लुका में फाइनल मुकाबला

चेन्नई, एजेंसी। भारत के टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने चेक गणराज्य के तीसरी वरीयता प्राप्त डेलिबोर स्विरसीना को हराकर शनिवार को चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त नागल ने चेक गणराज्य के 21 वर्षीय खिलाड़ी को दो घंटे तक चले मैच में 6-3, 6-4 से हराया। फाइनल में उनका मुकाबला इटली के लुका नारदी से होगा। नारदी ने चीनी ताइपे के चुन सीन त्सेंग को हराया। पुरुष युगल फाइनल में साकेत माइनेनी और रामकुमार रामनाथन ने हमवतन ऋत्विक बोल्लिपल्ली और निकी पूनाचा को हराकर खिताब जीता।

# छठा विश्व कप जीतने को तैयार हैं भारतीय जांबाज

## आईसीसी अंडर-19 विश्व कप का फाइनल : ऑस्ट्रेलिया की टीम से भिड़ने को बेताब युवा क्रिकेटर

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

अंडर-19 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला आज 11 फरवरी को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विलोमूर पार्क मैदान में खेला जाएगा। इंडिया सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को और ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान को हराकर फाइनल में पहुंची है। भारत के युवा खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में हर मैच में जीत हासिल की है। अब फाइनल में कंगारू को हराकर खिताब जीतना चाहेगी।

भारत के युवा क्रिकेटर रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल जीतकर रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। पिछले साल 19 नवंबर को आस्ट्रेलियाई टीम ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली सीनियर टीम को वैश्विक मंच पर रुलाया था जिससे उदय सहारन की अगुवाई वाली टीम का ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम को हराकर खिताब जीतना सुखद होगा।



कप्तान सहारन ने कहा था कि फाइनल में सामने ऑस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान, फर्क नहीं पड़ता। हम विरोधी पर नहीं अपने खेल पर ध्यान दे रहे हैं। हमने मैच दर मैच रणनीति बनाई है और हर मैच को संजीदगी से ले रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ह्यू वेबगेन, सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन, तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रेकर और कैलम विडलर ने इस चरण के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया है जो भारत के लिए परेशानी बन सकते हैं। भारत की अंडर-19 टीम ने 2012 और 2018 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था और इस चरण के खिताबी मैच में भी वह प्रबल दावेदार होगी। भारतीय टीम हमेशा आयु वर्ग के टूर्नामेंट में 'पॉवरहाउस' रही है और इस टूर्नामेंट में नौवीं बार फाइनल में पहुंचना इसका प्रमाण है। भारत की अंडर-19 टीम ने 2016 के बाद सभी फाइनल खेले हैं जिसमें से उसने 2018 और 2022 चरण में खिताब जीते जबकि 2016 और 2020 में उसे हार मिली। विराट कोहली की टीम ने 2008 में ट्रॉफी जीती थी जिसके बाद अंडर-19 विश्व कप ने काफी लोकप्रियता हासिल की है। लाइव टीवी कवरेज और 'स्ट्रीमिंग' से इसके प्रति उत्सुकता भी बढ़ गई है।

**भारत**

उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावली अवनीश राव (विकेटकीपर), सौम्य कुमार पांडे (उप कप्तान), मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन (विकेटकीपर), धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी।

**ऑस्ट्रेलिया**

ह्यू वेबगेन (कप्तान), लाचलान ऐटकेन, चार्ली एंडरसन, हरकीरत बाजवा, महली बियर्डमैन, टॉम कैम्पबेल, हैरी डिक्सन, रेयान हिक्स (विकेटकीपर), सैम कोनस्टास, राफेल मैकमिलन, ऐडन ओकोनोर, हरजस सिंह, टॉम स्ट्रेकर, कैलम विडलर और ओली पीक। **मैच दोपहर डेढ़ बजे।**

## खेल डायरी

### गुकेश ने कार्लसन को हराया, संयुक्त दूसरे स्थान पर



वांगल्स (जर्मनी), एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां शुरू हुए वेसेन्हॉस शतरंज चैलेंज के पहले दिन एक के बाद एक जीत दर्ज करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैग्नस कार्लसन, अर्मेनिया के लेवोन अरोनियन और मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को पराजित किया। हालांकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ पहली बाजी में हारकर पूरे अंक गंवाने से गुकेश की शुरूआत अच्छी नहीं हुई लेकिन इसके बाद वह पूरी तरह लय में आ गये और उन्होंने चार में से तीन अंक अपनी झोली में डाले। इससे वह रैपिड वर्ग में जर्मनी के विन्सेंट केमेर (3 .5 अंक) के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव को पहले दिन एक भी बाजी में हार नहीं मिली लेकिन उनके अंक गुकेश के बराबर हैं। कार्लसन, फिरोजा और अमेरिका के फैबियानो कारूआना 200,000 डॉलर पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में दो अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

### हरमनप्रीत के 2 गोल, भारत ने स्पेन को 4-1 से दी मात

भुवनेश्वर, एजेंसी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में स्पेन को 4-1 से करारी शिकस्त दी। हरमनप्रीत ने सातवें मिनट में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला और 20वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। अपना 199वां मैच खेल रहे हरमनप्रीत ने पेनाल्टी कार्नर पर अपने गोल की संख्या 150 पर पहुंचा दी है। जुगराज सिंह ने भी 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को तीसरी सफलता दिलाई। ललित उपाध्याय ने 50वें मिनट में गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। स्पेन की तरफ से गोल 34वें मिनट में मार्क मिरालेस ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। भारत अगला मैच रविवार को नीदरलैंड से खेलेगा।

### रामकुमार को मिला बेंगलुरु ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड

बेंगलुरु, एजेंसी। भारत के दूसरी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन को 12 फरवरी से शुरू होने वाले बेंगलुरु ओपन के एकल मुख्य ड्रा में शनिवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। हाल में पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की अगुआई करने वाले रामकुमार यहां चल रहे चेन्नई एटीपी चैलेंजर के पहले दौर में हार गये थे जिससे उन्हें घरेलू सरजमीं पर अच्छा करने का मौका मिलेगा। रामकुमार सात बार एटीपी चैलेंजर सर्किट के एकल फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने नवंबर 2021 में बहरीन के मनामा में अपना एकमात्र खिताब जीता था। दिलचस्प बात है कि रामकुमार ने दो साल पहले अपना सातवां और अंतिम युगल चैलेंजर खिताब बेंगलुरु में हमवतन साकेत मायनेनी के साथ जीता था।

### मेस्सी पर नाराजगी से अर्जेंटीना का मैत्री मैच रद



हांगकांग, एजेंसी। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी मैच में नहीं खेलने के कारण अगले महीने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के फुटबॉल मैत्री मैच को शुक्रवार को रद्द कर दिया गया। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था। बीजिंग में आइवरी कोस्ट और हांगझोउ में नाईजीरिया के खिलाफ मैच होने थे। लेकिन मेस्सी ने अपने इंटर मियामी क्लब के साथ दौरे पर हांगकांग में प्रशंसकों को नाराज कर दिया था। वह पिछले रविवार को 'ग्रोइन' चोट के कारण मैत्री मैच में नहीं खेले और बेंच पर बैठे रहे थे। इससे खेल प्रेमी काफी नाराज हो गये थे। शुक्रवार को अर्जेंटीना और नाईजीरिया के बीच मैत्री मैच रद्द कर दिया गया। हांगझोउ स्पोर्ट्स ब्यूरो ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर घोषणा की कि कारण सभी को पता है, हमें अधिकारियों से पता चला है कि परिस्थितियां मैच कराने के सही नहीं हैं।

# कोहली श्रृंखला से हटे, अय्यर बाहर गेंदबाज आकाशदीप टीम में शामिल

## बीसीसीआई की पुष्टि के बाद कोहली को लेकर चल रही अटकलें हुईं खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट श्रृंखला के बचे हुए मुकबलों से हट गए हैं, जिसकी पुष्टि शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने की। इससे कोहली को लेकर चल रही अटकलें खत्म हो गईं। कोहली पहले दो टेस्ट में नहीं खेले थे।



बीसीसीआई ने कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से श्रृंखला के बचे हुए मैचों के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है। कोहली इस समय पारिवारिक कारणों से विदेश में हैं। अभी श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होगा। व्यक्तिगत कारणों से कोहली की अनुपलब्धता के बारे में बीसीसीआई को पता था लेकिन अधिकारी यह देखना चाहते थे कि क्या वह 7 से 11 मार्च तक धर्मशाला में होने वाले अंतिम टेस्ट खेल सकते हैं। बीसीसीआई के सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि चयन समिति को पता था कि विराट श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे और इसके अनुसार आकस्मिक योजना तैयार थी। बीसीसीआई में हर कोई चाहता है कि विराट अपनी पारिवारिक प्रतिबद्धताओं को पूरा करें और जब भी वह उचित समझे वापस आएं। राष्ट्रीय चयन समिति ने सीनियर खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और केएल राहुल को टीम में शामिल किया है लेकिन बीसीसीआई की चिकित्सा टीम से मंजूरी मिलने के बाद ही वह खेल सकते हैं। इन दोनों को चोट लगी थी। राहुल फिट हैं और अंतिम एकादश में शामिल किए जाने को तैयार हैं। उसके अभी 'क्वाड्रीसैप्स' में थोड़ी ऐंठन है और चिकित्सा टीम इसे बढ़ाना नहीं चाहती। जडेजा की मांसपेशियों में खिंचाव है और वह बेहतर हो रहे हैं। मैच शुरू होने में अब भी पांच दिन बचे हैं और अगर वह ठीक रहते हैं तो बढ़िया है। अगर राहुल और जडेजा अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो विशाखापत्तनम में पदार्पण करने वाले रजत पाटीदार को बाहर बैठना पड़ेगा क्योंकि श्रेयस अय्यर को बाहर कर दिया गया है। सीनियर बल्लेबाज अय्यर को कमर के निचले हिस्से और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद टीम में नहीं लिया गया है। हालांकि बीसीसीआई ने उनका मेडिकल अपडेट नहीं दिया गया है। माना जा रहा है कि अय्यर को हर हाल में बाहर कर दिया जाता और उनकी चोट ने चयनकर्ताओं के लिए फैसला आसान कर दिया है। अय्यर ने काफी लंबे समय से अर्धशतक नहीं जड़ा है और बल्लेबाजों के मुफीद भारतीय पिचों पर उनके आउट होने का तरीका चिंताजनक है। निकट भविष्य में लंबे प्रारूप के लिए अय्यर के नाम पर शायद विचार नहीं किया जाए क्योंकि शॉर्ट गेंद का सामना करना उनकी कमजोरी रही है। इस 17 सदस्यीय टीम में एकमात्र नया चेहरा बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप हैं जिन्हें प्रथम श्रेणी क्रिकेट और हाल ही में भारत 'ए' बनाम इंग्लैंड लायंस टेस्ट श्रृंखला में लगातार प्रदर्शन की बदौलत यह मौका मिला है।



**भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला**

**भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप।

# उम्मीद न थी कि इतनी जल्दी टेस्ट टीम में मिलेगी जगहः आकाशदीप

नई दिल्ली, एजेंसी

**बंगाल और भारत ए की तरफ से किया था अच्छा प्रदर्शन**

**बिहार के क्रिकेटर ने दुर्गापुर में टेनिस बॉल से की थी शुरुआत**



इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में चुने गए तेज गेंदबाज आकाशदीप ने कहा कि उन्हें इतनी जल्दी राष्ट्रीय टीम में शामिल होने की उम्मीद नहीं थी। पिछले सत्र में बंगाल और भारत ए की तरफ से क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले आकाशदीप ने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि मुझे भविष्य में टेस्ट टीम में चुना जाएगा लेकिन इतनी जल्दी इसकी उम्मीद नहीं थी।

इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दुर्गापुर में टेनिस बॉल क्रिकेट से अपने क्रिकेट कॅरियर की शुरुआत की। वह बिहार के रहने वाले हैं जहां एक समय क्रिकेट को करियर के रूप में नहीं देखा जाता था। उन्होंने कहा कि बिहार में तब (भारतीय क्रिकेट बोर्ड से निलंबित होने से) क्रिकेट के लिए कोई उचित मंच नहीं था विशेष कर सासाराम में जहां का मैं रहने वाला हूं, वहां क्रिकेट खेलना अपराध था। कितने ही माता-पिता अपने बच्चों से कहते थे कि आकाश से दूर रहो। वह पढ़ाई नहीं करता और उसकी संगत में बिगड़ जाओगे। आकाश ने कहा कि मेरे पिताजी मुझे बिहार पुलिस कांस्टेबल या राज्य सरकार में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की परीक्षा देने के लिए कहते थे। वह उन सरकारी नौकरी के आवेदन पत्र भरते थे और मैं परीक्षा देने जाता था और खाली फॉर्म जमा कर आ जाता था। आकाश ने कहा कि मेरे पापा और भैया का 6 महीने में देहांत हो गया। मेरे पास अब खोने के लिए कुछ नहीं था। यही प्रेरणा थी कि मुझे कुछ करना है क्योंकि परिवार की जिम्मेदारी लेनी है। एक दोस्त की मदद से उन्हें पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक क्लब की तरफ से खेलने का मौका मिला लेकिन उनकी कमाई टेनिस बॉल क्रिकेट खेलने से होती थी। उन्होंने बताया कि मैं क्लब की तरफ से लेदर बॉल से खेलता था लेकिन शुरू में उससे कमाई नहीं होती थी इसलिए मैं महीने के तीन या चार दिन टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलता था, जिससे मुझे प्रतिदिन 6000 रुपए मिल जाते थे। इससे महीने में मैं 20000 रुपए कमा लेता था।

# मेरी ताकत है मेरा धर्म और अध्यात्म : केशव

केपटाउन, एजेंसी



दाहिने हाथ में ओम नमः शिवाय लिखा तांबे का कड़ा पहनने वाले और जल्द ही अयोध्या जाने की तमन्ना रखने वाले दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर केशव महाराज के लिए धर्म और अध्यात्म कठिन हालात में उनकी ताकत है। केशव मैदान पर भी कभी अपनी आस्था की अभिव्यक्ति से परहेज नहीं करते हैं और मैदान में उतरने पर डीजे से राम सियाराम बजाने को कहते हैं। भारत में वनडे विश्व कप के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ मैच में उनके बल्ले पर ओम का स्टिकर लगा था और पाकिस्तान के खिलाफ चेन्नई में मैच जीतने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में जीत पर खुशी जाहिर करने वाले संदेश के अंत में लिखा जय श्री हनुमान। भारत के खिलाफ अपनी सरजमी पर हाल ही में टेस्ट श्रृंखला के दौरान मैदान पर उतरते समय उन्होंने डीजे से राम सियाराम बजाने के लिए कहा था और यह वीडियो काफी वायरल हुआ। भारतीय मूल के केशव ने यहां एसए 20 फाइनल से पहले दिए इंटरव्यू में कहा कि मैं काफी धार्मिक और अध्यात्म में रूचि रखने वाले परिवार से हूं। धर्म और अध्यात्म मुझ पर थोपे नहीं गए लेकिन मैं महसूस करता हूं कि कठिन हालात में यह मुझे मार्गदर्शन और एक दृष्टिकोण देते हैं। मैं अपनी आस्था से काफी जुड़ा हुआ हूं। केशव के परदादा उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से थे जो 1874 में मजदूरी के लिए डरबन आए थे। केशव ने कहा कि मैं घर पर सारे त्योहार मनाता हूं। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से वह इतने उत्साहित थे कि उसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया था।



शनिवार को मैनचेस्टर, इंग्लैंड के एतिहाद स्टेडियम में मैनचेस्टर सिटी और एवर्टन के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल के खेले गए मैच के दौरान मैनचेस्टर सिटी के जेरेमी डोकू, बाएं, एवर्टन के एशले यंग और उनके साथी डोमिनिक कैल्वर्ट-लेविन के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए। एजेंसी

# बॉलीवुड हलचल

## यामी की फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। जियो स्टूडियोज ने बी62 स्टूडियोज के सहयोग से फ़िल्म आर्टिकल 370 ट्रेलर रिलीज़ किया। इस फ़िल्म में यामी गौतम मुख्य भूमिका में नज़र आयेंगी। आर्टिकल 370 एक खुफिया अधिकारी (यामी द्वारा अभिनीत) की कहानी को दर्शाती है, जो पीएमओ ब्यूरोक्रेट (प्रियामणि) के साथ घटनाओं की जटिल सिरीज़ और आतंकवाद की सांठगांठ का पर्दाफ़ाश करने की कोशिश करती है, जिसके कारण कश्मीर से आर्टिकल 370 को समाप्त करने का ऐतिहासिक और अभूतपूर्व परिणाम सामने आता है। आर्टिकल 370 हाई ऑक्टेन एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा है। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सुहास जांभले ने किया है। ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर द्वारा निर्मित यह फिल्म 23 फरवरी 2024 को रिलीज होगी।

## 8 साल बाद फिर से जादू बिखेरेंगे सलमान और सूरज बड़जात्यावा



निर्देशक सूरज बड़जात्या और अभिनेता सलमान खान ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। इसमें मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्में हैं। सलमान और बड़जात्या की फिल्म का लोगों को हमेशा इंतजार रहता है। पिछले साल इस जोड़ी ने कन्फर्म किया था कि वह प्रेम रतन धन पायो (2015) के 8 साल बाद अपने पांचवें सहयोग के लिए फिर से साथ आ रहे हैं और उनकी अपकमिंग परियोजना बड़े पैमाने पर बनाई जाने वाली है। सूरज बड़जात्या और सलमान खान एक बड़े विज़न और बड़े पैमाने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं और उससे उन्हें काफी उम्मीदें है।

## रणबीर की 'रामायण' में शूर्पणखा बनेंगी रकुल प्रीत सिंह



दंगल फेम डायरेक्टर नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर राम, सांई पल्लवी सीता और केजीएफ स्टार यश रावण का किरदार निभाएंगे। अब हाल ही में खबर आई है कि एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह फिल्म में रावण की बहन शूर्पणखा का किरदार निभा सकती हैं। नितेश तिवारी और रकुल प्रीत सिंह के बीच इसे लेकर बातचीत चल रही है। चूंकी शूर्पणखा 'रामायण' का एक खास किरदार है इसी की वजह से भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध हुआ। इसीलिए इसके लिए रकुल ने अभी से लुक टेस्ट वगैरह भी दे दिए हैं। अगर सबकुछ प्लान के मुताबिक रहा तो रामायण पहला प्रोजेक्ट होगा, जिसकी शूटिंग रकुल अपनी शादी के बाद शुरु करेंगी। बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर और साउथ एक्टर यश की फिल्म 'रामायण' इन दिनों सुर्खियों में हैं। नितेश तिवारी की 'रामायण' में नए-नए स्टार्स की एंट्री हो रही हैं। अब तक इस फिल्म में रणबीर कपूर, यश, सनी देओल, बॉबी देओल समेत कई स्टार्स की एंट्री हो चुकी है। अभी हाल ही में माता सीता के किरदार के लिए जाह्नवी कपूर का नाम सामने आया था, जिसके बाद माना जा रहा था कि साई पल्लवी फिल्म से बाहर हो जाएंगे। इन सब के बाद अब फिल्म में 'शूर्पणखा' के रोल के लिए एक एक्ट्रेस का नाम सामने आ रहा है। नितेश की फिल्म 'रामायण' रिलीज से पहले स्टारकास्ट को लेकर काफी चर्चा में हैं। अब तक कई अपडेट्स सामने आ चुके हैं। अभी हाल ही में 'रामायण' में जाह्नवी कपूर की एंट्री को लेकर खबरें सामने आई थी। रणबीर कपूर और यश की फिल्म में शूर्पणखा के रोल के लिए एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह का नाम सामने आया है।

## रजनीकांत की लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल पड़ी भारी



नई दिल्ली। 9 फरवरी को कुल चार फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इनमें से एक बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर-कृति सेनन के तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और बाकी तीन साउथ की लाल सलाम, अनवेशप्पिन कांडेतम और रवि तेजा की ईगल है, लेकिन साउथ की मूवीज में ईगल ने बाजी मारते हुए रजनीकांत और थोविनो थॉमस को भी पीछे छोड़ दिया है। सक्निल्क डाट कॉम के आकंड़ों के अनुसार, ईगल ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 6 .1 करोड़ की कमाई की है . जबकि लाल सलाम ने केवल 4 .3 करोड़ का कलेक्शन किया है। इशके चलते रजनीकांत के स्पेशल कैमियो वाली फिल्म लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल भारी पड़ती हुई नजर आई है। जबकि बॉलीवुड मूवी तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की टक्कर ईगल से होती दिख रही है क्योंकि इस फिल्म ने भी 6 करोड़ पार की कमाई अपने नाम की है। कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा निर्देशित रवि तेजा की फिल्म ईगल में अनुपमा परमेशवरर, काव्या थापर, मधू और विनय राय जैसे सितारे हैं।

## अंजना सिंह की फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू




मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की आने वाली फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू हो गई है। राज घराना फिल्म प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म ठाकुरगंज का मुहूर्त संपन्न हो गया और शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक नीरज रणधीर हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में अंजना सिंह है और राहुल सिंह हैं। निर्माता आदित्य कुमार झा ने कहा कि ठाकुरगंज एक बेहतरीन पटकथा पर आधारित है। फिल्म की कहानी घर परिवार से है और यह दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब होगी। इस फिल्म का बजट रूटिंन फिल्मों से ज्यादा है। फिल्म के निर्देशक नीरज रणधीर है। वही फिल्म को लेकर अंजना ने कहा कि यह मेरे लिए बेहतरीन मौका है, जिसमें एक शानदार पटकथा पर बनने वाली फिल्म में काम करने का मौका मिला है। इस फिल्म में मेरा किरदार सर्वोपरि है और मैं इसे पूरी तरह से जीना चाहती हूं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### इजराइली हवाई हमले में 10 बच्चे समेत 28 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से रफा से आमलोगों को निकालने और हमास पर हमले की दोहरी योजना की घोषणा के बाद से वहां मौजूद लोगों की सांसें थमी हुई हैं। 12 लाख के करीब लोग वहां फंसे हुए हैं। हालांकि, नेतन्याहू की ओर से हमले का समय नहीं बताया गया है। लेकिन उनकी इस घोषणा के बाद से डर का माहौल बना हुआ है। इस बीच, इजराली वायु सेना की ओर से हमले जारी हैं। शनिवार तड़के रफा में इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमले में 28 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। एक स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, शनिवार को रफाह क्षेत्र में घरों पर तीन हवाई हमले किए गए थे। हमले में तीन परिवारों के कई सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें कुल 10 बच्चे थे।

### यूक्रेन के खारकीव पर रूस का ड्रोन हमला, 3 बच्चों समेत 7 की मौत

**कीव।** यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर रूस ने ड्रोन से शुक्रवार-शनिवार की रात बड़ा हमला बोला। हमले में सात लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनिहुबोव ने शनिवार को कहा कि ईरान निर्मित शहीद ड्रोन से नेमिश्लियन जिले में नागरिक बुनियादी ढांचा को निशाना बनाया गया। इस हमले के कारण भीषण आग भड़क उठी, जिसकी चपेट में आकर 15 घरों को नुकसान पहुंचा है। गृहमंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि वहां से 50 लोगों को निकाला गया है।

### कनाडाः भारतवंशी चालक पर नशीली दवाओं को बांटने का आरोप

**टोरंटो।** कनाडा में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर पर नशीली पदार्थों को बांटने का आरोप लगाया गया है। दरअसल, उसे 8.7 मिलियन कनाडाई डॉलर मूल्य की कोकीन अमेरिका लाने के प्रयास में पकड़ा गया था। ड्राइवर की पहचान गगनदीप सिंह के तौर पर की गई है। उसे कस्टम और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) ने कोकीन के साथ पकड़ा था। अधिकारियों के अनुसार, यह जब्ती बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं के वितरण गतिविधियों के अनुरूप है। आपराधिक शिकायत के अनुसार, आरोपी ने सीबीपी अधिकारियों को अनदेखा करने और उनके द्वारा रोके जाने के बाद टोल से आगे बढ़ने की कोशिश की।

### तेलंगाना में दूषित भोजन खाने से दो लोगों की मौत, 14 बीमार

**करीमनगर।** तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में ईंट भट्ठे पर कथित तौर पर दूषित भोजन खाने से एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लोग बीमार पड़ गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि गौरेड्डीपेट गांव में एक ईंट भट्ठे पर काम करने वाले ओडिशा के श्रमिकों ने मंगलवार को पेद्दापल्ली में एक दुकान से मुर्गे का मांस खरीदा। पुलिस ने कहा, दो दिनों तक मुर्गे का मांस पकाकर खाया। इसके बाद कुछ श्रमिक बीमार पड़ गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला सहित दो श्रमिकों की मौत हो गई। अन्य अस्पताल में भर्ती है।

## चाबहार बंदरगाह का विकास ईरान-भारत सहयोग का महत्वपूर्ण उदाहरण : ईरानी राजदूत इलाही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरानी राजदूत इराज इलाही ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र के देशों को मध्य एशिया से जोड़ने वाले गोल्डन गेटवे के रूप में चाबहार बंदरगाह का विकास भारत-ईरान जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।



उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आइएनएसटीसी) के कार्यान्वयन में दोनों देशों के बीच सहयोग भी बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों का उदाहरण हैं।

ईरान की 45वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक कार्यक्रम में इलाही ने कहा कि पिछले अगस्त में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सौहार्दपूर्ण बैठक ने दोनों देशों के बीच अच्छे सहयोग में नए चरण का मार्ग प्रशस्त किया। ऊर्जा संपन्न ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित चाबहार बंदरगाह कनेक्टिविटी और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईरान द्वारा विकसित किया जा रहा है। भारत क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने, खासकर अफगानिस्तान से इसकी कनेक्टिविटी के लिए इस परियोजना पर जोर दे रहा है। भारत और ईरान ने बंदरगाह को आइएनएसटीसी परियोजना के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में पेश किया है।

## महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा चार्जिंग स्टेशन
# यूपी ईवी में अव्वल

देश का ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) उद्योग तेजी से विकास कर रहा है। सड़कों पर बड़ी संख्या में दोपहिया-तिपहिया के साथ ही ईवी कारें और बसें नजर आ रही हैं, लेकिन ईवी के विकास के लिए सबसे जरूरी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या अब भी कम है। भारी उद्योग राज्य मंत्री, कृष्णपाल गुर्जर ने लोकसभा में बताया कि इस साल 2 फरवरी तक देश में कुल 12,146 चार्जिंग स्टेशन खुल चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में 3079 चार्जिंग स्टेशन हैं। 1886 चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर है, जबकि कर्नाटक में 1041 चार्जिंग स्टेशन हैं। इसके बाद केरल (852), तमिलनाडु (643) और उत्तर प्रदेश की बारी आती है।

**2023** अगस्त तक देश में कुल 28,30,565 ईवी थीं, इसमें तेलंगाना और लक्षद्वीप शामिल नहीं

**12,146** कुल चार्जिंग स्टेशन हैं भारत में, 1800 से ज्यादा चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर

**2030** तक देश भर में 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की होगी जरूरत



### चार्जिंग स्टेशन बनाने को सरकार दे रही सब्सिडी

भारत में 2030 तक 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत होगी। इसलिए सरकार ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए सब्सिडी दे रही है। फेम-2 योजना के तहत सरकार पहले 5000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए कुल चार्जिंग स्टेशन लागत का 50 से 100% तक सब्सिडी दे रही है। साथ ही सरकार ने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिशानिर्देश और मानक जारी किए हैं, जो घर-दफ्तर में ईवी चार्ज करने की इजाजत देते हैं।

### 2023: हर माह 1 लाख से ज्यादी ईवी बिकीं

जैसे-जैसे ईवी तकनीकि तौर पर विकसित और सस्ती होती जा रही है। बाजार में इसकी मांग भी बढ़ती जा रही है। एनआरआई कंसल्टिंग एंड सॉल्यूशंस के प्रितेश सिंह बताते हैं- पिछले साल हर महीने 1 लाख से ज्यादा ईवी की बिक्री हुई। इनमें से 56% टू व्हीलर्स हैं। अकेले मई में सबसे ज्यादा 1,58,374 ईवी की बिक्री हुई।

### उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन

उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन हैं। जबकि देश में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स उत्तर प्रदेश में ही हैं। आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में अगस्त 2023 तक 5,74,967 रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स थे। यानी 988 वाहनों के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन। इसके बाद सबसे ज्यादा ईवी महाराष्ट्र (3,05,006) में हैं। यानी हर 100 ईवी के लिए एक चार्जिंग स्टेशन है। देश की राजधानी दिल्ली में 124 ईवी के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन है। देश में 3 अगस्त 2023 तक कुल ईवी 28,30,565 थीं। इसमें तेलंगाना और लक्षद्वीप का डेटा नहीं जोड़ा गया है।



## इमरान खेमे में दोहरी खुशी, पीटीआई समर्थित प्रत्याशियों ने जीतीं सर्वाधिक सीटें
# इमरान को 12 केसों में मिली जमानत

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में चुनावी नतीजों के बीच शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राहत मिली है। दरअसल, रावलपिंडी में आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) ने इमरान को 9 मई के दंगों से संबंधित 12 मामलों में जमानत दे दी है।

इमरान के लिए ये दोहरी खुशी इसलिए भी है, क्योंकि चुनावी नतीजों में भी उनकी पार्टी पीटीआई के समर्थित उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं। इसके अतिरिक्त, इमरान खान के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी को 13 मामलों में जमानत दे दी गई है। इमरान को आर्मी म्यूजियम पर हमलों में भी जमानत दे दी गई है। अदालत ने सभी 12 मामलों में 1 लाख पाकिस्तान रुपये के जमानत बांड पर जमानत दी है। जमानत आवेदनों पर एटीसी न्यायाधीश मलिक इजाज आसिफ ने फैसला सुनाया कि पीटीआई संस्थापक को हिरासत में रखने का कोई औचित्य नहीं है और 9 मई के मामलों में सभी संदिग्धों को जमानत दे दी गई। इमरान और कुरैशी को 6 फरवरी को आरोपों के अनुसार दोषी ठहराया गया था।



### पीटीआई के उम्मीदवारों को मिलीं सौ सीटें

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के अनुसार, नेशनल असेंबली की 250 सीट पर मतगणना पूरी हो चुकी है और निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक 100 सीट जीती हैं। इनमें से अधिकतर उम्मीदवार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित हैं। नवाज की पीएमएल-एन ने 73, पीपीपी ने 54 सीट और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट ने 17 सीट पर जीत हासिल की है। छोटे दलों को अन्य 11 सीटों पर जीत दर्ज की है। इमरान खान की पार्टी ने पीपीपी, पीएमएल-एन के साथ गठबंधन करने से इनकार करते हुए कहा कि वह अपने बलबूते संघीय सरकार बनाने की स्थिति में है।

### बेटी मरियम-नवाज की जीत को चुनौती, कोर्ट पहुंचे पीटीआई नेता



पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज की जीत को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने दोनों को लाहौर की नेशनल असेंबली की सीटों पर विजयी घोषित किया है। चुनाव आयोग पर आरोप है कि सही प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है।पूर्व प्रधानमंत्री की बेटी के निर्वाचन को शनिवार को चुनौती दी गई। याचिका में पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों ने दावा किया कि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने उन्हें 'फर्जी' परिणाम पर विजेता घोषित किया।

### राजनीतिक -आर्थिक स्थिरता लाए आगामी सरकारः मुनीर



पाकिस्तान के चुनावी परिणाम आने के बाद शनिवार को सेना प्रमुख असीम मुनीर ने देश की जनता को सफल चुनावों के लिए बधाई दी। असीम ने इसी के साथ कहा कि मेरी कामना है कि देश को इस चुनाव से अराजकता और खराब राजनीति से छुटकारा मिलेगा और आगे बढ़ने के लिए स्थिर सरकार मिलेगी। उन्होंने कहा लोकतांत्रिक ताकतों को संभालने वाली सरकार राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूरा करेगी, यही उम्मीद करता हूं और इसी के साथ कामना करता हूं कि ये चुनाव राजनीतिक, आर्थिक स्थिरता, शांति और समृद्धि लाए।

## 100% भरोसा, यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनेगा भारत


**पर्थ, एजेंसी**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर हैं। वह दो दिवसीय हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। शनिवार को जयशंकर ने कहा कि 100 प्रतिशत विश्वास है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट मिलेगी, लेकिन यह आसान नहीं होगा क्योंकि बहुत सारे देश हैं जो हमें रोकना चाहते हैं।

भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि जब वह दुनिया भर में जाते हैं तो उन्हें यह बदलाव नजर आता है कि अब दुनिया भारत को कितनी अलग नजरों से देखती है। उन्होंने स्थायी सीट को लेकर कहा 'मैं 100 प्रतिशत आश्वस्त हूं कि हम वहां पहुंचेंगे। लेकिन मैं ईमानदारी से कहूं तो, हमें यह आसानी से नहीं मिलेगा क्योंकि दुनिया प्रतिस्पर्धा से भरी है। किसी देश का नाम लिए बिना जयशंकर ने कहा कि कुछ लोग हमें रोकने की कोशिश करेंगे, उस मार्ग को कठिन बना देंगे या रास्ते में किसी तरह की बाधाएं, किसी तरह का तर्क डालेंगे, लेकिन मुझे विश्वास है कि हम वहां पहुंचेंगे और मैं पांच साल पहले या 10 साल पहले की तुलना में आज अधिक आश्वस्त हूं।'

उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे मैं दुनिया भर में घूमता हूं, मैं अक्सर लोगों से यह सुनता हूं कि 'देखो, आप वो बातें कह सकते हैं जो हम नहीं कह सकते। हम यह कहने के लिए आप पर भरोसा करते हैं क्योंकि हमारी अपनी सीमाएं हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे भारत ने पहले ही स्वाभाविक रूप से एक स्थिति बना ली है जो उन सभी के लिए एक सामूहिक स्थिति है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मुद्दे थे जिनमें कई लोगों के हित शामिल थे लेकिन वैश्विक बहस पर कुछ ही लोगों का दबदबा था।

### भविष्य में क्वाड की बढ़ेगी प्रासंगिकताः जयशंकर



भारतीय समुदाय को संबोधित करते जयशंकर।

जयशंकर ने शनिवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि क्वाड समूह की प्रासंगिकता बढ़ेगी और यह क्षेत्रीय तथा क्षेत्र से परे राजनीति व नीति में एक बड़ा कारक बनेगा। जयशंकर ने हिंद महासागर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया की अपने समकक्ष पेनी वोंग के साथ एक चर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, यह समूह प्रमुख शक्तियों की बदलती क्षमताओं और पूरी दुनिया पर उसके असर का परिणाम है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख से निपटने के लिए 2017 में किया गया था। जयशंकर ने कहा, यह तीन बहुत महत्वपूर्ण संबंधों को भी दर्शाता है जो शीत युद्ध खत्म होने के बाद बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि ये चारों देश इस समुद्री क्षेत्र के चार कोनों पर स्थित हैं।

### भारत में एक दशक में 8 नए एयरपोर्ट बने

जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कोरोना महामारी (कोविड) के दौर में भारत में हुई सकारात्मक पहल और गरीबों को मुफ्त राशन जैसी योजनाएं गिनाते हुए कहा कि कोरोना से उबरने में प्रोत्साहन की अहम भूमिका रही। विदेश मंत्री ने कहा कि जब पूरी दुनिया कोरोना से जूझ रही थी, उस समय भारत में सभी के मन में एक ही बात और भावना थी, किसी भी सूरत में इस संकट के समय को पीछे छोड़ना है। उन्होंने बीते एक दशक में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं।

## अमेरिकाः घायल भारतीय मूल के युवक की अस्पताल में मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

▸▸ 2 फरवरी को रेस्तरां के बाहर घायल अवस्था में फुटपाथ पर मिले थे विवेक तनेजा, जांच जारी

अमेरिका के वाशिंगटन शहर के एक रेस्तरां के बाहर एक 41 वर्षीय भारतीय मूल के कार्यकारी पर किसी विवाद के कारण हमला किया था, जिसके कुछ दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई है।

जांचकर्ताओं के अनुसार, अधिकारियों ने 2 फरवरी को सुबह लगभग 2 बजे शोटो रेस्तरां के बाहर विवेक तनेजा घायल अवस्था में फुटपाथ पर पड़े थे। उन्हें जानलेवा चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

मीडिया के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पाया गया कि तनेजा और एक अज्ञात व्यक्ति के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई और वह झड़प में बदल गई। इसके बाद शख्स ने तनेजा को जमीन पर गिरा दिया गया और उनका सिर फुटपाथ पर जा लगा। बुधवार को अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस अब तनेजा की मौत को हत्या मानकर जांच कर रही है। तनेजा डायनेमो टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक और अध्यक्ष थे। तनेजा संघीय सरकार के अनुबंध क्षेत्र पर जोर देने के साथ डायनेमो की रणनीतिक, विकास और साझेदारी पहल का नेतृत्व करते थे। तनेजा वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में अपनी उनकी पत्नी और एक बेटी के साथ रहते थे।

पुलिस उस शख्स को अब भी खोज रही है, जिसने विवेक पर हमला किया था। वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस ने आरोपी शख्स को पकड़ने के लिए अब जनता से भी मदद मांगी है।

### संगम पर उमड़े भक्त...



**प्रयागराज :** माघ मेले के पर्व मौनी अमावस्या पर भक्त संगम उमड़ पड़े। मेला प्रशासन का अनुमान है कि शनिवार को 2 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए मेला प्रशासन ने स्नान घाटों की संख्या बढ़ाकर 12 कर दी। घाटों की लंबाई भी 6800 रनिंग फोट से 8000 रनिंग फोट की गई। श्रद्धालुओं की मदद के लिए 500 मेला मित्र भी तैनात रहे। पहली बार एनडीआरएफ ने महिला बचावकर्मियों को भी तैनात किया है। इस स्नान को 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ के रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जा रहा है। ● एजेंसी



## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में धमाका, एक पुलिसकर्मी समेत तीन आतंकी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस मोबाइल वैन पर हमले के बाद हुई गोलीबारी में कम से कम तीन आतंकवादी और एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के दारजिंदा इलाके में गश्त कर रही एक वैन पर अज्ञात आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक अतिरिक्त एसएचओ की मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस और हमलावरों के बीच एक घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी हुई। पुलिस ने बताया कि लड़ाई के दौरान तीन हमलावरों को मार गिराया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की भारी टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने कहा, हमलावरों का पता लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

## पूर्व पीएम नरसिम्हा राव ने इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखीः गिलोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने की घोषणा की है। जिसके बाद से ही तमाम राजनीतिक प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच,



भारत में इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने पूर्व पीएम नरसिम्हा राव को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने को लेकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 1992 में पीएम नरसिम्हा राव के नेतृत्व में भारत और इजराइल ने राजनयिक संबंध स्थापित किए थे।

एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने कहा कि पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव ने भारत और इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखी थी, जो आज प्रगाढ़ हो चुके हैं। मोदी द्वारा उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने के एलान की मैं प्रशंसा करता हूं। साथ ही मध्यपश्चिम भारत में इजराइली महावाणिज्यदूत कोबी शोशानी ने भी इजराइल और भारत के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

## किसान आंदोलन
## हरियाणा के 7 जिलों में इंटरनेट सेवा ठप



**चंडीगढ़।** किसानों की दिल्ली कूच के चलते अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। इंटरनेट सेवा रविवार सुबह 6 बजे से अगले तीन दिनों तक बंद रहेगा।

इनेलो महासचिव अभय चौटाला ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इंटरनेट बंद करना अभिव्यक्ति की आजादी का हनन और लोकतंत्र की हत्या है। अपनी मांगों को लेकर किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए हरियाणा सरकार ने प्रदेश में कल से इंटरनेट बंद का फरमान जारी किया है। किसानों को रोकने के लिए जगह-2 कीलें गाड़ी जा रही है।

## टीएमसी नेता की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन, इंटरनेट ठप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शुक्रवार को स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था।

हाथों में लाठी और झाड़ू लेकर स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली के विभिन्न इलाकों में जुलूस निकाला। एक अधिकारी ने बताया धारा 144 लागू की गई है और जिले के कुछ हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शेख शाहजहां पिछले महीने से फरार हैं। ईडी कथित राशन घोटाले में उनके घर पर छापेमारी की थी। जिस दौरान भीड़ ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था।

## विज्ञान | नासा के अंतरीक्ष यान कैसिनी के जरिए सौरमण्डल में छिपे महासागर की हुई खोज
# शनिग्रह के उपग्रह 'मीमास' में मिला जल का भंडार

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश ने वैज्ञानिकों को अकूत तरल जल का खजाना हाथ लगा है। बाहरी ग्रह पर मिले महासागर में जीवन की संभावना प्रबल बताई जा रही है। तरल जल का यह महासागर शनि के चंद्रमा मीमास में खोजा गया है। ऑब्ज़र्वेटोएरे डी पेरिस-पीएसएल के खगोलशास्त्री वैलेरी लैनी और उनकी टीम ने यह खोज की है।

नासा के अंतरीक्ष यान कैसिनी के जरिए यह खोज हुई है। मीमास शनि का सबसे छोटा उपग्रह है। इस उपग्रह पर तरल जल की मौजूदगी की कोई संभावना नजर नही आती थी। कैसिनी अंतरिक्ष यान ने 2004 से 1017 के बीच कई बार मीमास के जांच पड़ताल की और



शनि का उपग्रह मीमास।

तस्वीरों समेत डेटा पृथ्वी पर भेजा। जब वैज्ञानिकों ने इस उपग्रह का डेटा खंगाला तो हैरान हो गए। मीमास के भीतरी सतह में महासागर छिपा हुआ था। इस उपग्रह की सतह मोटी परत की बर्फ से ढकी हुई है और सतह से केवल 20 से 30 किलोमीटर की गहराई में तरल जल का महासागर समाया हुआ है। लंदन क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ने महासागर की इस घोषणा को प्रकाशित किया है। खोजकर्ता वैज्ञानिको का कहना है कि शनि के चंद्रमा मीमास का महासागर संभवतः 5 से 15 मिलियन वर्ष पहले शनि द्वारा मीमास के ज्वारीय निचोड़ के कारण बना था। इस खोज से वैज्ञानिकों को महासागर की उत्पत्ति की जानकारी मिल सकती है। साथ ही इस महासागर में किसी भी रूप में जीवन भी मिल सकता है। अब आगे के अध्ययन से इस संदर्भ की पुष्टि होगी। बीते दशक में नासा ने चंद्रमा की बर्फ से ढंकी सतह के नीचे तरल रूप में पानी मौजूद होने का दावा किया था।

फिर चाहे वह भूमिगत जल हो या किसी महासागर के रूप में हो। लेकिन शनि के चंद्रमा एनक्लेडस को देखकर पहली झलक में कहा जा सकता है कि इसके दक्षिणी ध्रुव पर पानी का अथाह भंडार है। इस खोज को नेचर जरनल में प्रकाशित शोध पत्र के प्रमुख शोधकर्ता और कारनेल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मैट हेडमैन ने बातया था कि, एनक्लेडस जब शनि के बहुत करीब होता है तो जलस्त्रोतों के पोर जैसे बंद हो जाते हैं और जब ये चाद अपने शनि ग्रह से सबसे अधिक दूर होता है तो जल सबसे अधिक छलकता है।

### एन्सेलाडस, यूरोपा के क्लब में शामिल हुआ मीमास

मीमास एक छोटा चंद्रमा है, जिसका व्यास केवल 400 किलोमीटर है। यह खोज मिमास को आंतरिक महासागरों वाले चंद्रमाओं के एक विशेष क्लब में जोड़ती है, जिसमें शनि का चंद्रमा एन्सेलाडस और बृहस्पति का चंद्रमा यूरोपा शामिल है।

## 88 की उम्र में हीमैन ने बदला नाम, अब हुए धर्मेंद्र सिंह देओल

**मुंबई।** हीमैन ने 88 साल की उम्र में अपना नाम बदल दिया है। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में दिए गए शुरुआती क्रेडिट से पता चला कि धर्मेंद्र ने



अपने जन्म के समय दिए गए मिडिल नेम और सरनेम को अपने नाम के साथ जोड़ लिया है। फिल्म के क्रेडिट में उनका नाम धर्मेंद्र सिंह देओल लिखा गया है। बता दें, इडंस्ट्री में आने के 64 साल बाद उन्होंने नाम बदला है। इससे पहले धर्मेंद्र अपने नाम के साथ कुछ भी नहीं लगाते थे। धर्मेंद्र के बचपन का नाम धर्मेंद्र केवल किशन देओल है। हालांकि, अब तब हीमैन ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## सरकार को बर्खास्त कर लगाएं राष्ट्रपति शासनः उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी**



▸▸ कानून व्यवस्था को लेकर उद्धव ने मुख्यमंत्री शिंदे को घेरा

महाराष्ट्र में उद्धव गुट के नेता की हत्या के बाद शिवसेनाम (यूबीटी) और कई विपक्षी दलों ने शिंदे सरकार पर टिप्पणी की है। उद्धव ठाकरे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बुरी तरह से खराब हो रही है। मुख्यमंत्री शिंदे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने यह कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए, जिसके बाद नए सिरे से राज्य में चुनाव कराए जाएं।

बता दें गुरुवार शाम महाराष्ट्र स्थित दहिसर में शिवसेना(यूबीटी) के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से ही राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर विपक्षी दल आक्रमक हो गया है। उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार पर गुंडों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया है। वहीं शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर महाराष्ट्र में बेकाबू कानून व्यवस्था की स्थिति पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

बता दें, गुरुवार शाम शिवसेना नेता की स्थानीय व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता मौरिस नोरोन्हा ने फेसबुक लाइन के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले पर कहा कि नोरोन्हा ने बाद में खुद को ही मारा डाला।